राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 01 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 122, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254



नेशनल हाईवे पर कार पर पलटी डीसीएम नशे में धुत चालक की लापरवाही से हुआ हादसा..03

क्यों लड़ियां की सड़क पर भारी कीचड़ होने के साथ निकालने का संक्ट....06


# स्कूल में लड़कियों को मिले फ्री सैनिटरी पैड वरना मान्यता रद्द, सुप्रीम कोर्ट ने दिया ऐतिहासिक फैसला



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को लड़कियों और महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और समानता के बेहद अहम मुद्दे पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने मासिक धर्म स्वच्छता के अधिकार संविधान के आर्टिकल 21 के तहत जीवन और निजता के अधिकार का अहम हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे सभी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त में बायोडिग्रेडेबल (पर्यावरण के अनुकूल) सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराएं। यह फैसला जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट में स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मुफ्त सैनिटरी पैड और साफ-सुथरे शौचालय की सुविधा की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई चल रही थी। इसी पर फैसला देते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे सभी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों को फ्री में सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराएं।

जस्टिस पारदीवाला ने फैसला सुनाने से पहले कहा कि इस मुद्दे पर बात खत्म करने से पहले, हम कहना चाहते हैं कि यह घोषणा सिर्फ कानूनी सिस्टम से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है जहां लड़कियां मदद मांगने में हिचकिचाती हैं। यह उन शिक्षकों के लिए है जो मदद करना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण ऐसा नहीं कर पाते। प्रोग्रेस इस बात से तय होती है कि हम कमजोर लोगों की कितनी रक्षा करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि हर स्कूल में लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय हों। साथ ही, दिव्यांग छात्रों के लिए भी सुलभ शौचालय बनाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि यह नियम सरकारी और निजी, दोनों तरह के स्कूलों पर लागू होगा। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि अगर निजी स्कूल लड़कों और लड़कियों के लिए अलग शौचालय नहीं देते हैं या छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध नहीं कराते हैं, तो उन्हें मान्यता रद्द करने जैसी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

बेंच ने कहा कि माहवारी स्वच्छता तक पहुंच कोई दान या नीति का मामला नहीं है, बल्कि यह एक संवैधानिक अधिकार है। यह अधिकार गरिमापूर्ण जीवन जीने और अपने शरीर पर नियंत्रण रखने के अधिकार से आता है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि अगर सरकारें लड़कियों को शौचालय और मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने में नाकाम रहती हैं, तो उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा। कोर्ट ने यह भी माना कि बुनियादी सुविधाओं की कमी और माहवारी को लेकर समाज में बनी झिझक या शर्मिंदगी सीधे तौर पर लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और निजता को प्रभावित करती है।

कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि स्कूलों में काम करने वाले और स्वच्छ लिंग-विभाजित शौचालय हों। कोर्ट ने कक्षा 6-12 तक की किशोर लड़कियों के लिए स्कूलों में केंद्र सरकार की राष्ट्रीय नीति 'स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता नीति' को पूरे भारत में लागू करने का निर्देश दिया।

## हाईकोर्ट से दूसरी बार जमानत खारिज, फिर भी पुलिस की पकड़ से दूर अनिल राज; पीड़ित परिवार पर साजिश का खतरा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मितौली (लखीमपुर खीरी)।** मेडोलेक्स हॉस्पिटल के अनिल राज को इलाहाबाद हाईकोर्ट से करारा झटका लगा है। कोर्ट ने उसकी दूसरी अग्रिम जमानत याचिका (Second Anticipatory Bail Plea) भी सिरे से खारिज कर दी है। इसके बावजूद, मितौली पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। गंभीर आरोपों में घिरा आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

**कानून का डर खत्म**

हाईकोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद यह स्पष्ट है कि आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए या उसे सरेंडर करना चाहिए। लेकिन सूत्रों और स्थानीय लोगों का कहना है कि अनिल राज न केवल क्षेत्र में खुलेआम घूम रहा है, बल्कि अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानून का मजाक भी उड़ा रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर किस दबाव या प्रभाव के कारण मितौली पुलिस उसे गिरफ्तार करने में कतरा रही है?

**पीड़ित परिवार को फंसाने की साजिश**

मामला सिर्फ गिरफ्तारी न होने तक सीमित नहीं है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अनिल राज बाहर रहकर अपने गुर्गों के जरिए पीड़ित परिवार के खिलाफ साजिश रच रहा है। उन्हें झूठे मामलों में फंसाने और गवाहों को डराने-धमकाने की कोशिशें की जा रही हैं। पीड़ित परिवार दहशत के साये में है और उन्हें आशंका है कि अगर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो उनके साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है।

**मितौली पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान**

क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब देश का कानून और हाईकोर्ट आरोपी को राहत देने के मूड में नहीं है,तो स्थानीय पुलिस उसे 'अभयदान' क्यों दे रही है? क्या पुलिस किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है

**जनता की मांग: तत्काल हो गिरफ्तारी**

क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और पीड़ित परिवार ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि अनिल राज को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके और वे सुरक्षित महसूस कर सकें।

> खाकी की मिलीभगत हाईकोर्ट ने नकारी जमानत,फिर भी अनिल राज को गिरफ्तार नहीं कर रही मितौली पुलिस।

> अनिल राज पर पुलिस मेहरबान, पीड़ित परेशानः जमानत खारिज होने के बाद भी खुलेआम साजिश रच रहा मेडोलेक्स हॉस्पिटल का संचालक।

> मितौली पुलिस को खुली चुनौतीः हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी फरार नहीं, बल्कि खुलेआम घूम रहा है अनिल राज।


# कार्यालय नगर पंचायत मझौलीराज, देवरिया



एक कदम स्वच्छता की ओर





डॉ. शर्मा
विकास मंत्री

श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम
मा0 विधायक सलेमपुर/
राज्य मंत्री उ0प्र0

श्री रमाशंकर राजभर
मा0 सांसद
सलेमपुर

श्री योगीआदित्यनाथ
मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0
सरकार

गणतंत्र दिवस के शुभअवसर पर नगर पंचायत मझौलीराज अभिनन्दन वन्दन करती है तथा अपने नगरवासियों से निम्नलिखित अपेक्षा करती है कि:-

घर अथवा दुकान से जनित (generate) होने वाले गीला एवं सूखा कूड़ा को अलग-अलग डस्टबिन हरा तथा नीला) हरे में गीला तथा भीले ने सूखा कचरा में एकत्र करें।

हर के स्वच्छ रखने के लिए कड़े को नगर पंचायत के सफाई कर्मी को ही दें। कडे को किसी भी दशा में नाले/नाली . सडक अथवा खुले स्थान में फेंके और ना ही जलायें। कूड़ा खलें में पोकने से ही इक गन्दी होती है. सफाई कर्मियों के सफाई के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न रखें। ऐसी करना दण्डनीय अपराध है।

स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत खुले स्थान पर शौच न करें तथा नाले एवं नालियों में मल इत्यादि न बहाए। ऐसा करने पर आपके विरुद्ध कार्यवाही कदापि भासता मिशन' के अन्तर्गत प्रत्येक नागरिक अपने मकान में शौचालय बनवाये या शौच हेतु नगर पंचायत द्वारा निर्मित सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय का ही इस्तेमाल करें। खुले में शौच कदापि न करें।

नगर पचांयत को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर पंचायत के समस्त कर जो आप पर देय है समय से जमा करें।

भवन मानचित्र नियम के अन्तर्गत रहते हुए नगर पंचायत से स्वीकृत कराए भवन का निर्माण स्वीकृति मिलने के बाद ही कराएं।

अतिक्रमण एक संज्ञेय अपराध है सार्वजनिक नाला-नाली एवं सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण न करें।

जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन समय से अवश्य करायें, यह आगे आपको काम देगा।

नगर के प्रत्येक भवन स्वामी कम से कम दो वृक्ष अवश्य लगाए तथा अपना मकान नगर पंचायत में दर्ज करायें।

नगर में लगे पथ प्रकाश की सुरक्षा करना आपकी जिम्मेदारी है।

'पर्यावरण से नाता जोड़ो पालिथीन का उपयोग छोड़ों नगर पंचायत मझौलीराज में पालिथीन का प्रयोग पूर्ण तया प्रतिबन्धित है, कृपया इसका प्रयोग न करें, नाले-नालियों में पालिथीन से बहाव रुक जाता है। पाली बैग पर्यावरण के लिए खतरनाक है।

ठेले आदि यंत्र-तंत्र न लगाये निर्धारित स्थल पर ही खड़ा करे तथा ठेले का निःशुल्क पंजीकरण कराले अन्यथा ठेला हटवा दिया जायेगा।

नगर पंचायत द्वारा हटवाये गये अतिक्रमण के स्थान पर पुनः अतिक्रमण न करें ।

किसी भी समस्या के समाधान हेतु अधिशासी अधिकारी से प्रत्यक्ष मिलें।

**निर्वाचित सदस्य गणः**

नीता देवी 2-श्री शम्भू कुशवाहा 3-श्रीमती तेतरी देवी 4-श्री विकास 5- मो0 फारुख कुरैशी 6-श्री पिन्टू चौरसिया 7-श्रीमती तारा देवी 8-श्री मुहम्मद अशरफ 7-श्रीमती सीता देवी 10-श्रीमती आरती देवी 11-श्रीमती 12-श्रीमती दुर्गावती देवी 13 श्री विकास कुमार गुप्ता।

(श्रीमती बिन्दू मल्ल)
अध्यक्ष नगर पंचायत
मझौलीराज देवरिया

(श्रीमती दिव्या मित्तल)
जिलाधिकारी
देवरिया

(श्री प्रेम नरायन सिंह )
प्रभारी अधिकारी स्थानीय
निकाय अपर जिलाधिकारी
/देवरिया।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
मझौलीराज देवरिया।



# कार्यालय नगर पंचायत भलुअनी, जनपद-देवरिया

एक कदम स्वच्छता की ओर

**26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जापानीज इन्सेफ्लाईटिस/डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नगर पंचायत मटनी बाजार, देवरिया के नागरिकों से अपील**



सुरेंद्र चौरासिया जी
मा. विधायक रामपुर
कारखाना
देवरिया

1- ये नगर आपका है, इसे स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें।
2- अपने घरो से निकलने वाले कुड़े कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डाले। 3
स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के दृष्टिगत अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास करें।
4 अपने समस्त करों की अदायगी समय से करें।
5 भवन निर्माण करने से पूर्व नगर पंचायत से भवन मानचित्र की स्वीकृति अवश्य करा लें।
6 पथ प्रकाश को क्षतिग्रस्त न करें।
7 पालिथिन बैग का प्रयोग न करें, जूट एवं कागज से बने थैलों का प्रयोग करें।
8 नालों में धर का कुड़ा कचरा न डालें, नगर पचांयत द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही डालें।।
9 पर्यावरण हित में अधिक से अधिक पेड़ लगाये, एवं जल संसाधन का अपव्यय न करें।
10 सड़े गले पदार्थो सेवन न करें, एवं इन्डिया मार्का हैण्डपम्प का शुद्ध पेयजल का प्रयोग करें।
11 अपने घर के आस पास जल जमाव न होने दें, एवं जल जमाव वाले स्थानों पर मिटटी तेल/एण्टीलार्वा का छिड़काव करें।
12 खुले में शौच न जायें, घरेलु / सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें।
13 जन्म मृत्यु का पंजीकरण समयावधि के अन्दर करावें।
14 सामप्रदायिक सौहार्द बनायें रखें।
15 सरकारी स्वामित्व की भूमि / सड़कों/नालियों का अतिक्रमण न करें।

**सदस्यगण-** श्रीमती रानी देवी, श्री पोतन पासवान, श्री रमेश कुमार, कु0 निकिता राय, श्री अरविन्द यादव, श्री गिरिजेश यादव, श्री आदेश कुशवाहा, श्रीमती पूनम तिवारी, श्री विक्रम सिंह, श्री रामाश्रय यादव, श्रीमती प्रेमशीला, श्री शक्ति मद्धेशिया, श्रीमती रूपमणी, श्री अंगद सिंह।

(श्री प्रेम नरायन सिंह )
प्रभारी अधिकारी स्थानीय
निकाय अपर जिलाधिकारी
/देवरिया।

अमिताभ मणि
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भलुअनी
देवरिया

देवेश कुमार
अध्यक्ष नगर पंचायत
भलुअनी देवरिया

(श्रीमती दिव्या
मित्तल) जिलाधिकारी
देवरिया

विजय प्रकाश श्रीवास्तव
लिपिक
भलुअनी देवरिया



# कार्यालय नगर पंचायत भटनी बाजार, देवरिया

पत्रांक- 429 / न0500बी0/2025-26

दिनांक-29-01-2026

एक कदम स्वच्छता की ओर

**26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जापानीज इन्सेफ्लाईटिस/डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नगर पंचायत मटनी बाजार, देवरिया के नागरिकों से अपील**



सुरेंद्र चौरासिया जी
मा. विधायक रामपुर
कारखाना
देवरिया

1- सदैव घरेलू शौचालय प्रयोग करें खुलेशन पर शौच करना एक सामाजिक परा है अतएवं खुले स्थल पर शौच न करें एवं नाला नालीदहापैसा करने पर आपके विरुद्ध अपराधिक कार्यवाही की जा सकती है।
2- किसी भी प्रकार की प्यास्टिक धर्माकोल से बनी जैसे गिलास पोट बाली की सरकार द्वारा पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है इनका प्रयोग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक है इस लिये इसका प्रयोग कदापि न करें ये दण्डनीय अपराध है।
3- नगर पंचायत भटनी बाजार द्वारा नगर में लगाये गये वृक्षों को क्षति न पहुंचानकीक कर्तव्य है. पर्यावरण के हित में अधिक से अधिक पृक्षारोपड़ करें।
4- ये नगर आप का है नगर की साफ-सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।
5- नगर पंचायत मटनी बाजार का गृहकर आदि का समय से भुगतान करें।
6- भवन मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त ही भवन निर्माण कार्य करायें।
7- निकाय के सडक, नाली तथा भूमि पर अतिक्रमण न करें।
9- नाले-नालियो, तालाब, पोखरी में कूड़ा-कचरा न डाले।



(श्री विजय कुमार गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भटनी देवरिया

**निर्वाचित सदस्य गणः**

1. श्रीमती रविना यादव
2. श्रीमती पूनम बासफोर
3. श्री प्रियंक कुमार
4. श्री विनय कुमार सिंह
5. श्री सलीम अली
6. श्रीमती सुनीता देवी
7. श्री कुन्दन सिंह
8. श्री अजीत कुमार यादव
9. श्रीमती सुमन देवी
10. श्रीमती जूली देवी
11. श्री अशोक कुमार वर्मा
12. श्री मिथिलेश यादव

(श्री सुग्रीव कुमार)
लिपिक
नगर पंचायत भटनी
देवरिया

(श्री अमित कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भटनी
देवरिया

(श्री प्रेम नरायन सिंह )
प्रभारी अधिकारी स्थानीय
निकाय अपर जिलाधिकारी
/देवरिया।

(श्रीमती दिव्या
मित्तल) जिलाधिकारी
देवरिया

# संक्षिप्त खबरें

## रविदास जयन्ती मेले में अमहट घाट पर सफाई व प्रकाश व्यवस्था की मांग: सौंपा ज्ञापन



**बस्ती।** बस्ती जिले में डा. अम्बेडकर भगवान बुद्ध सामाजिक विकास मिशन समिति के संस्थापक अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार के साथ नागरिकों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि आगामी 1 फरवरी रविवार को कुंआनो नदी के अमहट घाट के निकट स्थित बाबा रमधनदास कुटी पर लगने वाले मेले के लिये विशेष साफ-सफाई कराया जाय। ज्ञापन में कहा गया है कि बाबा रमधनदास कुटी के सामने प्रति वर्ष रविदास जयन्ती पर मेला लगता है इसे देखते हुये कुटी और आस पास सड़क के किनारे साफ सफाई के साथ ही पथ प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाय जिससे लोगों को असुविधा न होने पाये। जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से ओम प्रकाश, अर्जुन, अमन राव, रामचन्द्र मौर्य, ब्रम्हानन्द, सौरभ गौतम, एडवोकेट ऋतुराज पाल, रन्धावा, जितेन्द्र आदि शामिल रहे।

## मतदाता सूची में नाम न होने वाले मतदाता फार्म-6 भरकर करे अप्लाई



**बस्ती।** बस्ती जिले के अपर जिलाधिकारी अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत अगला विशेष अभियान दिवस 31 जनवरी 2026 निर्धारित है। उक्त जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया है कि विशेष अभियान दिवस को पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 04:30 बजे तक समस्त पदाभिहित स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी एवं मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारी पर्याप्त संख्या में फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित), 6ए, 7 व 8 के साथ उपस्थित रहेंगे।उन्होने बताया कि ऐसे समस्त पात्र मतदाता जिनका नाम उक्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 06 जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वह निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित) भरकर संबंधित बूथ लेविल अधिकारी के पास जमा कर सकते हैं। इसी प्रकार अन्य प्रयोजनों हेतु सुसंगत फार्म भरकर जमा किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक सम्पन्न



**बलरामपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (10 फरवरी 2026) के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 को जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अधिकारी बलरामपुर बिपिन कुमार जैन ने की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने जानकारी दी कि जनपद में कुल 12,66,835 बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 10 फरवरी को दवा सेवन से छूट जाएंगे, उन्हें मॉप-अप राउंड के अंतर्गत 13 फरवरी 2026 को दवा दी जाएगी, ताकि कोई भी पात्र बच्चा अभियान से वंचित न रहे। जिला अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग तथा शिक्षा विभाग के जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिला अधिकारी ने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार, दवा वितरण की निगरानी तथा बच्चों की शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# विकास खंड हरैया मे टीए रघुनाथ पटेल व सचिव राम जस चौधरी ने ग्राम प्रधान क्रान्ती देवी के खिलाफ खोला मोर्चा

**●ग्राम प्रधान क्रान्ती देवी ने मनमानी तरीके से टीए व सचिव का फर्जी हस्ताक्षर कर भुगतान के लिए फ़ाइल करायाटीए व सचिव ने खण्ड विकास अधिकारी हर्रैया विनय कुमार द्विवेदी से किया लिखित शिकायतग्राम प्रधान क्रान्ती देवी के भ्रष्टाचार में मनरेगा एपीओ व बीडीओ की भूमिका संदिग्ध**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया विकासखंड हरैया अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के मनरेगा कार्यो को लेकर गंभीर अनियमितता का खुलासा हुआ है। तकनीकी सहायक (जेई) रघुनाथ पटेल व सचिव राम जस चौधरी ने आरोप लगाया है




कि ग्राम पंचायत बरहपुर में स्वीकृत दो परियोजनाओं की एमआईएस फीडिंग मनरेगा के निर्धारित नियमों को दरकिनार कर की गई है जिसकी जानकारी न तो टी ए जे ई व न तो सचिव को है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरहपुर में दो पक्की सड़क निर्माण कार्यों को मनरेगा एमआईएस पर दर्ज किया गया है। पहला कार्य पक्की सड़क से पंडित पुरवा तक खड़ंजा/पक्की सड़क निर्माण से संबंधित है, जिसकी आईडी 824909685 है। इस कार्य की फीडिंग 12 जनवरी 2026 को दर्शाई गई है। वहीं दूसरा कार्य रखिया के खेत से कन्हैया के चक तक खड़ंजा/ पक्की सड़क निर्माण का है, जिसकी आईडी 55824909685 बताई गई है। इसकी फीडिंग भी 12 जनवरी 2026 को की गई है। नियमों के अनुसार मनरेगा योजना के अंतर्गत किसी भी परियोजना की एमआईएस फीडिंग से पूर्व तकनीकी सहायक (टीए) द्वारा मापन पुस्तिका (एमबी) भरना अनिवार्य होता है। इसके बाद कार्य प्रभारी एवं सचिव/ग्राम पंचायत द्वारा हस्ताक्षर कर फाइल को ब्लॉक कार्यालय भेजा जाता है। सभी औपचारिकताओं के पूर्ण होने के उपरांत ही एमआईएस फीडिंग की अनुमति होती है। लेकिन आरोप है कि उक्त दोनों परियोजनाओं में न तो तकनीकी सहायक द्वारा एमबी पूर्ण की गई और न ही कार्य प्रभारी द्वारा आवश्यक हस्ताक्षर किए गए, इसके बावजूद फीडिंग कर दी गई। इससे मनरेगा प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं यदि ग्राम प्रधान क्रान्ती देवी के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच हो जाएं तो बहुत बड़े भ्रष्टाचार की पोल खुल सकती है। ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार को लेकर ञ्ज व सचिव ने लिखित शिकायत खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी से किया है और मामले की निष्पक्ष जांच करके भ्रष्टाचारी महिला ग्राम प्रधान क्रान्ती देवी के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है अब देखना यह है बीडीओ हरैया व डीसी मनरेगा संजय शर्मा द्वारा उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाही की जाती है ? जो जिले में एक चर्चा का विषय बना हुआ है।

## महिला जनसुनवाई का आयोजन चार फरवरी को

**ललितपुर।** प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने, शिकायतकर्ताओं की सुगमता के लिए 04 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी। बताया कि उ.प्र.राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से अपील की है कि जनसुनवाई में अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के साथ, मोबाइल नं., अपना आईडी प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि की छायाप्रति अवश्य लेकर आयें।

# बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमिलहा में मनरेगा घोटाला, सरकार के मंसूबे पर पलीता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती-** जिले के बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमिलहा में मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान,खंड विकास अधिकारी और एपीओ की मिलीभगत से मनरेगा के धन का गबन किया जा रहा है। चार परियोजना पर 40 लोगों की फर्जी तस्वीरें लगाकर फर्जी हाजिरी दिखाकर धन का गबन किया जा रहा है।

**एक तरफ सरकार जी राम जी को लेकर सुर्खियां बटोर रही है, दूसरी तरफ...**

सरकार जी राम जी के नाम से मनरेगा की योजना बनाने में लगी है, लेकिन बस्ती जिले के *बहादुरपुर* ब्लॉक में अधिकारी और ग्राम प्रधान सरकार के मंसूबे पर पलीता लगा रहे हैं। फर्जी हाजिरी और फर्जी तस्वीरें अपलोड कर मनरेगा के धन का गबन किया जा रहा है। सूत्रजिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना व मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल के सख्त आदेश के बाद भी ग्राम प्रधान और ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी सचिव मनमानी कर रहे हैं। फर्जी हाजिरी और फर्जी तस्वीरें अपलोड कर मनरेगा के धन का गबन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के सचिव फिरोज खान की भूमिका लग रही संदिग्ध। सूत्र भ्रष्टाचार के मामलेफर्जी हाजिरीङ्घ: मजदूरों की फर्जी हाजिरी दिखाकर धन का गबन। सूत्र अपलोडङ्घ: फर्जी तस्वीरें अपलोड कर धन का गबन। सूत्र ग्राम प्रधान और अधिकारियों की मिलीभगतङ्घ: ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी और एपीओ की मिलीभगत से भ्रष्टाचार।

# ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप, बच्चों का पेट पालने को कर रही मजदूरी

**●बाइक न देने पर महिला को घर से निकाला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर –** सुलतानपुर में एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि बाइक न देने पर उसे घर से निकाल दिया गया। अब वह मजदूरी करके अपने और बच्चों का पेट पाल रही है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया, जहां एसपी ल आदेश पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फतेहपुर, थाना गोसाईगंज निवासी सरिता पत्नी राहुल ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब 16 साल पहले राहुल पुत्र नारायण से हुई थी। शादी के छह महीने बाद से ही उसके पति राहुल, ससुर नारायण, सास फूलमति और देवर राजेंद्र एक मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। सरिता के मायके वाले बाइक देने की स्थिति में नहीं थे। इस बात पर ससुराल वाले उसे आए दिन प्रताड़ित करने लगे और जान से मारने की धमकी देते थे। अंततः उसे घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद वह अपने मायके में रहने लगी।

पीड़िता ने सुलतानपुर के दीवानी न्यायालय में गुजारा भत्ता का वाद दायर किया था। तीन साल पहले ससुराल वालों ने सुलहनामा कर लिया और वादा किया कि वे उसे अपने घर में रखेंगे और किसी प्रकार की तकलीफ नहीं देंगे। हालांकि, सुलह के बाद भी ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। उन्होंने दोबारा सरिता को मारना-पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार, वह मई से अपने मायके में रह रही है और किसी तरह मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट भर रही है। उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि एसपी के आदेश पर तहरीर के अनुसार केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## ईटीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्री दत्त गंज का निरीक्षण, डेंगू प्रोटोकॉल व व्यवस्थाएं संतोषजनक



**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर।** आज दिनांक 31जनवरी 2026 को ईटीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डेंगू प्रोटोकॉल के अनुपालन, दवाओं की उपलब्धता तथा साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया, जो संतोषजनक पाई गई। हालांकि निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां भी चिन्हित की गई, जिनके शीघ्र सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि डेंगू से बचाव एवं उपचार से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। भ्रमण के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आनंद त्रिपाठी, जिला मलेरिया अधिकारी श्री राजेश पाण्डेय तथा इपीडेमियोलॉजिस्ट डॉ. श्याम श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सभी ने आपसी समन्वय से कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया।

# विधायक सुरेश पासी ने किया पीपा पुल निर्माण का भूमि-पूजन

**●क्षेत्र को मिली विकास की नई सौगात दो जनपदों को जोड़ेगा यह पुल**

**अयोध्या से घटेगी अमेठी की दूरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार,अमेठी-** विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के विकासखंड शुकुल बाजार अंतर्गत ग्राम सभा किशनी स्थित किशनी घाट पर नवनिर्मित पीपा पुल के निर्माण हेतु विधायक सुरेश पासी ने विधि-विधानपूर्वक भूमि-पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। यह बहुप्रतीक्षित पीपा पुल क्षेत्रवासियों के लिए केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही कठिनाइयों के समाधान और विकास की नई दिशा का प्रतीक बनेगा।इस पुल के निर्माण से सैकड़ों ग्राम सभाओं को सीधा लाभ मिलेगा। बरसात के मौसम में आवागमन की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब सुरक्षित, सुगम एवं स्थायी आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य,



व्यापार और रोजगार के अवसरों को भी बल मिलेगा।भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश पासी ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास निरंतर गति पकड़ रहा है।विधायक ने क्षेत्र की जनता के विश्वास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनसेवा, विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने पीपा पुल निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया, दो जनपदों को जोड़ेगा यह पुल अयोध्या से घटेगी अमेठी की दूरी।

# आंगनबाड़ी भर्ती में रिश्वतखोरी का पर्दाफाश,तीन आरोपी गिरफ्तार

**●1.40 लाख रुपये लेकर नियुक्ति दिलाने का आरोप, कोतवाली नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर 1.40 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में बलरामपुर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला थाना कोतवाली नगर क्षेत्र का है, जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय भेजा गया। जानकारी के अनुसार 29 जनवरी 2026 को जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तखार अहमद द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया। जिलाधिकारी को प्राप्त शिकायत के क्रम में गठित जांच समिति द्वारा की गई जांच में सामने आया कि बाल विकास परियोजना कार्यालय तुलसीपुर में तैनात तत्कालीन परियोजना लिपिक जमुना प्रसाद ने मुन्नालाल जायसवाल उर्फ साधू जायसवाल के माध्यम से एक अभ्यर्थी की पत्नी को आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नियुक्त



कराने हेतु 1.40 लाख रुपये की रिश्वत ली। इस अवैध लेन-देन में तत्कालीन चयन पटल सहायक रामसुचित वर्मा की संलिप्तता भी पाई गई।

जांच आख्या के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 29/26 धारा 7 व 8 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को बिजलीपुर बाईपास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्नालाल जायसवाल उर्फ साधू जायसवाल निवासी जयनगरा, जमुना प्रसाद तत्कालीन परियोजना लिपिक बाल विकास परियोजना कार्यालय तुलसीपुर तथा रामसुचित वर्मा तत्कालीन चयन पटल सहायक विकास भवन बलरामपुर शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि आंगनबाड़ी भर्ती में शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को बुलाकर उनसे धनराशि की मांग की जाती थी। जांच में दो अभ्यर्थियों से क्रमशः 90 हजार और 1.40 लाख रुपये की मांग किए जाने का भी खुलासा हुआ है। पूछताछ के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि रुपये के लेन-देन में मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जाता था। मोबाइल से प्राप्त विवरण के अनुसार अवैध धनराशि का उपयोग शेयर मार्केट तथा जमीन-जायदाद की खरीद-फरोख्त में किया गया। मामले की गहन विवेचना जारी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री, उपनिरीक्षक शम्भू तिवारी, कांस्टेबल इन्द्रेश कुमार एवं कांस्टेबल अनुज कुमार यादव शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पीएचसी सल्टौआ में खुले में मेडिकल वेस्ट जलाने पर एसडीएम से हुई शिकायत

**●-मरीजों के स्वास्थ से खिलवाड़ करने का डॉ. अमित कन्नौजिया पर लगा आरोप प्रदूषण एवं दुर्गंध पर रोक लगाने के बजाए खुले में बेस्ट जलवाने पर स्वास्थ विभाग पर उठ रही ऊंगली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंसरकारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन कर मेडिकल कचरा खुले में जलाने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सल्टौआ में प्रदूषण फैल रहा है,जिससे स्वास्थ्य केन्द्र के मरीजों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वही मरीजों के स्वास्थ से खिलवाड़ करने का डॉ. अमित कन्नौजिया पर आरोप लग रहा है। कि यह स्वास्थ्य




सुविधा में ही प्रदूषण के गंभीर जोखिम को दर्शाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सल्टौआ में मेडिकल कचरे का निपटान सही तरीके से न करके उसे खुले में जलाया जा रहा है।प्रदूषण के कारण भर्ती मरीजों की सांस संबंधी दिक्कतें और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं।प्राप्त समाचार के अनुसार विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सल्टौआ के परिसर में मेडिकल अपशिष्ट जलाए जाने के मामले को लेकर शिकायतकर्ता जमुना पांडे ने उप जिलाधिकारी भानपुर को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि अस्पताल परिसर में डॉ. अमित कनौजिया के निर्देश पर मेडिकल वेस्ट को खुले में /अवैध तरीके से जलाया जा रहा है।जिससे एक्सपायर दवाइयों /बेस्ट को जलाने से बहुत ज्यादा धुआं जहरीली बदबू और प्रदूषण फैल रहा है।प्रदूषण एवं दुर्गंध पर रोक लगाने में असमर्थ डॉ. अमित कन्नौजिया के कार्यशैली पर ऊंगली उठ रही है। डाँ की मनमानी पूर्ण तरिके से कार्य करने से विभाग की किरकिरी हो रही है।शिकायतकर्ता ने इस मामले में तत्काल जांच करा कर संबंधित विभाग को निर्देशित करने व मेडिकल बेस्ट का निस्तारण नियमों के अनुसार किए जाने पर तथा खुले में जलाने पर रोक लगाई जाए की मांग की है। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत आईजीआरएस पर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।वही बडे अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कचरा गड्ढा खोदकर डिस्पोज होना चाहिए,न कि जलाना चाहिए।

# भारतीय भाषाओं के सह-अस्तित्व का सिलसिला बहुत पुराना

**●प्रो. निरंजन सहाय ने राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर –** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर निरंजन सहाय ने कहा कि भारतीय भाषाओं के सह-अस्तित्व का सिलसिला बहुत पुराना है। उन्होंने भाषा को लेकर किसी भी विवाद को अनावश्यक बताया। प्रोफेसर सहाय विवेकानंद सभागार में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन के प्रथम सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा इतिहास बिना सोचे-समझे देश में भाषा विवाद की अनुमति नहीं देता। भारत में भाषाई संवाद में कभी कोई दिक्कत नहीं रही। उन्होंने आगे कहा कि निर्गुण और सगुण आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन तक संवाद की भाषा को लेकर कोई विवाद नहीं था। आजादी के बाद राजनीतिक कारणों से भाषा विवाद पैदा किए गए। भारतीय भाषा



की अवधारणा को ठीक तरह से समझना जरूरी है। विशिष्ट वक्ता हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गजेंद्र पाठक ने भारतीय शिक्षा के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्व का पहला विश्वविद्यालय भारत में स्थापित हुआ था, जहां हजारों साल पहले 32 देशों के विद्यार्थी तक्षशिला में शिक्षा ग्रहण करते थे। नालंदा विश्वविद्यालय में भी हजारों साल पहले सिंघली और तिब्बती व्याकरण का निर्माण किया गया था। प्रोफेसर पाठक ने कहा कि दुनिया के अन्य देशों में विश्वविद्यालय तब शुरू हुए जब भारत के प्राचीन विश्वविद्यालय नष्ट हो चुके थे। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विजय कुमार राय ने कहा कि अंग्रेजों के आगमन से पहले भारत में कभी भाषा को लेकर कोई संघर्ष नहीं था। उन्होंने भारतीय भाषाओं के बीच गहरे अंतर्संबंध पर जोर दिया और कहा कि संवेदना के स्तर पर सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं। मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, राजस्थान के प्रोफेसर सुरेंद्र कटारिया ने विकास में भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने भाषा के दुरुपयोग के प्रति सजग रहने की आवश्यकता बताई। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने पाश्चात्य चिंतकों की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी विभेदकारी सोच ने भारतीय भाषाओं में विभाजन के बीज बोए। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य दृष्टि कभी एकत्ववादी नहीं रही। वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि भाषा का स्वभाव ही साझा होता है और कोई भी जीवित भाषा प्रचलित शब्दों से परहेज नहीं करती। इस अवसर पर प्रोफेसर निशा सिंह, प्रोफेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार, प्रोफेसर रंजना पटेल, डॉ आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ विभा सिंह, डॉ ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, यशस्वी प्रताप सिंह, अभिषेक शुक्ल समेत अनेक महाविद्यालयों के शिक्षक , शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। विभिन्न सत्रों में डॉ अखिलेश सिंह, डॉ संतोष अंश, श्रीकांत सिंह, वीरेंद्र गुप्ता आदि ने शोधपत्र प्रस्तुत किया।

# एसपी अमेठी द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण को दी गयी विदाई

**●थाना बाजार शुक्ला में तैनात उप निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर हुए सेवानिवृत्त**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी ।** जनपद अमेठी में नियुक्त उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी, अनुचर कुमार प्रसाद शर्मा को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र



प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई, साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे-फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी/कर्मचारी गण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन श्री श्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। वही शुकुल बाजार थाने में तैनात उप निरीक्षक तथा उरेरमऊ चौकी के इंचार्ज रहे सत्य प्रकाश तिवारी ने कहा कि थाना क्षेत्र शुकुल बाजार अंतर्गत दी गई सेवाएं यादगार रहेंगी बताते चले अपने तेज तर्रार और ईमानदार छवि के चलते उप निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी का शुक्ल बाजार कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा।

## विकासखंड पचपेड़वा में कुष्ठ स्पर्श जागरूकता अभियान, बच्चों व ग्रामीणों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-**जनपद बलरामपुर के विकासखंड पचपेड़वा अंतर्गत चंदनपुर स्थित शिशु वाटिका शिक्षण संस्थान में कुष्ठ स्पर्श जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के साथ ग्रामीणों को कुष्ठ रोग की पहचान, रोकथाम एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित वी.डी. मिश्रा (एनएमएस) ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर



सुन्नपन या चकत्ते दिखाई दें तो इसे हल्के में न लें। ऐसे लक्षण पाए जाने पर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निःशुल्क उपचार कराया जा सकता है। समय पर इलाज से कुष्ठ रोग पूरी तरह साध्य है और इससे परिवार व समाज दोनों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

विद्यालय के प्रबंधक रमेश कुमार तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कुष्ठ स्पर्श जागरूकता अभियान का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से उनके परिवारों तक सही जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने बच्चों को इस बीमारी से बचाव एवं समय पर इलाज कराने के तरीकों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने जागरूकता अभियान की सराहना की और इसे समाज के लिए उपयोगी पहल बताया। अभियान से क्षेत्र में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोगों में फैली भ्रांतियां दूर होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला सहकारी बैंक के वरिष्ठ कैशियर वीरेंद्र पाण्डेय सेवानिवृत्त



**बिसवां सीतापुर** जिला सहकारी बैंक शाखा जहांगीराबाद के वरिष्ठ कैशियर वीरेंद्र पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से शाखा बिसवा मे सम्पन्न हुआ। इसमें शाखा प्रबंधक बिसवां अमित सिंह ने उनके साफ सुथरे कार्यकाल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला सौंपी। वहीं संदीप सिंह ने धार्मिक पुस्तक भेंट की। जहांगीराबाद, सकरन, रेउसा, सांडा, सदरपुर एवं भूमि विकास बैंक के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### ए0ई0आर0ओ0 ने किया बूथों का निरीक्षण



**जहांगीराबाद (सीतापुर)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार 31 जनवरी को विधानसभा 150 सेवता अन्तर्गत बिसवां तहसील के मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट जहांगीराबाद पर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ लगाकर नये मतदाताओं के लिए फार्म-6 तथा परिवर्धन के लिए फार्म- 8 भरवाने का कार्य किया गया। इस दौरान बूथ संख्या 265 से 272 का निरीक्षण ए0ई0आर0ओ0 आशाराम ने किया। उनके साथ सुपरवाइजर के रूप में क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव भी मौजूद थे। निरीक्षण में ए0ई0आर0ओ0 ने सभी बीएलओ से फार्म 6 व 8 की उपलब्धता तथा उन्हें भरे जाने के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा नोटिसों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर बीएलओ सुनीता वर्मा, अफरोज जहां, मेहनाज बेगम, फिरोज आलम, शीला श्रीवास्तवा, निशा वर्मा, सुमन कुमारी वर्मा, सुनीता देवी वर्मा एवं प्रधान प्रतिनिधि मुशीर अहमद, बीएलए सुधाकर मिश्र, कन्हैया रस्तोगी व वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

### जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन संपन्न




**रायबरेली:** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमोद कंठ द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार की पाकशाला, महिला बैरक, जेल चिकित्सालय, लीगल ऐड क्लीनिक व वीडियो कान्फ्रसिंग कक्ष का अवलोकन किया गया। जेल चिकित्सालय में सचिव द्वारा मानसिक रोग से ग्रस्त बन्दियों से बात कर उनका हालचाल जाना गया। सचिव द्वारा महिला बन्दियों को स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता की उपलब्धता के बाबत जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार की जानकारी दी गई तथा यह भी बताया गया कि जिन बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है। निरीक्षण के दौरान व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में अनीशा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम, जेलर हिमाशुँ रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव व जेल चिकित्साधिकारी डा0 सुनील अग्रवाल, उपकारापाल अंकित गौतम, जनमेजय सिंह व सुमैया परवीन उपस्थित रही।

# नेशनल हाईवे पर कार पर पलटी डीसीएम नशे में धुत चालक की लापरवाही से हुआ हादसा, सात लोग सुरक्षित बचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के कोतवाली नगर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) पर देर रात एक सड़क हादसा हुआ। लखनऊ से शाहजहांपुर जा रही एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार पर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार सात लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना बहुगुणा अंडरपास के समीप हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डीसीएम (संख्या यूपी 75 एटी 6102) का चालक शराब के नशे में धुत था और लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित हो गया अनियंत्रित डीसीएम शाहजहांपुर से लखनऊ की ओर जा रही अर्टिगा कार (संख्या यूपी 34 सीए 0578) के बोनट पर पलट गई। अर्टिगा में कुल सात लोग सवार थे। डीसीएम के बोनट पर पलटने के कारण किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद डीसीएम और अर्टिगा आपस में फंस गए,

जिससे शाहजहांपुर से लखनऊ जाने वाला लेन पूरी तरह बाधित हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कनवाखेड़ा बाईपास पुल से यातायात का डायवर्जन किया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। सूचना मिलने पर कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाकर सड़क को साफ कराया गया। पुलिस ने डीसीएम और अर्टिगा दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है प्रारंभिक जांच में डीसीएम चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ नशे में वाहन चलाने और लापरवाही से जान जोखिम में डालने के आरोप में कार्रवाई शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक स्वाति चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है!!

### पुल न बना तो नागरिक करेंगे तहसील मिश्रिख का घेराव:-सुनीता चौधरी

#### सरोजनी गौतम और शिखा बर्मा ने की आंदोलन की घोषणा



**सीतापुर।** जनपद के ग्राम हरैया और नेवादा के बीच में सराय नदी पर बना लकड़ी का पुल 14 जनवरी को पुल टूट जाने से कई लोगों को चोट और कई लोग घायल हो गए तब से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज पुल क्षेत्र मे सुनीता चौधरी ने गांव के लोगों से मुलाकात की और उनको आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस पर अगर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो मिसरिख तहसील का घेराव किया जायेगा। इस अवसर पर कांग्रेस युवा महिला नेता सरोजनी गौतम और छात्र कांग्रेस नेता शिखा बर्मा ने कहा क्षेत्रीय विधायक और पूर्व विधायक ने क्षेत्र की गहरी उपेक्षा की है इसके खिलाफ और क्षेत्रीय विकास को लेकर आंदोलन तेज किया जायेगा, इस दौरान गांव के कुछ वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे,राम सहारे, सुंदर लाल श्रीपाल कश्यप, सतीश, सौबरन, मुलायम (प्रधान) मौजूद रहे।

## निष्क्रिय सीएचओ के वार्षिक मानेदय वृद्धि में लगी रोक

### ● डीएम ने डीएचएस की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, सीएमओ ने लिखा पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान निष्क्रिय एवं बेहद कम काम करने वाले कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर (सीएचओ) की कार्यशैली को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देश पर सीएमओ सुरेश कुमार ने वार्षिक मानदेय वृद्धि को तत्काल प्रभाव से बाधित कर दिया है। एनसीडी स्क्रीनिंग में न्यूनतम कार्य करने वाली सीएचओ कसमंडा सीएचसी के चौड़िया उपकेंद्र की उपासना एवं बम्हेरा की अन्नपूर्णा दीक्षित, हरगांव के गुरधपा उपकेंद्र की अमिता दीक्षित, मिश्रिख के भिठौली की नीलम यादव, मछरेहटा के रालामऊ उपकेंद्र की उषा श्रीवास्तव एवं किन्हौटी की अदिति डैनियल, रेउसा के रंडा कोडर के रोहित यादव, लहरपुर के पटवारा की अंशिका, परसेंडी के सोहेतारा की संगीता देवी एवं ऐलिया के कमोलिया की प्रियंका पांडेय के मानदेय की वार्षिक वृद्धि को रोक दिया गया है।

इसी तरह ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन में न्यूनतम कार्य करने वाली सीएचओ मिश्रिख सीएचसी के भिठौली उपकेंद्र की नीलम यादव, लकड़ियामऊ की रेनू देवी, हरगांव सीएचसी के गुरधपा उपकेंद्र की अमिता यादव, सिधौली के मुकीमपुर की संजना, मछरेहटा के जटपुरवा की सुषमा देवी और सिधौली के खरतोहना की पलक शुक्ला और सबसे कम आभा आईडी बनाने वाली सीएचओ महोली सीएचसी के कैथा उप केंद्र की स्वाती मिश्रा, मिश्रिख के नीमसार की प्रियंका कुमारी, मछरेहटा के जालेपारा के दिनेश कुमार, परसेंडी के मजलिसपुर की पूजा दीक्षित, गोंदलामऊ के औरंगाबाद की शोभा गौतम और बालपुर की आशा देवी, सिधौली के खरतोहना उपकेंद्र की पलक शुक्ला, लहरपुर के अनिया कला की लक्ष्मी राज, खैराबाद के जैतीखेड़ा द्वितीय की प्राची मिश्रा, बेहटा के सोहरिया के राहुल वर्मा और रेउसा के थानगांव उपकेंद्र की रूचि मिश्रा के मानदेय की वार्षिक वृद्धि को रोक दिया गया है।

## 36 घंटे बाद भी नहीं मिला आरोपी, बुजुर्ग से दुष्कर्म मामले में एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के चकपंचम गांव के पास बुजुर्ग से दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। मामले में शनिवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मातहत अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार शाम करीब आठ बजे 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला घर से लगभग 200 मीटर दूर शौच के लिए गई थी। इसी दौरान अज्ञात नकाबपोश युवक ने उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस और एसओजी टीम को लगाया गया है, लेकिन 36 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

इससे पहले शुक्रवार देर शाम एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा भी मौके पर पहुंचकर जांच कर चुके हैं। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस क्षतिग्रस्त रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत में लगे श्रमिकों से भी पूछताछ कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में पुलिस कार्रवाई को लेकर आक्रोश भी देखा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### उत्तर प्रदेश में छह आईएएस अधिकारी का तबादला, एक को मिला अतिरिक्त प्रभार

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश शासन ने शनिवार रात छह आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसके साथ ही एक अफसर को अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। शासन ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप को आगरा मंडल का कमिश्नर बनाया है। मऊ के मुख्य विकास अधिकारी यानी सीडीओ प्रशांत नागर को फिरोजाबाद का नगर आयुक्त और फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। लोक सेवा आयोग में तैनात उप सचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव को मऊ का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनाती मिली है। गाजियाबाद की संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉक्टर पूजा गुप्ता को मथुरा का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद को वर्तमान पद के साथ ही इसी विभाग के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## क्षेत्र के हलोर बाजार स्थित कृषि मंडी परिसर में जलभराव से मिलेगी निजात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के हलोर बाजार स्थित कृषि मंडी परिसर में वर्षा के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारतीय द्वारा की गई शिकायत का असर अब दिखाई देने लगा है। विधायक श्यामसुंदर भारतीय ने 24 दिसंबर 2025 को कृषि उत्पादन मंडी समिति बछरावां को लिखित पत्र भेजकर मंडी परिसर में जगह-जगह पानी भर जाने की समस्या से अवगत कराया था और शीघ्र समाधान की मांग की थी।

आपको बता दें कि, विधायक की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने मामले की जांच कराई और हलोर बाजार स्थित मंडी स्थल की वास्तविक स्थिति से संबंधित रिपोर्ट कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार अनुभाग, उत्तर प्रदेश को अपने पत्र के माध्यम से प्रेषित की। रिपोर्ट में मंडी परिसर की मौजूदा स्थिति, जलनिकासी की समस्या और संरचनात्मक कमियों का उल्लेख किया गया है।

उक्त प्रकरण के क्रम में 7 जनवरी 2026 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश सिंह ने भी शिकायत का संज्ञान लिया। उपनिदेशक निर्माण, मंडी परिषद के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी समिति बछरावां से मंडी स्थल के सुधार एवं मरम्मत का विस्तृत प्रस्ताव तलब किया है। इसके साथ ही मंडी परिसर की मरम्मत कर उसे ऊंचा कराए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए पत्र भी प्रेषित किया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने हलोर मंडी में बारिश के समय होने वाले जलभराव की समस्या



को प्रमुखता से उठाया था। इसके अलावा उन्होंने मंडी परिषद की बैठकों में भी लगातार जलभराव की समस्या को लेकर अपनी बात रखी थी। अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि, जैसे ही सुधार एवं मरम्मत का प्रस्ताव स्वीकृत होगा, हलोर बाजार स्थित मंडी स्थल की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा तथा उसकी ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। इससे बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव से राहत मिलेगी और किसानों व व्यापारियों को सुचारु रूप से आवागमन एवं व्यापार करने में सुविधा होगी।

## आरेडिका में हिंदी नाटक गब्बर बना बब्बर का मंचन जागरूकता का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) के सरस्वती प्रेक्षागृह में शुक्रवार को हिंदी मौलिक नाटक गब्बर बना बब्बर का मंचन किया गया। नाटक के जरिए कलाकारों ने सतर्कता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी, राजभाषा अधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। आरेडिका के राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित।

नाटक ने समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का एक अन्य उद्देश्य हिंदी भाषा, साहित्य और रंगमंच के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना था। साथ ही सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना भी इस आयोजन का लक्ष्य रहा। मंचन के दौरान कलाकारों ने सशक्त अभिनय प्रस्तुत किया। संवाद अदायगी शानदार व प्रभावी रही। मंच सज्जा बेहद आकर्षक रही। इससे दर्शक पूरे समय नाटक से जुड़े रहे। नाटक समाप्त होने पर दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आरेडिका के पीआरओ अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि नाटक के जरिए दर्शकों को सकारात्मक सोच और जिम्मेदार व्यवहार का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उप मुख्य राजभाषा अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा और रंगमंच के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इस तरह के साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा। आयोजन की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी भाषा के महत्व से जोड़ने का कार्य किया।

## सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली/**गुरुबख्श गंज मे सर्वजन हिताय फाउंडेशन के तत्वाधान मे सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन हुआ। जिसमे जनपद की गरीब परिवार की बेटियों का धूम धाम से सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ मुख्य अतिथि पूर्व आई पी एस डा0 बी पी अशोक, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक राहुल लोधी, त्रिवेणी पाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के संरक्षक चन्द्रशेखर संत ने की कार्यक्रम आयोजक सर्वजन हिताय फाउंडेशन संस्थापक अध्यक्ष सत्येश गौतम ने 8जोडों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर गरीब परिवार की बेटियों को उपहार मे रोजमर्रा की उपयोग किए जाने वाले 29 तरह के उपहार स्वरूप भेंट किए ।वही फाउंडेशन के मुख्य सहयोगी ,मोहित कुमार, नीरज हंस शिक्षक, विश्वनाथ प्रसाद शिक्षक धीरज सोनकर प्रबंधक/व्यवस्थापक ,प्रदेश संयोजक ब्रजेश स्वतंत्र, मुख्य संयोजक



राजीव गौतम, महासचिव अब्दुल रहमान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा, प्रचार प्रसार प्रभारी महेश लोधी, सरवन यादव उपाध्यक्ष, सरवन गौतम, कमलेश गौतम सचिव, शिवम गौतम, सचिन रावत, आकाश गौतम को फाउंडेशन मे कार्यकारिणी सदस्यों ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। फाउंडेशन के पदाअधिकारीयों ने बारातियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर बीरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, शिवबहादुर लोधी, ज्योति गौतम, विनय कुमार, सुनील कुमार आदि लोगो ने वर वधू की विदाई कर कार्यक्रम सफल बनाए।

### न्यायिक अधिकारी को तीन बार आया अंजान नंबर से कॉल, धमकी देते हुए मांगी 10 लाख रुपये की चौथ

**आगरा।** दीवानी में तैनात न्यायिक अधिकारी को फोन पर धमकी दी गई। उनसे 10 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने हरीपर्वत थाने में मुकदमा दर्ज काया है। थाना पुलिस के साथ ही साइबर टीम जांच कर रही है। अतिरिक्त सीजेएम बटेश्वर कुमार ने दर्ज मुकदमे में कहा है कि 29 जनवरी को रात नौ से 10 बजे के बीच उनके मोबाइल पर तीन अलग-अलग नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने गाली गलौज की। साथ ही 10 लाख रुपये देने की मांग की। रुपये न देने पर आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने पुलिस को तीनों नंबरों की जानकारी दी है। हरीपर्वत थाना पुलिस के साथ ही साइबर टीम जांच में जुटी है। मोबाइल नंबर किसके नाम पर हैं, इसकी जानकारी जुटाने के साथ ही पुलिस लोकेशन तलाश रही है। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि गाली गलौज का मामला है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। अतिरिक्त सीजेएम को जानकारी के लिए कॉल की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## भारत सिंह इण्टरमीडिएट कालेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश रा'य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव कमल पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी के निर्देशन में पट्टी तहसील क्षेत्र के भारत सिंह इंटरमीडिएट कालेज कुहिया पट्टी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नशा निषेध, मु यमंत्री बाल सेवा योजना एवं कुष्ठ रोग जागरूकता व बचाव विषयों पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसीलदार पट्टी एवं सचिव तहसील विधिक सेवा समिति पवन कुमार सिंह ने कहा कि नशा मुक्त समाज से ही बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है। नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पतन की ओर ले जाता है। उन्होंने बताया कि नशे से गंभीर रूप से ग्रसित व्यक्ति जनपद में स्थापित नशा मुक्ति केंद्रों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आमजन के लिए निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था उपलब्ध है। इसके लिए तहसील परिसर में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है, जहां लोग अपनी कानूनी समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश जायसवाल ने कुष्ठ रोग के लक्षण, सावधानियां एवं बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार सिंह ने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रभारी लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी राम प्रकाश पाण्डेय ने मु यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) की जानकारी देते हुए बताया कि जिन ब'चों के माता या पिता की मृत्यु 1 मार्च 2020 से अब तक हुई है, वे इस योजना के अंतर्गत पात्र हैं। योजना के तहत एक माता-पिता के अधिकतम दो ब'चों को प्रति ब'चा रूपये 2500 प्रति माह भरण-पोषण एवं शिक्षा हेतु महिला कल्याण विभाग/जिला प्रोबेशन अधिकारी के माध्यम से प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में प्रशांत सिंह, राजेश कुमार यादव, राजेंद्र वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### फार्मासिस्ट वीरेंद्र बिरथरे के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई

**महरौनी।** शासकीय आयुर्वेद अस्पताल महरौनी में कार्यरत फार्मासिस्ट वीरेंद्र बिरथरे शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर अस्पताल परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी सं या में चिकित्सक, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मु य अतिथि डॉ. श्रद्धा जैन एवं विशिष्ट अतिथि भरत जैन रहे। इस अवसर पर अतिथियों एवं उपस्थित जनों द्वारा बिरथरे शर्मा को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स मानित किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि वीरेंद्र बिरथरे ने अपने दीर्घ सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य किया। आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं के विस्तार एवं मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में उनका योगदान सराहनीय रहा। उनके कार्य व्यवहार एवं सहयोगात्मक स्वभाव की सभी ने प्रशंसा की। मु य अतिथि डॉ. श्रद्धा जैन ने कहा कि विरथरे जैसे अनुभवी कर्मचारी किसी भी शासकीय संस्था की महत्वपूर्ण धरोहर होते हैं। उन्होंने अपने कार्य से न केवल अस्पताल की गरिमा बढ़ाई, बल्कि सहकर्मियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में वीरेंद्र बिरथरे शर्मा ने सभी सहयोगियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन उन्हें उ'वल भविष्य एवं स्वस्थ सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाओं के साथ किया गया। इस मौके पर किशन चंद राजपूत, प्रकाश त्रिपाठी सिलावन,उमेश त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद, महेंद्र सिंह, अनामिका, धर्म सिंह,नीरज ,सनद कुमार , सुरेंद्र सिंह, अर्पित शर्मा ,अजय पांडेय, आशाराम कुशवाहा, विनोद साहू, सुधीर साहू, तेजपाल यादव, नंदकिशोर,बालचंद प्रजापति, आनंद प्रजापति, विपिन बिरथरे, जान्हवी बिरथरे उपस्थित रहे।

## स्कूल की विंगर वैन में सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रेटा कार ने टक्कर मार दी

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज कस्बा स्थित एस जे एस पब्लिक स्कूल की विंगर वैन में सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रों को लेकर जा रही विंगर वैन सड़क किनारे खाई में पलट गई। आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर स्कूली वाहन को सीधा करके छात्रों को बाहर निकाला। घटना शनिवार दोपहर करीब पौने तीन बजे की है। छात्रों को घर छोड़ने के लिए विंगर वैन हैदरगढ़ मार्ग पर फायरब्रिगेड से आगे बने कुबना नैय्या पुल के पास जैसे ही पहुंची तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रेटा कार ने विंगर वैन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रों से भरी विंगर वैन सड़क किनारे खाई में पलट गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़कर स्कूल वाहन को सीधा करके छात्रों को बाहर निकाला। स्कूल वाहन चालक गंगा प्रसाद अवस्थी ने बताया कि घटना के समय विंगर वैन में 14 छात्र सवार थे। घटना में कई छात्र घायल हो गए। सभी घायल छात्रों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने सभी घायल छात्रों का इलाज किया। चिकित्सक अनिल भरद्वाज ने बताया कि घटना में अरुणिमा, आदर्श, शिफा, अदिति सिंह, तनिष्क, स्वप्निल, आराध्या



श्रीवास्तव, शिवानी, कार्तिक समेत नौ चोटिल छात्रों का इलाज किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची सभी छात्रों को इलाज के बाद दूसरी गाड़ी से सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि क्रेटा कार के चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा माह का हुआ विधिवत समापन

### गोल्डन ऑवर का एसपी ने समझाया महत्व, दी राहवीर योजना की जानकारी

**ललितपुर।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2026 मनाये जाने के क्रम में सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह एआरटीओ कार्यालय में डीएम सत्य प्रकाश की अध्यक्षता एवं एसपी मो.मुश्ताक के मु य अतिथ्य में स पन्न हुआ। जिसमें पीडब्लूडी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिले की सड़कों व दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर कराये गये कार्यों की जानकारी दी। एएसपी कालूराम ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जानकारी दी। सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता से स बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किये। एसपी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को गोल्डन आवर में निकटतम चिकित्सालय में पहुंचाने की अपील कर शासन द्वारा राहवीर योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपये पुरूस्कार धनराशि प्रदान किये जाने की जानकारी दी। एसपी ने नामित राहवीर की तुलना सीमा पर लड रहे सैनिकों से की। एआरटीओ विपिन कुमार ने समस्त नोडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किये गये कार्यों के बारे में बताया। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन मानस को सावधानी पूर्वक वाहन का संचालन किए जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का पालन किए जाने पर बल दिया। रंग मंच के मजे हुये कलाकार देवेन्द्र राय ने सड़क सुरक्षा स बन्धी नियमों के बारे में विस्तार से बताया कि शराब पीकर वाहन चलाओगे तो मु त में दुर्घटना पाओगे। इस दौरान अधिशाषी अभियंता लोनिवि, नोडल अधिकारी रोड से टी क्लब ओ.पी.चौधरी, यातायात प्रभारी उ.नि.आलोक तिवारी, प्रभारी आई.राइड प्रबंधक एनएचएआई तथा परिवहन कार्यालय के समस्त कर्मी उपस्थित रहे। संचालन आरएमव्ही प्रवक्ता डा.रीतेश खरे ने किया।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसलामासिक धर्म स्वच्छता अब गरिमा और जीवन के अधिकार का हिस्सा

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सिर्फ एक कानूनी आदेश नहीं, बल्कि भारतीय समाज की उस चुप्पी को तोड़ने वाला क्षण है, जिसने दशकों तक मासिक धर्म को हाशिए पर रखा। देश की सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मासिक धर्म स्वास्थ्य संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के मौलिक अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। इस फैसले के साथ ही स्कूलों में पढ़ने वाली लाखों छात्राओं के लिए स्वच्छता, सम्मान और समान अवसर की राह मजबूत हुई है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने यह फैसला एक जनहित याचिका पर सुनाते हुए केंद्र सरकार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि देश के हर सरकारी और निजी स्कूल में छात्राओं को मुफ्त ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं। अदालत ने यह भी अनिवार्य किया कि स्कूलों में लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय हों, जिनमें पर्याप्त पानी, साबुन, हैंडवॉश और निजी इस्तेमाल की सुविधा मौजूद हो। यदि कोई निजी स्कूल इन मानकों का पालन नहीं करता है, तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है, जबकि सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में कमी की सीधी जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की होगी। कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि मासिक धर्म के दौरान बुनियादी सुविधाओं की कमी केवल असुविधा नहीं, बल्कि छात्राओं की गरिमा, निजता और शिक्षा के अधिकार पर सीधा आघात है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि किसी स्कूल में लड़कियों के लिए अलग शौचालय नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन है। लड़कियों को सैनिटरी पैड जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रखना उन्हें लड़कों के समान शिक्षा और गतिविधियों में भाग लेने से रोकता है, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकता।

इस मामले की पृष्ठभूमि भी उतनी ही गंभीर है। सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर ने वर्ष 2022 में यह जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें बताया गया था कि आर्थिक तंगी और सामाजिक झिझक के कारण बड़ी संख्या में किशोरियां मासिक धर्म के दौरान स्कूल नहीं जा पातीं। कई परिवारों के लिए सैनिटरी पैड पर खर्च करना बोझ बन जाता है, नतीजतन लड़कियां कपड़े या असुरक्षित विकल्पों का इस्तेमाल करती हैं, जिससे संक्रमण और आत्मसम्मान दोनों पर असर पड़ता है। कोर्ट में करीब चार साल चली सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उत्तर भारत में लगभग 29 प्रतिशत छात्राएं मासिक धर्म के दिनों में स्कूल नहीं जातीं, और यही अनुपस्थिति आगे चलकर पढ़ाई छूटने और स्कूल छोड़ने की बड़ी वजह बनती है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सिर्फ पैड उपलब्ध कराने तक बात सीमित नहीं रखी। अदालत ने कहा कि हर स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर बनाए जाएं, जहां अतिरिक्त यूनिफॉर्म, इनरवियर और डिस्पोजेबल बैग उपलब्ध हों, ताकि किसी भी आपात स्थिति में छात्रा को स्कूल छोड़कर घर न जाना पड़े। टॉयलेट परिसरों में या तय स्थानों पर वेंडिंग मशीन के माध्यम से सैनिटरी पैड आसानी से उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही दिव्यांग छात्राओं के लिए अनुकूल शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि कोर्ट ने मासिक धर्म को लेकर सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने की जरूरत पर बल दिया। अदालत ने कहा कि यह आदेश केवल कानूनी तंत्र के लिए नहीं है, बल्कि उन लड़कियों के लिए है जो मदद मांगने से झिझकती हैं, उन शिक्षकों के लिए है जो सहयोग करना चाहते हैं लेकिन सामाजिक चुप्पी के कारण बंधे रहते हैं, और उन माता-पिता के लिए है जो इस विषय पर खामोशी चुन लेते हैं। कोर्ट ने भावनात्मक शब्दों में कहा कि हर उस लड़की को यह संदेश मिलना चाहिए कि मासिक धर्म कोई अशुद्धता या बोझ नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, और इसके कारण शिक्षा से दूर किया जाना किसी भी हालत में जायज नहीं है।

अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में मासिक धर्म, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों तथा स्वास्थ्य से जुड़े विषयों को शामिल किया जाए। शिक्षकों, छात्राओं और स्कूल स्टाफ को मासिक धर्म स्वच्छता पर प्रशिक्षण देने की बात कही गई है, ताकि गलत धारणाओं और शर्म की भावना को खत्म किया जा सके। कोर्ट का मानना है कि जब तक जानकारी और संवाद को सामान्य नहीं बनाया जाएगा, तब तक केवल ढांचागत सुविधाएं भी अधूरी साबित होंगी। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब देश के कई राज्यों ने अपने स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर पहल की है। ओडिशा ने 2018 में 'खुशी योजना' शुरू कर सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड देना शुरू किया था। मध्य प्रदेश ने कैश ट्रांसफर मॉडल अपनाते हुए सातवीं से बारहवीं तक की छात्राओं के खातों में सालाना राशि डालने की व्यवस्था की। राजस्थान में 'उड़ान योजना' के तहत स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी स्तर पर मुफ्त नैपकिन बांटे जाते हैं। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी अलग-अलग योजनाओं और वेंडिंग मशीनों के जरिए छात्राओं तक ये सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद इन पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर एक समान कानूनी आधार मिल गया है।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह स्वयं इन निर्देशों के पालन की निगरानी करेगा और तीन महीने बाद इस मामले में फिर सुनवाई होगी। इसका मतलब है कि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके क्रियान्वयन पर भी नजर रखी जाएगी। निजी स्कूलों के लिए यह चेतावनी है कि शिक्षा केवल फीस और इमारतों तक सीमित नहीं, बल्कि छात्राओं की गरिमा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी उनका दायित्व है।

कुल मिलाकर, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भारतीय शिक्षा व्यवस्था और समाज दोनों के लिए एक मील का पत्थर है। यह पहली बार है जब मासिक धर्म स्वास्थ्य को इतने स्पष्ट रूप से मौलिक अधिकार के दायरे में रखा गया है। यह आदेश न सिर्फ स्कूलों की दीवारों के भीतर बदलाव लाएगा, बल्कि घरों और समाज में भी बातचीत की दिशा बदलेगा। जब अदालत कहती है कि मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना जीवन और गरिमा के अधिकार का हिस्सा है, तो वह दरअसल यह याद दिलाती है कि समानता केवल कानून की किताबों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा के अनुभवों में महसूस होनी चाहिए। यही इस फैसले की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**कांतिलाल मांडोत**

# शिक्षित युवा वर्ग के लिए बेरोजगारी समस्या नहीं मूल आवश्यकता है

संभवत अगली जनगणना के बाद भारत सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा इसके अलावा सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगाद्य निश्चित तौर पर यह हमारे पर निर्भर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैंद्य भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है।भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए द्य अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 142 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145(अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

**संजीव ठाकुर**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ: व्यक्ति निर्माण से विश्व कल्याण की यात्रा

'हम शाखाएं नहीं चलाते, जीवन गढ़ते हैं।' संघ की कार्यपद्धति को व्याख्यायित करने वाला यह सूत्र मात्र एक कथन नहीं, बल्कि उस मौन क्रांति का आधार है जिसने भारत की सामाजिक चेतना को नया आयाम दिया है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) केवल एक संगठन नहीं, अपितु एक विचार, एक अनुशासित आचरण और जीवंत सांस्कृतिक परंपरा बन चुका है। इसकी जड़ें भारत की सनातन मिट्टी में जितनी गहरी हैं, इसका विस्तार विश्व पटल पर उतना ही व्यापक है।

सन् 1925 में विजयादशमी के पावन अवसर पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा रोपा गया यह बीज किसी तात्कालिक राजनीति की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि दीर्घकालिक 'सांस्कृतिक समाधान' था। डॉ. हेडगेवार का मानना था कि राजनीतिक स्वतंत्रता तब तक अपूर्ण है, जब तक समाज आत्मबोध और राष्ट्रप्रेम के सूत्र में न बंधा हो। इसी विजन से 'शाखा' का जन्म हुआ, जहाँ खेल, योग और वैचारिक विमर्श के माध्यम से 'स्वयंसेवक' के रूप में राष्ट्र को समर्पित नेतृत्व गढ़ा जाता है।

संघ की मूल शक्ति उसकी 'शाखा' है। यह एक ऐसा खुला मंच है जहाँ पद, प्रतिष्ठा या जाति का भेद विलीन हो जाता है। यहाँ नेतृत्व जन्मजात नहीं, बल्कि साधना और समर्पण से अर्जित होता है। 'हिंदुत्व' को एक समावेशी सांस्कृतिक पहचान मानते हुए संघ ने सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारा है। एक ही पंक्ति में भोजन और एक ही गणवेश में प्रशिक्षण, भारत में व्याप्त जातिवाद की जड़ों पर संघ का सबसे प्रखर प्रहार है।

संघ ने कभी प्रचार को प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि 'सेवा' को ही संगठन का परिचय बनाया। 'सेवा भारती' और 'वनवासी कल्याण आश्रम' जैसे प्रकल्पों के माध्यम से देश के सुदूर जनजातीय अंचलों और वंचित बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के कार्य किए जा रहे हैं। आपदाओं के समय स्वयंसेवकों की तत्परता यह सिद्ध करती है कि संवेदनशीलता ही राष्ट्र की असली शक्ति है।

आज संघ का विचार भौगोलिक सीमाओं को लांघ चुका है। विश्व के अनेक देशों में संघ (हिंदू स्वयंसेवक संघ के रूप में) भारतीय प्रवासियों को अपनी जड़ों से जोड़ रहा है। संघ की निस्वार्थ सेवा प्रवृत्ति ने प्राकृतिक आपदाओं और कोविड संकट के दौरान 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के भारतीय दर्शन को वैश्विक मान्यता दिलाई है। यह विस्तार किसी भू-भाग को जीतने के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक कल्याण के लिए है।

विविध क्षेत्रों में राष्ट्र-निर्माण की प्रेरणा से उपजी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, विज्ञान भारती, साहित्य भारती, सेवा भारती, शिक्षा संस्कृति न्यास , विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय सेविका समिति,भारतीय मजदूर संघ जैसे अनेकों अनुषांगिक संगठन आज अपने-अपने क्षेत्रों में 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' के मंत्र के साथ कार्य कर रहे हैं। ये संगठन प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र होकर भी संघ के उसी एकात्म दर्शन से पोषित हैं, जो समाज को समर्थ और स्वाभिमानी बनाना चाहता है।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि व्यक्ति निर्माण से प्रारंभ होकर विश्व कल्याण तक फैली यह यात्रा वास्तव में भारतीय मानस के पुनरुत्थान की यात्रा है। महत्वपूर्ण यह है कि संघ ने सत्ता को कभी साध्य नहीं माना, बल्कि समाज को इतना सशक्त बनाने का संकल्प लिया कि वह स्वयं अपनी समस्याओं का समाधान कर सके। आज यह विचार एक 'संगठन' की सीमाओं को पार कर जन-जन की 'सामूहिक चेतना' बन चुका है।

**(डॉ.) मनमोहन प्रकाश**

# संपादकीय

## माघ पूर्णिमा- क्यों है यह पर्व आज भी प्रासंगिक

माघ पूर्णिमा भारतीय सनातन परंपरा का ऐसा पावन पर्व हैए जिसमें धर्मए अध्यात्मए प्रकृति और मानवीय संवेदना एक.दूसरे में घुलकर जीवन को नई दृष्टि प्रदान करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहींए बल्कि आत्मशुद्धिए संयम और परोपकार का गहन संदेश देता है। शीत ऋतु की कठोरता के बीच जब प्रकृति स्वयं संयम और सहनशीलता का अभ्यास कर रही होती हैए तब मनुष्य भी अपने भीतर झाँकने और आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होने का संकल्प लेता है। माघ मास को शास्त्रों में तपए त्याग और साधना का महीना माना गया है। मान्यता है कि इस पूरे महीने में देवतागण पृथ्वी पर विचरण करते हैं और पवित्र नदियों में स्नान कर मानव कल्याण का आशीर्वाद देते हैं। विशेष रूप से माघ पूर्णिमा के दिन गंगाए यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम प्रयागराज में स्नान करने का पुण्य अनंत बताया गया है। कहा जाता है कि इस एक दिन का श्रद्धापूर्वक किया गया स्नान वर्षों की तपस्या के बराबर फल प्रदान करता है। यह विश्वास केवल आस्था का विषय नहींए बल्कि उस मानसिक और आत्मिक शांति से जुड़ा है जो व्यक्ति को ऐसे पवित्र वातावरण में प्राप्त होती है।

पौराणिक ग्रंथों में माघ पूर्णिमा की महिमा विस्तार से वर्णित है। मत्स्य पुराण के अनुसार इस दिन किया गया दान अश्वमेध यज्ञ के समान फलदायी होता है। यह भी माना जाता है कि माघ मास में भगवान विष्णु जल में निवास करते हैं और माघ पूर्णिमा के दिन वे विशेष रूप से प्रसन्न होकर भक्तों को पुण्य प्रदान करते हैं। इसी कारण इस तिथि को भगवान विष्णु और सत्यनारायण की पूजा का विशेष महत्व है। कथाए भजन और ध्यान के माध्यम से मनुष्य अपने चित्त को स्थिर करता है और जीवन की भागदौड़ से कुछ क्षणों के लिए ही सहीए पर भीतर की शांति से जुड़ता है। प्रयागराज में लगने वाला विश्वप्रसिद्ध माघ मेला इसी दिन अपने चरम पर होता है। संगम तट पर एक महीने तक कठिन नियमों और संयम का पालन करते हुए कल्पवास करने वाले श्रद्धालु माघ पूर्णिमा के स्नान के साथ अपने व्रत की पूर्णाहुति करते हैं। कल्पवास केवल तंबुओं में रहने या सादा भोजन करने का नाम नहीं हैए बल्कि यह इंद्रियों पर नियंत्रणए लोभ.लालच से दूरी और सेवा भाव का अभ्यास है। माघ पूर्णिमा उस संकल्प की विजय का दिन हैए जब व्यक्ति स्वयं को यह विश्वास दिलाता है कि संयम और धैर्य के मार्ग पर चलकर जीवन को अधिक सार्थक बनाया जा सकता है।

इस दिन की परंपराओं में स्नान का विशेष स्थान है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पवित्र नदियों में स्नान करना आदर्श माना गया है। जिनके लिए नदी तक पहुँचना संभव न होए वे घर पर ही स्नान जल में गंगाजल मिलाकर इस परंपरा का पालन करते हैं। स्नान के साथ व्रत और दान का संकल्प लिया जाता हैए जिससे मन में दृढ़ता आती है। सूर्य को अर्घ्य देना और गायत्री मंत्र का जाप व्यक्ति को प्रकृति के प्रति कृतज्ञ बनाता हैए जबकि पितरों के लिए तर्पण करने से वंश और परंपरा से जुड़ाव का भाव सुदृढ़ होता है। माघ पूर्णिमा पर दान का महत्व अत्यंत गहरा है। शास्त्रों में कहा गया है कि इस दिन किया गया दान अक्षय होता हैए अर्थात उसका पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। तिल और गुड़ का दान पापों के शमन और स्वास्थ्य लाभ से जोड़ा गया है। कंबल और वस्त्र का दान शीत से पीड़ित जरूरतमंदों के लिए जीवनरक्षक बनता है और समाज में करुणा का संचार करता है। अन्नदान को सर्वोत्तम दान कहा गया हैए क्योंकि इससे न केवल भूख मिटती हैए बल्कि पितरों का आशीर्वाद और घर में समृद्धि आती है। घी और स्वर्ण का दान आत्मिक बल और सामाजिक सम्मान से जुड़ा माना गया हैए परंतु इन सबके मूल में भाव यही है कि दान अहंकार नहींए बल्कि करुणा से प्रेरित होना चाहिए। माघ पूर्णिमा को केवल धार्मिक चश्मे से देखना इसके व्यापक अर्थ को सीमित करना होगा। इसके पीछे वैज्ञानिक और प्राकृतिक कारण भी निहित हैं। पूर्णिमा के दिन चंद्रमा का प्रभाव पृथ्वी और मानव मन पर अधिक होता है। चूंकि मानव शरीर का बड़ा भाग जल तत्व से बना हैए इसलिए चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण मनोभावों और मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। इस दिन ध्यानए जप और स्नान करने से मानसिक तनाव कम होता है और मन में स्थिरता आती है। यह आधुनिक मनोविज्ञान की दृष्टि से भी स्वीकार्य है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। ऋतु परिवर्तन की दृष्टि से भी माघ पूर्णिमा महत्वपूर्ण है। यह शिशिर ऋतु के अंत और वसंत के आगमन का संकेत देती है। इस समय नदियों का जल न अत्यधिक ठंडा होता है और न ही गर्मए जिससे स्नान शरीर के रक्त संचार को सक्रिय करता है। ग्रामीण समाज में यह पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान और संतुलित जीवनशैली का प्रतीक रहा हैए जहाँ धार्मिक आस्था और प्राकृतिक विज्ञान एक.दूसरे के विरोधी नहींए बल्कि पूरक हैं।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में माघ पूर्णिमा विविध रूपों में मनाई जाती हैए पर उसका मूल भाव एक ही रहता है। प्रयागराज में जहाँ त्रिवेणी स्नान और माघ मेले की भव्यता दिखाई देती हैए वहीं ओडिशा में इसे माघी पूर्णिमा के रूप में श्रद्धा से मनाया जाता है और जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा होती है। दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में इस दिन जल उत्सव और नौकाओं से जुड़े अनुष्ठान होते हैंए जो जल तत्व के महत्व को रेखांकित करते हैं। यह विविधता भारतीय संस्कृति की आत्मा को दर्शाती हैए जहाँ अलग.अलग परंपराएँ होते हुए भी मूल मूल्य एक समान हैं। माघ पूर्णिमा का सबसे बड़ा संदेश यह है कि बाहरी शुद्धि के साथ आंतरिक शुद्धि भी आवश्यक है। केवल नदी में स्नान कर लेना पर्याप्त नहींए जब तक मन से छलए कपट और अहंकार न धुलें। यह पर्व हमें सत्यए संयम और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। दान केवल वस्तुओं का नहींए बल्कि समयए संवेदना और सहानुभूति का भी होना चाहिए। जब मनुष्य किसी जरूरतमंद की सहायता करता हैए तभी इस पर्व की सार्थकता पूर्ण होती है। आज के भौतिक और प्रतिस्पर्धात्मक युग में माघ पूर्णिमा जैसे पर्व हमें ठहरकर सोचने का अवसर देते हैं। वे याद दिलाते हैं कि जीवन केवल संग्रह और उपभोग के लिए नहींए बल्कि बाँटने और जुड़ने के लिए है। संयमित जीवनशैलीए प्रकृति के प्रति सम्मान और परोपकार ही वे मूल्य हैंए जो मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाते हैं। माघ पूर्णिमा इसी आंतरिक समृद्धि का उत्सव हैए जो मोक्ष की अवधारणा को केवल मृत्यु के बाद की अवस्था नहींए बल्कि इसी जीवन में मानसिक और आत्मिक मुक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है। यही कारण है कि यह पर्व सदियों से भारतीय समाज की चेतना में जीवित है और आगे भी हमें जीवन के वास्तविक रत्नों की याद दिलाता रहेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# सत्ता, संवेदना और संगठन की अग्नि परीक्षा उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार: शपथ के साथ शुरू हुई नई राजनीतिक जिम्मेदारी

शनिवार शाम महाराष्ट्र की राजनीति एक ऐसे मोड़ पर पहुँचेगी, जहाँ सत्ता, संवेदना और संगठन तीनों की कसौटी एक साथ होगी। अजित पवार के आकस्मिक निधन से खाली हुए उपमुख्यमंत्री पद पर उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण सिर्फ एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और महायुति सरकार के लिए एक भावनात्मक, राजनीतिक और संगठनात्मक चुनौती भी है। यह शपथ एक नई भूमिका की शुरुआत है, जिसमें सुनेत्रा पवार को न केवल सरकार में जिम्मेदारी निभानी होगी, बल्कि उस राजनीतिक विरासत को भी संभालना होगा, जिसे अजित पवार अपने पीछे छोड़ गए हैं।

सुनेत्रा पवार का अब तक का सार्वजनिक जीवन राजनीति से अलग समाजसेवा और संस्थागत कामों में अधिक दिखा है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाला एनवायर्नमेंटल फोरम इंडिया, बारामती हाईटेक टेक्सटाइल पार्क के जरिए महिलाओं को रोजगार, विद्या प्रतिष्ठान और पुणे विश्वविद्यालय की सीनेट जैसी संस्थाओं में उनकी भूमिका यह सब उन्हें एक प्रशासनिक समझ और सामाजिक संवेदनशीलता देने वाला अनुभव रहा है। लेकिन उपमुख्यमंत्री का पद इन सब से कहीं अधिक जटिल है। यहाँ फैसले सिर्फ फाइलों पर नहीं, सत्ता के संतुलन और राजनीतिक संकेतों पर भी असर डालते हैं। अजित पवार के निधन के बाद एनसीपी के भीतर जो शून्य पैदा हुआ है, वह केवल एक पद का नहीं है। अजित पवार छह बार उपमुख्यमंत्री रहे, पार्टी संगठन के भीतर उनका नियंत्रण, पश्चिमी महाराष्ट्र की राजनीति में उनकी पकड़ और महायुति सरकार में उनका महत्व इन सबका विकल्प ढूँढना आसान नहीं। ऐसे में सुनेत्रा पवार का नाम सामने आना भावनात्मक रूप से स्वाभाविक और राजनीतिक रूप से व्यावहारिक माना गया। विधायक दल की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव और त्वरित सहमति यह बताती है कि पार्टी फिलहाल स्थिरता चाहती है, प्रयोग नहीं। हालाँकि, यह स्थिरता अस्थायी भी हो सकती है। सुनेत्रा पवार के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वे केवल एक संवेदनात्मक विकल्प बनकर रहेंगी या धीरे-धीरे पार्टी की सक्रिय राजनीतिक धुरी भी बनेंगी। उनकी शपथ के बाद यह चर्चा तेज है कि क्या वे एनसीपी के दोनों गुटोंअजित पवार गुट और शरद पवार गुट के एकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाएँगी या फिलहाल सरकार और प्रशासन पर ही फोकस रखेंगी।

एनसीपी का विभाजन जुलाई 2023 में हुआ था और तब से पार्टी दो ध्रुवों में बँटी रही। एक ओर शरद पवार के नेतृत्व वाला विपक्षी गुट और दूसरी ओर अजित पवार का सत्तारूढ़ महायुति में शामिल गुट। पिछले कुछ महीनों में दोनों गुटों के बीच बातचीत की खबरें आती रही हैं। खुद शरद पवार यह संकेत दे चुके हैं कि उनके दिवंगत भतीजे की इच्छा पार्टी के एकीकरण की थी। ऐसी स्थिति में सुनेत्रा पवार का उपमुख्यमंत्री बनना केवल सरकार का निर्णय नहीं, बल्कि पार्टी के भविष्य से भी जुड़ा कदम माना जा रहा है।

लेकिन राजनीति में इच्छा और हकीकत के बीच फासला होता है। शपथ के तुरंत बाद सुनेत्रा पवार के सामने राज्य का बजट, विभागों का बँटवारा और महायुति के भीतर संतुलन जैसे तात्कालिक मुद्दे होंगे। यह भी लगभग तय है कि वित्त विभाग फिलहाल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास रहेगा। ऐसे में सुनेत्रा पवार की भूमिका प्रारंभिक दौर में सीमित लेकिन प्रतीकात्मक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होगी। वे सरकार में एनसीपी की मौजूदगी का चेहरा होंगी, खासकर ऐसे समय में जब पार्टी अपने सबसे प्रभावशाली नेता को खो चुकी है।

एनसीपी के एकीकरण का सवाल भावनात्मक जरूर है, लेकिन राजनीतिक गणित से भी जुड़ा है। यदि दोनों गुट एक होते हैं, तो महाराष्ट्र की राजनीति में शक्ति संतुलन बदल सकता है। एक संयुक्त एनसीपी के पास लोकसभा और विधानसभा में मजबूत संख्या होगी, जो या तो महायुति में अपनी शर्तें मजबूत कर सकती है या विपक्षी महाविकास अघाड़ी के समीकरणों को नया रूप दे सकती है। लेकिन यह फैसला सुनेत्रा पवार अकेले नहीं कर सकतीं। इसके लिए शरद पवार, पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक और जमीनी कार्यकर्ताओं की सहमति जरूरी होगी।

शपथ ग्रहण के बाद सुनेत्रा पवार की सबसे बड़ी परीक्षा यह होगी कि वे खुद को अजित पवार की पत्नी की पहचान से आगे कैसे ले जाती हैं। राजनीति में सहानुभूति अक्सर शुरुआती समर्थन देती है, लेकिन लंबे समय तक टिकने के लिए निर्णय क्षमता और नेतृत्व जरूरी होता है। बारामती से लोकसभा चुनाव हारने का अनुभव उन्हें यह भी सिखा चुका है कि पवार उपनाम अपने आप में जीत की गारंटी नहीं है। अब उनके पास मौका है कि वे प्रशासनिक कामकाज और राजनीतिक संवाद के जरिए अपनी अलग पहचान बनाएं।

पार्टी के भीतर भी उनकी भूमिका को लेकर मिश्रित भावनाएँ हैं। कुछ नेता उन्हें एक सेतु के रूप में देख रहे हैं, जो अजित पवार गुट और शरद पवार गुट के बीच संवाद का रास्ता खोल सकती हैं। वहीं कुछ का मानना है कि फिलहाल एकीकरण से ज्यादा जरूरी सरकार में स्थिरता और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी है। ऐसे में संभव है कि सुनेत्रा पवार शुरुआत में संयम और प्रतीक्षा की नीति अपनाएँ।

महाराष्ट्र की राजनीति में यह पहला मौका है जब कोई महिला उपमुख्यमंत्री बनेगी। यह तथ्य अपने आप में ऐतिहासिक है और सुनेत्रा पवार की जिम्मेदारी को और बढ़ा देता है। उनसे यह उम्मीद भी की जाएगी कि वे महिलाओं, सामाजिक मुद्दों और विकास से जुड़े सवालों पर एक अलग दृष्टिकोण रखें। लेकिन राजनीति में प्रतीक से अधिक महत्वपूर्ण होता है परिणाम। शपथ के बाद उनके हर कदम को इस नजर से देखा जाएगा कि वह पार्टी को जोड़ता है या सिर्फ समय खरीदता है।

अंततः, आज शाम की शपथ एक अंत नहीं, बल्कि एक शुरुआत है। यह शुरुआत ऐसे समय में हो रही है जब एनसीपी भावनात्मक रूप से कमजोर और राजनीतिक रूप से निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। सुनेत्रा पवार के सामने चुनौती केवल उपमुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने की नहीं, बल्कि उस विरासत को दिशा देने की है, जिसे अजित पवार अधूरा छोड़ गए। आने वाले दिनों में यह साफ होगा कि वे इस जिम्मेदारी को सिर्फ निभाती हैं या उसे नया अर्थ भी देती हैं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता सूची की शुद्धता पर फोकस: प्रेक्षक की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न




**देवरिया।** प्रेक्षक सिद्धार्थ जैन, आईएएस संयुक्त सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं अद्यतन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन एवं स्थानांतरण से संबंधित समस्याएं रखीं। प्रेक्षक सिद्धार्थ जैन ने सभी पक्षों की बात गंभीरता से सुनते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 की प्रक्रिया की जानकारी दी और बताया कि सही ढंग से आवेदन करने पर समस्याओं का त्वरित समाधान संभव है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी प्राप्त शिकायतों और सुझावों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा।

### दिवंगत पेंशनरों की स्मृति में शोक सभा आयोजित

**देवरिया।** कोषागार विभाग में हाल ही में दिवंगत हुए 30 पेंशनरों की स्मृति में शोक सभा का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस शोक सभा में सभी दिवंगत पेंशनरों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संदेश उनके आवासों पर भेजे गए। शोक सभा में पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मौन रखकर दिवंगत पेंशनरों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पेंशनरों का योगदान विभाग और शासन व्यवस्था के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के दौरान सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवारों को इस कठिन समय में धैर्य रखने की शक्ति मिलने की कामना की। शोक सभा का आयोजन शांत एवं भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### श्रीविश्वकर्मा गौरव सम्मान आज, प्रतिभावानों का होगा सम्मान

**रुद्रपुर,देवरिया।** श्रीभगवान विश्वकर्मा के प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में श्रीविश्वकर्मा गौरव सम्मान-2026 का भव्य आयोजन आज प्रातः 10 बजे से इमामबाड़ा चौराहा स्थित मंगलम मैरेजहॉल में होगा। यह आयोजन प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर समिति तथा श्री भगवान विश्वकर्मा मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। समिति के अध्यक्ष शिवानन्द विश्वकर्मा व मंत्री तारकेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज के उन कारीगरों, शिल्पियों एवं निर्माण कार्य से जुड़े प्रतिभावान लोगों तथा शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपने कौशल व परिश्रम से समाज में विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथि शामिल होंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों व समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### गैस रिसाव के कारण सिलेंडर में लगी आग

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर निवासी सोलहू साहनी के घर शनिवार को गैस रिसाव के कारण माचिस जलाते ही सिलेंडर में आग लग गई। आग लगने के बाद परिजन शोर मचाने लगे। वहीं शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़ते हुए पहुंचे और समय रहते आग बुझा दिया, जिससे किसी प्रकार का कोई हताहत व नुकसान नही हुआ। बताया जा रहा है कि मोतीपुर निवासी सोलहू साहनी की पत्नी शनिवार की शाम खाना बनाने के लिए किचन में पहुंची तथा जैसे ही चूल्हा जलाने के लिए माचिस जलाई कि तभी अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। परिजनों की शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़ते हुए पहुंचे और किसी प्रकार आगे बुझा दिया। इस दौरान किसी प्रकार का कोई नुकसान व हताहत नहीं हुआ।

# ब्लॉक सभागार में जीपीडीपी योजनाओं को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह के ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक बृजभूषण यादव द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन में पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान बाल सेवा योजना, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, शादी अनुदान योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न सरकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी राधेरमन प्रजापति द्वारा बाल सेवा योजना, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, साफ-सफाई एवं स्वच्छता योजनाएं, शादी अनुदान योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी गई।उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के पात्र एवं जरूरतमंद वर्गों को समय पर लाभ पहुंचाना है। साथ ही पंचायत स्तर पर योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन, सही अभिलेख संधारण तथा जन-जागरूकता को अत्यंत आवश्यक बताया। प्रशिक्षण के दौरान योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण के संबंध में भी विस्तार से चर्चा तथा योजनाओं को पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जनसहभागिता के साथ लागू करने पर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम में एसडीओ पंचायत गिरजेश पटेल सहित हीना रायनी, अभिषेक, दर्शन दीन, मीरा देवी, शब्बा, ग्राम विकास अधिकारी रमेश मिश्रा, अनिल वर्मा, योगेश दूबे, राधेरमन प्रजापति, रमेश कुमार, उत्तम चंद, कमलेश कुमार, रिंकू ओझा,आरती पाठक, पूनम पाल, महिमा तिवारी, अनुप्रिया, पुनीत चौबे एवं प्रदीप मौर्या उपस्थित रहे।

### अब सुनील कुमार होंगे क्षेत्राधिकारी सदर

**सीओ अजय कुमार को भेजा गया पाली**

**रक्षपाल सिंह महरौनी और आशीष मिश्रा को मिली तालबेहट की कमान**

**ललितपुर।** शहर में लगातार बढ़ रहीं आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने देर रात एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कोतवाली क्षेत्र में ही विगत जनवरी माह में एक सैकड़ा से अधिक छोटी-बड़ी घटनाएं दर्ज की गयी हैं। वहीं सर्किल क्षेत्र में भी आने वाले थानों में आपराधिक घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। एसपी मो.मुश्ताक ने जिले में कानून व्यवस्था को और दुरुस्त बनाये जाने को लेकर चार सर्किलों में तैनात क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। देर रात पुलिस विभाग से सोशल मीडिया सेल के जरिए जारी हुयी सूची के अनुसार क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार को अब क्षेत्राधिकारी पाली बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर अब क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार जो कि पाली सर्किल में तैनात थे को क्षेत्राधिकारी सदर बनाया गया है।

## प्रयोग से पूर्व ही बदहाल हुआ आरआरसी सेंटर

**● लम्बे समय से टूटा पड़ा आरआरसी सेंटर का टीनशैड तथा दीवारों में पड़े दरारें**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशुनपुरा में स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र (आरआरसी सेंटर) अपनी दुर्दशा पर आंसु बहा रहा है। स्थिति यह है कि गांव को साफ-सुथरा रखने के दृष्टिकोण से बना आरआरसी सेंटर कूड़ा भंडारण होने से पूर्व ही बदहाल हो गया। जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण आरआरसी सेंटर का टीनशैड लम्बे समय से टूटा पड़ा है। ऐसे में महीनों बीत जाने के बाद भी सेंटर को दुरुस्त नहीं करवाया गया है। इसके अलावा आरआरसी सेंटर के अंदर स्थित दीवारों में दरारें पड़ गए हैं। सरकार द्वारा गांव को शहर की तरह स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गांव में आरआरसी सेंटर का निर्माण करवाया गया लेकिन जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण सरकार का यह योजना धरातल पर दम तोड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विगत कई महीनों पूर्व से आरआरसी सेंटर का टीनशैड ऐसे ही टूटा पड़ा है। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने कहा कि सम्बंधित से वार्ता कर आरआरसी सेंटर को सीघ्र करवा दिया जाएगा।

## गोरखपुर में नकबजनी-चोरी गैंग पर पुलिस का करारा प्रहार, गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोरखपुर।** जनपद में संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत थाना कैण्ट पुलिस ने नकबजनी और चोरी जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त दो शातिर अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आमजन ने राहत की सांस ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह थाना कैण्ट द्वारा गैंग लीडर हसन खान तथा उसके सक्रिय सदस्य मोनू गौड़ उर्फ बाबा नायक के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट के आधार पर यह कठोर कदम उठाया गया। पुलिस के अनुसार गैंग लीडर हसन खान अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर लंबे समय से नकबजनी, चोरी, लूट और अन्य संगीन अपराधों को अंजाम दे रहा था। इनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की लंबी फेहरिस्त इस बात की गवाही देती है कि गैंग का जनमानस में भय और आतंक व्याप्त था। लोग इनके डर से खुलकर शिकायत करने से भी कतराते थे। ऐसे में अपराधियों की स्वतंत्र गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई को जरूरी माना गया। गैंग लीडर हसन खान के खिलाफ गोरखपुर, देवरिया और सिद्धार्थनगर जनपदों में चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट, एससी/एसटी एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं उसके सहयोगी मोनू गौड़ उर्फ बाबा नायक पर हत्या, डकैती की तैयारी, आर्म्स एक्ट और पुलिस पर हमले जैसे गंभीर मामलों का आपराधिक इतिहास रहा है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से संगठित अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। गोरखपुर पुलिस अपराधमुक्त समाज के संकल्प के साथ लगातार कार्रवाई कर रही है और आगे भी ऐसे गिरोहों पर कठोर प्रहार जारी रहेगा। इस बड़ी कार्रवाई के बाद इलाके में पुलिस की सक्रियता और सख्ती को लेकर चर्चाएं तेज हैं, वहीं आम जनता पुलिस के इस कदम की सराहना कर रही है।

## दो ब्लॉकों की जिम्मेदारी निभा रहे एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल की कार्यकुशलता को मिल रही जनता की सराहना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**






**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह में तैनात एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल द्वारा दो विकास खंडों की जिम्मेदारी कुशलतापूर्वक निभाए जाने से पंचायत व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उनके कार्यकौशल, अनुशासन और निरंतर मेहनत का असर विकास कार्यों तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में साफ नजर आ रहा है, जिसकी आम जनता खुलकर सराहना कर रही है। वर्तमान में एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल विकास खंड रूपईडीह एवं इटियाथोक दोनों का कार्यभार संभाल रहे हैं। वे तीन दिवस रूपईडीह तथा तीन दिवस इटियाथोक में उपस्थित रहकर पंचायत से जुड़े कार्यों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से निष्पादन कर रहे हैं। अतिरिक्त कार्यभार के बावजूद दोनों ब्लॉकों में प्रशासनिक संतुलन बनाए रखते हुए वे योजनाओं की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल ने बताया कि उन्होंने अपने प्रशासनिक करियर की शुरुआत बेलसर ब्लॉक से की थी, जहाँ वे पहली बार एडीओ पंचायत पद पर कार्यरत हुए। तब से लेकर अब तक वे निरंतर इसी पद पर आसीन रहकर पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का कार्य कर रहे हैं। उनके लंबे अनुभव का लाभ वर्तमान में दोनों विकास खंडों को मिल रहा है।उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, बाल सेवा योजनाएं, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, अभिलेखों का सही संधारण तथा पंचायत कर्मियों के साथ समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएं मजबूत हुई हैं, बल्कि जनसमस्याओं का निस्तारण भी तेजी से हो रहा है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों एवं पंचायत कर्मियों का कहना है कि एडीओ पंचायत की सक्रिय कार्यशैली, नियमित निरीक्षण और मार्गदर्शन से विकास कार्यों में तेजी आई है। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंच रहा है, जिससे आम जनता में संतोष और विश्वास बढ़ा है।जनता का कहना है कि दो ब्लॉकों की जिम्मेदारी होने के बावजूद एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल की ईमानदार कार्यशैली, जवाबदेही और समर्पण सराहनीय है। क्षेत्र में उनके प्रयासों को विकास की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## खजनी में ट्रैक्टर-ट्रॉली का कहर: अनट्रेंड चालक की लापरवाही से मासूम बालिका अंशिका यादव गंभीर रूप से घायल, इलाके में फैला आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खजनी-** गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र में एक बार फिर सड़क हादसे ने युवती की जिंदगी खतरे में डाल दिया। शनिवार को 8 बजे सुबह कटघर सतुआभार मार्ग पर अनियंत्रित तेज रफ्तार वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क किनारे खड़ी अंशिका यादव (पुत्री हरिओम यादव, निवासी बारपार बारगाह) को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत घायल बालिका को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली बेहद तेज गति से जा रही थी और चालक का वाहन पर कोई काबू नहीं था। चालक अनट्रेंड (बिना प्रशिक्षण या लाइसेंस) था, जिसके पास न तो कोई अनुभव था और न ही वाहन पर सुरक्षा के बुनियादी उपाय थे। सड़क पर कोई स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड या ट्रैफिक नियंत्रण नहीं था, जिससे हादसा और घातक साबित हुआ। ग्रामीण इलाकों में ऐसे अनप्रशिक्षित चालकों द्वारा भारी वाहनों का संचालन अब आम समस्या बन चुकी है, जो बार-बार हादसों को न्योता दे रही है।

घटना के बाद पूरे इलाके में भारी रोष फैल गया। स्थानीय लोग सड़क पर एकत्र होकर प्रशासन और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। उनका कहना है कि स्कूल समय में बच्चों की आवाजाही वाले मार्गों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की बेलगाम रफ्तार पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि भारी वाहनों की आवाजाही पर कोई प्रभावी निगरानी नहीं है, जिसका नतीजा निर्दोष बच्चे और पैदल यात्री भुगत रहे हैं। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू की और फरार चालक की तलाश तेज कर दी। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषी पाए जाने पर चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी सजा दिलाई जाएगी। साथ ही, क्षेत्र में यातायात नियमों के सख्त पालन, अनट्रेंड चालकों पर नकेल कसने और भारी वाहनों की नियमित जांच के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही गई है। यह हादसा ग्रामीण यातायात व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है। अनप्रशिक्षित चालक, अंधाधुंध रफ्तार और सुरक्षा उपायों की कमी–यह खतरनाक संयोजन किसी भी समय बड़ी त्रासदी का रूप ले सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे वाहनों के लिए अनिवार्य ड्राइविंग प्रशिक्षण, लाइसेंसिंग सिस्टम और स्पीड लिमिट लागू करना जरूरी है।

## पहली पत्नी को धोखा देकर रचाई दूसरी शादी, दहेज उत्पीड़न व मारपीट में केस दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सहजनवा, गोरखपुर –** सहजनवां थाना क्षेत्र से महिलाओं के उत्पीड़न और वैवाहिक विश्वासघात का एक गंभीर मामला सामने आया है। गोविंदपुर निवासी एक महिला को उसके ही पति ने धोखे में रखकर दूसरी शादी कर ली। जब पहली पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया, बेरहमी से मारपीट की गई और घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति और सास के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गोविंदपुर निवासी शिला देवी की शादी करन साहनी के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति करन साहनी और सास विरोजा देवी द्वारा कम दहेज लाने का ताना दिया जाने लगा। आए दिन दहेज की मांग को लेकर विवाद होता रहा। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच पति ने उसे अंधेरे में रखकर दूसरी शादी रचा ली, जिसकी जानकारी मिलने पर उसने विरोध दर्ज कराया।

आरोप है कि गुरुवार की सुबह करीब सात बजे पति करन साहनी और सास विरोजा देवी ने मिलकर शिला देवी के साथ मारपीट की। घर में रखा सामान तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया, गहने छीन लिए 1गए और जान से मारने की धमकी देते हुए विवाहिता को घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता का कहना है कि वह काफी समय से मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न झेल रही थी, लेकिन परिवार की बदनामी के डर से चुप रही। घटना के बाद पीड़िता ने सहजनवां थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति करन साहनी और सास विरोजा देवी के खिलाफ धोखा देकर दूसरी शादी करने, दहेज उत्पीड़न, मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है, जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला न सिर्फ कानून-व्यवस्था बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस प्रशासन ने पीड़िता को न्याय का भरोसा दिलाया।

## स्व. केशभान राय तहसील स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में 325 छात्र हुए शामिल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही में शनिवार को स्व. केशभान राय तहसील स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें तहसील क्षेत्र के विभिन्न इंटरमीडिएट कॉलेजों से कक्षा 6 से 12 तक के कुल 325 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय द्वारा आयोजित यह सामान्य ज्ञान आधारित प्रतियोगिता अनुभवी शिक्षकों की देख-रेख में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराई गई। परीक्षा में एजेएम पब्लिक स्कूल अतरौरा, गोपाल सरस्वती शिशु मंदिर गोला बाजार, सरस्वती शिशु सेवाश्रम डड़वापार, एमसीए पब्लिक स्कूल गोला, कन्या विद्यालय गजबरी, केबी राय एकेडमी पड़ौली तथा आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही सहित तहसील क्षेत्र के अन्य इंटरमीडिएट कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि देकर स्वतंत्रता सेनानी स्व. केशभान राय की पुण्यतिथि 12 फरवरी को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह, शिक्षक बीरेंद्र सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न ।

## बहराइच जनपद अंतर्गत कैसरगंज थाने की पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से आहत पीड़िता ने आईजी से कार्रवाई कराने की लगाई गुहार

**● विवाहिता के परिजनो से अतिरिक्त दहेज न मिलने के चलते महिला को प्रताड़ना व मारपीट कर घर से निकालने का आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोण्डा।** एक विवाहिता के परिजनो से अतिरिक्त दहेज न मिलने के चलते उससे प्रताड़ना व मारपीट कर घर से निकालने के मामले में देवीपाटन मंडल के बहराइच जनपद अंतर्गत कैसरगंज थाने की पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से आहत पीड़िता ने आईजी से कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है। जनपद कौड़िया थानाक्षेत्र के जोलाहन पुरवा रामापुर निवासिनी पीड़िता हिना पुत्री मसीउद्दीन ने आईजी को दिये अपने प्रार्थनापत्र में बताया कि,उसका निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार दिनांक-24.05.2022 को बहराइच जनपद के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत साकिन-हन्नी चौराहा निवासी जुनैद अहमद पुत्र स्व0 ताज मोहम्मद के साथ संपन्न हुआ था। निकाह व रुखसती में प्रार्थिनी के माता-पिता ने अपने सामर्थ्यनुसार नकदी, जेवरात, बर्तन, मोटर साइकिल, वस्त्र व अन्य सामान ससुरालीजनो को दिये थे। लेकिन इससे विपक्षी व उसके पारिवारिक सदस्य संतुष्ट नहीं थे, उससे और अधिक दहेज में 2 लाख रूपये नकद व चार पहिया वाहन की मांग कर रहे थे। जिसे लेकर पीड़िता व उसके छोटे बच्चे सऊद सहित को दिनांक-14.05.2024 को मारपीट कर घर से निकाल दिया और विपक्षी स्वयं बाहर चला गया। इसी बीच विपक्षी प्रार्थिनी की अनुपस्थिति में बाहर से घर आकर चोरी-चुपके प्रार्थिनी को बिना तलाक दिये ही अपना दूसरा निकाह कैसरगंज के साकिन मरौठी गाँव की रसीद पुत्र स्व0 हनीफ,की लड़की के साथ ससुरालीजनो के अनुचित सहयोग से कर लिया । जबकि,पीड़िता के मुताबिक पति के दूसरे निकाह किये जाने के संबंध में अपनी कोई सहमति व्यक्त नहीं की है। बावजूद इसके पति ने दूसरा निकाह कर लिया और अब विपक्षीगण एक राय होकर तलाक हेतु पीड़िता पर अनुचित दबाव डाल रहे है और जान से मार डालने की धमकी भी दे रहे हैं। इस संबंध में कैसरगंज पुलिस से शिकायत करने के बावजूद वहाँ की पुलिस ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है।

## पीड़ित की समस्या का गंभीरता से किया जाएगा समाधान- नवागंतुक कोतवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)-** इंस्पेक्टर ब्रजेश बहादुर सिंह ने कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक का कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने अधीनस्थों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस कप्तान डॉ दुर्गेश कुमार ने इंस्पेक्टर अजीत सिंह को कोंच कोतवाली से हटा कर इंस्पेक्टर ब्रजेश बहादुर सिंह को प्रभारी निरीक्षक बना कर यहां भेजा है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही अधीनस्थों के साथ बैठक की और उन्हें अपनी अपेक्षाएं बताते हुए ईमानदारी से अपना काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा, कोई भी पीड़ित अगर अपनी समस्या लेकर आता है तो गंभीरता से सुनने के बाद उसकी समस्या का समुचित समाधान करें। मुंशियाना स्टाफ को भी उन्होंने ठीक ढंग से काम करने की चेतावनी दी। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, दरोगा अशोक कुमार वर्मा, शिवनारायण सिंह, नीतीश कुमार, सुशील कुमार, अभिषेक सिंह सहित समूचा स्टाफ मौजूद रहा। गौरतलब है कि नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह पूर्व में इसी कोतवाली में अतिरिक्त निरीक्षक के तौर पर काम कर चुके हैं। इसके बाद सिरसा कलार, माधौगढ़, डकोर थानों में बतौर प्रभारी निरीक्षक सेवाएं देने के बाद अभी एसओजी प्रभारी का कामकाज देख रहे थे।

## अराजक तत्वों ने की मजार पर अभद्रता, रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाला

**●धार्मिक भावनाएं आहत होने पर लोगों में आक्रोश, हिरासत में एक**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुल्तानपुर –** बल्दीराय थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में कुछ शरारती तत्वों द्वारा अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि इन युवकों ने मजार पर गाली-गलौज करते हुए चादर फेंक दी। इस घटना की रील बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की हरकत से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो के आधार पर दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। सेमरा मजरे विरधौरा निवासी इलियास पुत्र इब्राहिम, जो कर्बला व मजार कमेटी के सदस्य हैं, ने इस संबंध में बल्दीराय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में अनुज पुत्र अरविंद, अमन और दीपांश पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम मेघमऊ पर धार्मिक स्थल को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस वायरल वीडियो की भी गहनता से जांच कर रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## आरटीओ ने गन्ना भरे ट्रक सहित चार वाहनों का किया भारी चालान

### आरटीओ की कार्रवाई से वाहन चालकों मे मचा हड़कंप



**सिंगाही खीरी!** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरहाइट गन्ना लदे ट्रक, एक स्कूल बस एवं एक कार समेत कुल चार वाहनों का भारी चालान किया गया। आरटीओ की इस कार्रवाई से क्षेत्र में डग्गामार वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। यह कार्रवाई सिंगाही बेलरायां स्टेट हाईवे पर की गई, जहां आरटीओ व परिवहन विभाग की टीम ने वाहनों की सघन जांच की। जांच के दौरान कई वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिस पर विभाग ने तत्काल चालानी कार्रवाई की। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल भी रहा।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजिस्टर्ड की ब्लाक स्तरीय बैठक ब्लाक बेहजम हुई सम्पन्न



**लखीमपुर खीरी** (विमलेश पाण्डेय) ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक के द्वारा आयोजित बैठक में सहयोगी तहसील सचिव प्रदीप, यूराज, नवनीत कुमार, ब्लाक बेहजम के पत्रकारों को संगठित कर आगामी कार्यक्रम राष्ट्रीय अधिवेशन लखनऊ को लेकर वार्ता हुई बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर चर्चा की गई इस बैठक में पत्रकारों ने एकजुट होकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। जिला अध्यक्ष विमलेश पाण्डेय ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना हैं, लेकिन आज वही आईना कई बार टूटने की स्थिति में पहुँच गया है। उन्होंने जिले के सभी पत्रकारों से अपील की कि वे राष्ट्रीय अधिवेशन एकजुटता के साथ अधिक संख्या में उपस्थित होकर बृहद कार्यक्रम को सफल बनाए बैठक में विजय मिश्रा, मनोज मिश्रा संगीता जी जिला उपाध्यक्ष महिला विंग, वी के सिंह, इरशाद खां, नीरज कुमार, सुनील कुमार, नरोत्तम राज, अखलेश यादव, रमेश बाजपेई, राहुल कुमार, आदि मौजूद रहे।

## तत्त्वज्ञान का प्रायौगिक सद्ग्रन्थ है श्रीमद्भगवद्गीता- रोहित दास जी '

**लखीमपुर/प्रयागराज।** सन्त ज्ञानेश्वर स्वामी सदानन्द जी परमहंस द्वारा संस्थापित संस्था सदानन्द तत्त्वज्ञान परिषद् के तत्त्वावधान में माघमेला क्षेत्र अपर संगम मार्ग स्थित शिविर में सत्संग सुनाते हुए आचार्य रोहित दास ने कहा, भगवदवतारी श्रीकृष्ण जी की वाणी श्रीमद्भगवद्गीता सम्पूर्ण अर्थात संसार व शरीर सहित जीव एवं ईश्वर और परमेश्वर पांचो स्तंभों को सम्पूर्णतया अर्थात शिक्षा, स्वाध्याय एवं योग-साधना अथवा अध्यात्म और तत्त्वज्ञान नामक चार विधानों के द्वारा अलग-अलग बात-चीत सहित साक्षात् दर्शन से सम्बन्धित एक सम्पूर्ण प्रायौगिक सद्ग्रन्थ है, गीता को कोई भी अपने मन-बुद्धि एवं विचारों से नहीं समझ सकता! महात्मा जी ने कहा कि किसी भी सद्ग्रन्थ के दोहा-चौपाई-श्लोक-मन्त्र के पढ़ने या पाठ करने मात्र से मोक्ष तो मिलता ही नहीं, 'ज्ञान' भी नहीं प्राप्त हो सकता । मोक्ष का हेतु तो एकमात्र 'ज्ञान (तत्त्वज्ञान)' है जिसे प्राप्त करने के लिये भगवान् श्रीकृष्ण जी ने गीता के श्लोक 4/34 के अनुसार ज्ञानाभिलाषी को किसी कर्मकाण्डी या कथावाचक या मन्त्रदाता गुरु के शरण में नहीं, किसी योग-साधना वाले या आध्यात्मिक गुरु के शरण में भी नहीं अपितु तत्त्वज्ञान देने वाले तत्त्ववेत्ता सद्गुरु के शरण में जाने के लिये और उनकी सेवा करते हुये उन्हें प्रसन्न करके श्रद्धापूर्वक भगवत् समर्पित-शरणागत भाव से प्रश्न करते हुये उस 'तत्त्वज्ञान' को पाने के लिये कहा है जिसके प्राप्त होते ही परमात्मा को तत्त्वतः जानने एवं साक्षात् देखने और तत्त्वज्ञान से उनमें प्रविष्ट होने के साथसाथ विराटरूप दर्शन वाले तथा मुक्ति-अमरता का साक्षात् बोध की प्राप्ति हो जाती है । ऐसा 'ज्ञान' यदि नहीं प्राप्त हो रहा हो तो ज्ञानाभिलाषी को समझना चाहिये कि उसे अभी सद्गुरु की प्राप्ति नहीं हुई है।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी पानी की टंकी शोपीस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** जिले के विकास खण्ड निघासन के अंतर्गत नौरंगाबाद पंचायत में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पानी की टंकी आज तक चालू नहीं हो सकी है। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद गांव में एक दिन भी टंकी से जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**टंकी से नल कनेक्शन मिले, लेकिन पानी नहीं**

ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश घरों में नल कनेक्शन तो दे दिए गए हैं, लेकिन पाइपलाइन का कार्य अधूरा और अव्यवस्थित होने के कारण टंकी से पानी की आपूर्ति संभव नहीं हो सकी। कई स्थानों पर पाइपलाइन अधूरी पड़ी है, जबकि कुछ जगहों पर पाइप जमीन के ऊपर ही छोड़ दिए गए हैं, जिससे पूरी व्यवस्था निष्क्रिय बनी हुई है।

**खुदे गड्ढों से गलियों की हालत खराब***

ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन डालने के दौरान खुदे गड्ढों को ठीक से भरा नहीं गया, जिससे गांव की गलियों की स्थिति और भी खराब हो गई है। बरसात के मौसम में इन अधूरे कार्यों के कारण आवागमन में भी परेशानी हो रही है।

**ठेकेदारों पर मनमानी और लापरवाही का आरोप**

नौरंगाबाद पंचायत के लोगों ने आरोप लगाया कि पाइपलाइन का कार्य ठेकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से किया गया। निर्माण के दौरान तकनीकी मानकों और गुणवत्ता की अनदेखी की गई। कागजों में कार्य को पूरा दिखा दिया गया, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को योजना का कोई लाभ नहीं मिल पाया।

**एनसीसी कंपनी पर लापरवाही का आरोप**

ग्रामीणों के अनुसार इस जल परियोजना का कार्य नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी (एनसीसी) द्वारा कराया गया। आरोप है कि कंपनी के जेई और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते पाइपलाइन अधूरी रह गई और पानी की टंकी आज तक चालू नहीं हो सकी।

करोड़ों की लागत से बनी पानी की टंकी अब तक चालू नहीं

कागजों पर एक साल से गांवों में पानी की सप्लाई चालू

कानूनी कागजों में बनी टंकी से पानी की गांवों में प्रतिदिन स्वच्छ जल की सप्लाई हो रही है मगर प्रशासन के अधिकारी जांच करने नहीं आए है। लोगों की माने तो, क्यों नहीं मिली सप्लाई लेकिन प्रोजेक्ट पूरी तरह से खत्म (Final Finish) नहीं हुआ है, अभी कुछ काम चल रहा है। जिससे लोगों को सप्लाई नहीं मिल रही है।

अधूरी और अव्यवस्थित पाइपलाइन से जलापूर्ति बाधित

**ग्रामीणों में नाराजगी, ठेकेदारों पर लापरवाही का आरोप**

जल निगम ने जल्द सुधार और आपूर्ति शुरू करने का दावा किया, कुल मिलाकर जल जीवन मिशन जैसी अहम योजना का लाभ नौरंगाबाद पंचायत के फरदहिया , ऐली, निबुआ फार्म गांवो तक नहीं पहुंच पाने से ग्रामीणों में निराशा है। अब देखना होगा कि प्रशासन और संबंधित एजेंसियां कब तक कमियां दूर कर इस परियोजना को धरातल पर उतार पाती हैं।

# अवैध खनन की चोरी में चल रही सीना जोरी, पुलिस ने 01 ट्रैक्टर ट्रॉली किया सीज



**प्रतापगढ़।** अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए, थाना कुण्डा के उ0नि0 अंकित सिंह द्वारा पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत ताजपुर चौराहा पर चेकिंग के दौरान अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन करते हुए 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में बिना वैध प्रपत्रों के मिट्टी लदी हुई थी, जो प्रथम दृष्टया अवैध खनन की श्रेणी में आता है। उक्त कार्यवाही में 01 महिन्दा ट्रैक्टर लाल रंग का मय ट्राली मिट्टी लदा हुआ पकड़ा गया है।अवैध खनिज परिवहन की पुष्टि होने पर तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज कर दिया गया है।

# क्यों लड़ियां की सड़क पर भारी कीचड़ होने के साथ निकालने का संकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/विकासखंड भदपुरा मैं स्थित मुख्यालय क्यों लड़िया है यहां पर अप्सरा नदी के बांध से निकली शारदा सागर खंड नहर शाहजहांपुर इस पर लोक निर्माण विभाग की सड़क बनी है जो विगत कई बरसों से टूटी पड़ी है जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को अपनी आवश्यकता की सामग्री खरीदने के लिए क्यों लड़ियां आने के लिए इस कीचड़ में होकर गुजरना पड़ता है।

जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष है परंतु इस सड़क निर्माण के लिए कई बार लोगों ने शिकायत की गई परंतु इस आज तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई जिसके कारण इस सड़क पर हल्की सी बारिश होने पर रास्ता बंद होने के कगार पर आ जाता है इसी सड़क पर लोगों की आवश्यकता की वस्तुएं मिलने के सबसे अधिक स्थान भी हैं।

यह सड़क क्यों लड़िया के मुख्य तिराहे से लेकर जवेदा जाने वाली नहर पर बने पुल तक है इस सड़क का निर्माण भाजपा के नवाबगंज विधानसभा से प्रथम बार विधायक बने गेंदालाल गंगवार की यादगार में उसे समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने बनवाया था क्योंकि विधायकगेदन लाल गंगवार का नवाबगंज में बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गई थी परंतु अब यह सड़क मरम्मत के लिए इंतजार कर रही है जिस पर लोगों को निकालने के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ता है।

# राजकीय हाईस्कूल मोहम्मदपुर में वार्षिकोत्सव, धूम धाम से मनाया गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत मोहम्मद पुर में छात्राओं ने सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-2025-26 का आयोजन दिनांक 31.01.2026 को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य जीबी पंत इंटर कॉलेज अभयराजपुर प्रमोद कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि महेंद्र पाल सिंह पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीय स्कूल मोहम्मदपुर राजकुमार प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर प्रवीण कुमार शुक्ला। प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर व एस. एम. डी. सी के सभी सम्मानित सदस्य, अभिभावक गण व जनसमुदाय के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हाईस्कूल के टॉपर्स, पुरा छात्र-छात्राएं, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों मे प्रतिभागी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम मे अरुण कुमार यादव व निरपेक्ष कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय प्रधानाचार्य संजय सिंह द्वारा सभी आगुन्तको का आभार व्यक्त किया गया।

# मत्स्य कृषकों का एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण संपन्न

**बरहज, देवरिया।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 128 मत्स्य कृषकों एवं हितधारकों का पंजीकरण किया गया। यह वृहद पंजीकरण शिविर बरहज विकास खंड परिसर में मत्स्य विभाग देवरिया के तत्वावधान एवं मत्स्यजीवी फिश फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के संयोजन में आयोजित हुआ। शिविर में मछली पालन, झींगा पालन, मछली विक्रेताओं, मत्स्य सहकारी समितियों एवं मछुआरा समूहों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मत्स्य पालक किसान अभिकरण देवरिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय कुमार मिश्र ने बताया कि एनएफडीपी पोर्टल का उद्देश्य मत्स्य पालन एवं इससे जुड़े क्षेत्रों को आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं से सशक्त बनाना है। मत्स्य निरीक्षक कुलदीप सक्सेना ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण से सब्सिडी, वित्तीय सहायता एवं प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं डिजिटल माध्यम से आसानी से उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मत्स्यजीवी एफएफपीसी के चेयरमैन निषाद जितेन्द्र भारत सहित बड़ी संख्या में मछुआ समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# टूण्डला क्रू से बादीकुई तक गाड़ी न चलवाने के सम्बन्ध मैं विरोध प्रर्दशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** 31 जनवरी को क्रू लॉबी टुंडला पर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूण्डला द्वारा गाडी संख्या 54355/56 जो ईदगाह से बांदीकुई तक चलायी जा रही हैं उस गाड़ी को टूण्डला क्रू से न चलवाकर आगरा क्रू के द्वारा चलवाई जा रही हैं। जिससे रनिंग कर्मचारियों मैं काफी रोष व्याप्त था जिसके सम्बंध मै नॉर्थ सेंट्रल मेंस यूनियन टूण्डला (NCRMU)का प्रतिनिधिमण्डल दिनांक 30/01/26 को मंडल विद्युत अभियंता परिचालन टूण्डला से वार्ता करने गए और उनको उक्त के सम्बन्ध मैं ज्ञापन सौंपा गया।

परन्तु फिर भी आगरा क्रू द्वारा बांदीकुई के लिए गाड़ी चलवाई गयी जिससे रनिंग कर्मचारी काफी रोष मैं आ गये और दिनांक 31/01/2026 को NCRMU के पदाधिकारी एवं रनिंग कर्मचारियो ने क्रू लॉबी टुंडला पर भोजनावकाश के समय धरने पर बैठ गए धरना लगभग 2 घंटे चला उसके तदोपरांत मण्डल विद्युत अभियन्ता/परिचालन टुंडला श्री प्रतीक यादव जी क्रू लॉबी टूण्डला पर आये और सभी रनिंग कर्मचारियों को आश्वासन दिया और कहा कि एक हफ्ते मैं आपकी समस्या का समाधान कर दिया जायेगा उसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया धरने मैं मण्डल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह, शाखा मंत्री जय किशन अजवानी, शाखा मंत्री सरदार सिंह, गौरव यादब, नाहर सिंह मीना, सतेन्द्र यादव .सुनील कुमार, कमलेश मीना, लाल मीना, विश्राम मीना, मलखान मीना, लेखराज मीना, मंटू कुमार मीना, मुनेश कुमार मीणा, दिनेश चंद मीना, पूरण मीना, रिंकू मीना, हरिकेश मीना, बाबू लाल, मुन्ना मीना, बत्ति सिंह मीना, हेमराज मीणा, मानसिंह मीना आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत डिहुआ कला में नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर धांधली के आरोप

**● विकासखंड धौरहरा की ग्राम पंचायत डीहुआ कला में प्रधान और पंचायत सचिव पर मिली भगत कर नाल रिपोर्ट और मरम्मत के नाम लाखों का गोलमाल किए जाने के आरोप।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** विकासखंड धौरहरा की ग्राम पंचायत दिहुआ कला हाथ में हैंडपंप रिबोर एवं मरम्मत के लिए काफी समय से चर्चा में बनी है ।यहां पर प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से सरकार के निर्देशों की जमकर धज्जियां उड़ाते हुए हैंडपंप रिपोर एवं मरम्मत के नाम पर लाखों का गोलमाल कर लिए जाने का इल्जाम लगाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं धौरहरा की चर्चित इस ग्राम पंचायत के मजरा कटैला पुरवा में कई नल आज भी खराब पड़े हुए हैं। जिन पर गांव वाले कंडे पाथरहे हैं। एक तरफ जहां डबल इंजन की सरकार लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने को हर घर नल जल योजना चल रही है। वहीं दूसरी तरफ चंद्र रूपये की खातिर मातहतो द्वारा सरकार के मंसूबों पर पानी फेर जा रहा है ।ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को जरा सा भी शासन का खौफ नहीं है जो बेखौफ होकर कागजी आंकड़ों की बाजीगरी कर सरकारी खजाने को चपात लगाने में लगे दिखाई पड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि आखिर कब इस खेल पर लगेगी लगाम? क्या इसी तरह जनता को गुमराह किया जाता रहेगा? हैंडपंप खराब पड़े होने के चलते लोगो को बूंद बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है। पीने का पानी लाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और जिम्मेदार मौन धारण किए हुए बैठे हैं ।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है मामले की दर्जनों शिकायतें भी हुई और मामला अखबारी सुर्खियां भी बना इसके बावजूद किसी भी अफसर के कान पर जू तक नहीं रेंग रहा है ।सरकार द्वारा भारी भरकम बजट दिए जाने के बावजूद सरकार की छवि धूमिल की जा रही है ग्रामीणों ने उक्त मामले की जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# क्रॉस रोड इंटरनेशनल स्कूल की एनओसी पर सवाल

**● भवन की सुरक्षा जांच की उठी मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** शहर की बांकेगंज रोड स्थित क्रॉस रोड इंटरनेशनल स्कूल को लेकर इन दिनों क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों के बीच स्कूल भवन की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि कुछ समय पूर्व स्कूल भवन में आग लगने की घटना के बाद उसका लिंटर और दीवारें जर्जर हो चुकी है, इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा सांठ गांठ कर स्कूल की एनओसी जारी कर दी गई, जो कई संदेहों को जन्म दे रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार जिस भवन में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, उसकी स्थिति मजबूत नहीं है। आरोप है कि आग की घटना के बाद भवन की तकनीकी जांच नहीं कराई गई, जबकि उसी भवन में रोजाना सैकड़ों बच्चे और शिक्षक मौजूद रहते हैं। ऐसे में किसी भी समय कोई बड़ी अनहोनी होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

समाजसेवियों का कहना है कि शिक्षा के नाम पर बच्चों और शिक्षकों की जान को खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि स्कूल भवन की पीडब्ल्यूडी या सक्षम तकनीकी एजेंसी से मानक के अनुसार जांच कराई जाए और जब तक भवन पूरी तरह सुरक्षित घोषित न हो जाए, तब तक विद्यालय के संचालन पर रोक लगाई जाए।

लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि भवन वास्तव में कमजोर है तो एनओसी किन परिस्थितियों में जारी की गई। इसकी भी




निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। समाजसेवियों ने प्रशासन से अपील की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निरीक्षण कर स्पष्ट स्थिति जनता के सामने रखी जाए, ताकि किसी भी संभावित हादसे से पहले आवश्यक कदम उठाए जा सकें। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बच्चों का भविष्य और जीवन दोनों ही अनमोल हैं, इसलिए प्रशासन को इस मामले में कठोर और पारदर्शी कार्रवाई करनी चाहिए।

# मितौली में चोरों का तांडव: प्राथमिक विद्यालय और ऑटो चालक बने निशाना, फरियाद लेकर पहुंचे पीड़ित को पुलिस ने थाने से भगाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देते हुए जहां एक प्राथमिक विद्यालय की दीवार तोड़कर राशन और सिलेंडर पार कर दिया, वहीं एक गरीब ऑटो चालक की रोजी-रोटी पर भी हाथ साफ कर दिया। हद तो तब हो गई जब चोरी की शिकायत लेकर थाने पहुंचे पीड़ित को न्याय का भरोसा देने के बजाय पुलिसकर्मियों ने यह कहकर धमका दिया कि 'अपना सामान नहीं बचा पाए, तो हम क्या करें।

**प्राथमिक विद्यालय की दीवार तोड़कर राशन चोरी**

पहली घटना थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर की है। विद्यालय के रसोइ4द्ब की दीवार तोड़कर अज्ञात चोरों ने अंदर रखा गैस चूल्हा और एक बोरी चावल चोरी कर लिया। सुबह जब अध्यापक विद्यालय पहुंचे, तो टूटा हुआ सामान और दीवार देख सन्न रह गए। अध्यापकों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी।

**घर के बाहर से ऑटो चोरी, बैटरी निकाल कर छोड़ा**

दूसरी घटना गांव मीरपुर की है। यहां रहने वाले राममोहन तिवारी (पुत्र चंद्रपाल तिवारी) ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। रोज की तरह उन्होंने अपना ऑटो घर के बाहर खड़ा किया था, जिसे रात में चोर उड़ा ले गए। सुबह काफी खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने बताया कि उनका ऑटो अकबरपुर मार्ग पर 'परमाताल' के पास लावारिस हालत में खड़ा है। राममोहन जब वहां पहुंचे, तो ऑटो मिल गया लेकिन चोरों ने उसमें से बैटरी निकाल ली थी।

**पुलिस का बेतुका बयान: 'अपनी सुरक्षा खुद नहीं कर सकते तो हम क्या करें? '**

इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। पीड़ित राममोहन तिवारी जब चोरी की सूचना देने मितौली थाने पहुंचे, तो वहां मौजूद दीवान (जिनका नाम मिश्रा बताया जा रहा है) ने मदद करने के बजाय पीड़ित को ही खरी-खोटी सुना दी। आरोप है कि दीवान ने धमकाते हुए कहा, 'जब अपना सामान नहीं बचा पाए तो हम क्या करें। पुलिस के इस रवैये से पीड़ित हताश होकर लौट आया।



**नए प्रभारी के आते ही बढ़ा अपराध का ग्राफ**

कस्बे और आसपास के इलाकों में लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भारी रोष है। दबी जुबां में लोग चर्चा कर रहे हैं कि जब से नए थाना प्रभारी ने चार्ज संभाला है, क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। लोगों का कहना है कि पुलिस की हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों पर पकड़ ढीली हो गई है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है।

# नेताओं के लखनऊ आने पर छह तक रोक, बैठक और दौरे रद्द, वार रूम बना, क्यों फ़ैसला

**लखीमपुर खीरी** भाजपा का कोई पदाधिकारी या नेता चेहरा चमकाने को लखनऊ प्रदेश कार्यालय पहुंच रहा है तो उसे कोप का भाजन बनना पड़ रहा है। विधानसभा और विधान परिषद की सभी कमेटियों की बैठकें और दौरे भी छह फरवरी तक स्थगित कर दिए गए हैं।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर सन्नाटा पसरा है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक सबको छह फरवरी तक राजधानी लखनऊ आने पर रोक लगा दी गई है। कोई पदाधिकारी या नेता चेहरा चमकाने को कार्यालय पहुंच रहा है तो उसे कोप का भाजन बनना पड़ रहा है। खास बात यह है कि विधानसभा और विधान परिषद की सभी कमेटियों की बैठकें और दौरे भी छह फरवरी तक स्थगित कर दिए गए हैं। सारी कवायद गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हो रही है। पार्टी की ओर से प्रदेश मुख्यालय पर एसआईआर के लिए वार रूम बनाया गया है। वहां कुछ पदाधिकारियों के साथ ही वालंटियरों की पूरी टीम लगाई गई है।कमेटियों की इन बैठकों और भ्रमण को स्थगित किए जाने को लेकर विधानसभा और विधान परिषद की ओर से आदेश जारी किए गए हैं।

इसमें पूर्व निर्धारित भ्रमण व बैठकें भी तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश हैं। हालांकि इन आदेशों में एसआईआर का जिक्र नहीं है। मगर स्थगन की वजह यही मानी जा रही है। दरअसल, एसआईआर की अंतिम तिथि भी छह फरवरी है। समितियों की बैठकें व जिलों में भ्रमण भी छह फरवरी तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। दरअसल, पार्टी ने सभी विधायकों को अपने क्षेत्र में डेरा डालने को कहा है जबकि विधान परिषद सदस्यों को भी कम एसआईआर वाली सीटों पर लगाया गया है।

**वार रूम बनाकर हो रही निगरानी**

प्रदेश मुख्यालय पर एसआईआर के लिए बनाए गए वार रूम से प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों की लगातार अपडेट ली जा रही है। महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह लगातार इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। जिन विधानसभा क्षेत्रों में नए मतदाता बनाने की गति धीमी है, वहां के विधायकों या संभावित दावेदारों के पास सीधे फोन पहुंच रहे हैं। उन्हें क्षेत्र में ही डेरा डालने और सभी कार्यकर्ताओं से नियमित रिपोर्ट लेने को कहा गया है।बुधवार को भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एसआईआर की समीक्षा की गई। पार्टी सूत्रों की मानें तो बीते दो-तीन दिनों में प्रदेश में नए वोटर बनाने के काम में खासी तेजी आई है। अब तक प्रदेश में 36 लाख से अधिक नये वोटर बनाए जा चुके हैं। खास बात यह है कि छह फरवरी तक सभी कार्यकर्ताओं को अकारण लखनऊ आने को मना कर दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा विषय पर छात्रों ने निबंध, क्विज प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

### प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने प्रदान किये मेडल

**देवरिया, 31 जनवरी।** 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह शुक्रवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय औरा-चौरी, बैतालपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी विजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, एआरटीओ आशुतोष शुक्ला सहित शिक्षा व परिवहन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय प्रशासन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर निबंध, क्विज प्रतियोगिता एवं नाटक प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मेडल प्रदान किए गए। मुख्य राजस्व अधिकारी ने बच्चों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात नियमों के पालन, दोपहिया वाहन पर हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के प्रयोग पर जोर दिया। एआरटीओ ने गोल्डन ऑवर, राहवीर योजना एवं कैशलेस उपचार की जानकारी दी।

# संक्षिप्त खबरें

## अधिवर्षता पूर्ण कर सीएफओ व उपनिरीक्षक हुए सेवानिवृत्त को दी गई विदाई



**भदोही।** जनपद भदोही में तैनात मुख्य अग्निशमन अधिकारी विश्वरूप बनर्जी एवं उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह ने दिनांक 31 जनवरी 2026 को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति ग्रहण की। दोनों अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर पुलिस लाइन ज्ञानपुर में आयोजित विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल, सुखमय एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदा किया गया। विदाई समारोह में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे और सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के दीर्घायु व सुखद जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## एटीएम से कार्ड बदल कर खाते से निकाले बीस हजार, मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** नगर के पड़ाव स्थित पंजाब नैशनल बैंक के एटीम पर कार्ड बदल कर खाते से 20 हजार रुपया निकाल लेने के मामले में मुकदमा कायम कर पुलिस जांच पड़ताल शुरु कर दी है। गोपीगंज थाना क्षेत्र के रैपुरी गांव निवासी दुर्गा प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर घटना की जानकारी दी,अवगत कराया कि 29 जनवरी को पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गया था उसी दौरान सफेद कलर के ड्रेस में एक युवक एटीएम के पास आया और चोरी से मशीन मे लगा एटीएम बदल दिया वह इस घटना को नही देख पाया लगभग 4 मिनट के बाद उसके खाते से पांच पांच हजार रूपये करके चार बार में बीस हजार रूपये निकाल लिया। तहरीर पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा कायम कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दिया है।

## सीडीओ ने ग्राम पंचायत नारेपार में निर्माणाधीन गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल द्वारा विकासखंड डीघ की ग्राम पंचायत नारेपार में निर्माणाधीन गौ आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सीडीओ ने कार्यदाई संस्था सीएलडीएफ के अभियंता को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को शासन द्वारा निर्धारित मानक विशिष्टियों के अनुरूप, गुणवत्ता बनाए रखते हुए एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए, ताकि गौवंश संरक्षण से जुड़ी इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा निर्माण की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## युवक की गुजरात में उपचार के दौरान हुई मौत




**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव निवासी युवक की गुजरात में शुक्रवार की रात्रि में तबियत बिगड़ने पर उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। युवक का शव गुजरात से घर लाया जा रहा है।थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव निवासी विपिन (27)अक्टूबर माह में प्राइवेट कंपनी में कार्य करने के लिए गुजरात गया था। मंगलवार की रात्रि मे अचानक पेट में दर्द होने से तबियत बिगड़ने पर साथियों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जंहा पर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।मौत की सूचना मिलने पर कोहराम मच गया युवक के शव को एम्बुलेंस से गुजरात से अहुगी खुर्द गांव घर लाया जा रहा है। मृत युवक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। मृतक के पिता दयाशंकर अग्रहरि ने बताया की बेटे की अचानक तबियत बिगड़ने से गुजरात में मौत हो गई है।

# मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु आयोजित हुआ विशेष अभियान दिवस

● जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर मतदाताओं को पंजीकरण हेतु किया जागरूक

विशेष अभियान दिवस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए

डीईओ,डिप्टी डीईओ,समस्त ईआरओ/एईआरओ ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी

प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क की गई स्थापना, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की गई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में मतदाताओं की सुविधा के लिए 31 जनवरी 2026 शनिवार को जनपद के तीनों विधानसभाओं के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा अपने मतदेय स्थलों पर सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 तक 06 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची को प्रदर्शित किया गया। ऐसे मतदाता जो मृतक, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि, स्थानांतरित, गणना प्रपत्र हस्ताक्षर कर बीएलओ को वापस न देने के कारण आलेख्य मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए है, उनकी सूची भी प्रदर्शित की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश में आज विशेष अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया जहां मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की गई।दावे और आपत्तियों से संबंधित सभी प्रकार के फॉर्म यथा फॉर्म 6, फॉर्म 6, फॉर्म 7 व फॉर्म 8 की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता भी सुनिश्चित रही। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी नियमानुसार सहयोग लिया गया। विशेष अभियान दिवस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार द्वारा विधानसभा ज्ञानपुर के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर में बूथ संख्या 421 की बीएलओ रंजना कुमारी, 422 के विमल कुमार मिश्रा से जानकारी ली तथा बूथ पर आए हुए मतदाताओं से भी संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कराया।

विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त प्रशासन रामकुमार द्विवेदी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भदोही अरुण गिरी, ज्ञानपुर भान सिंह,औराई श्याम मणि त्रिपाठी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की गई।

सभी मतदाताओं से अपील की गई कि अपने बूथ पर जाकर 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि आपका नाम आलेख्य मतदाता सूची में न हो तो घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें अथवा ECINET मोबाइल एप्लीकेशन या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म 8 भरें। ऐसे युवा जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वह भी घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह भव्यता के साथ संपन्न



**भदोही।** परिवहन विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (01 से 31 जनवरी 2026) का समापन समारोह जनपद भदोही में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सहभागिता कर जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि जन-जागरूकता से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी संभव है, जबकि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवरस्पीडिंग व नशे में वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों के पालन का आह्वान किया। उप संभागीय परिवहन अधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि माहभर स्कूलों, कॉलेजों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से जागरूकता रैली, गोष्ठी व संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन अवसर पर योगदान देने वाले एनसीसी कैडेट्स, स्काउट वॉलेंटियर्स व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिवहन व पुलिस विभाग के अधिकारी, शिक्षा संस्थानों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## जैविक नवाचार विज्ञान की नई दिशा- डॉ संगीता शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल एवं आई0 क्यू0 ए0 सी0 के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित 'इनोवेशन टेक्नीक्स इन साइंस' विषयक सात दिवसीय कार्यशाला के पंचम दिवस का आयोजन शनिवार को जंतु विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो माधवी शुक्ला, मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ संगीता शुक्ला तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ अवधेश कुमार यादव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर आयोजित विशेष व्याख्यान का विषय 'इंट्रोडक्शन टू।बायोलॉजिकल इनोवेशन इन डिफरेंट फील्ड्स' रहा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो माधवी शुक्ला ने कहा कि जैविक विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार वर्तमान समय की आवश्यकता है।जैव प्रौद्योगिकी, जैव-चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण, कृषि एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में जैविक नवाचारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती जा रही है। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 संगीता शुक्ला एसोसिएट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान विभाग हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाराणसी उपस्थित रहीं।

उन्होंने अपने व्याख्यान में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे जैविक नवाचारों जैसे कि बायोट्रांस, ट्रांसपेरेंट सोलर स्प्रे, सीबिन, जीन मेडिसिन, इम्यूनोथेरेपी पर विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा बताया कि किस प्रकार आधुनिक जैविक अनुसंधान मानव जीवन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में अनुसंधान नवाचार एवं करियर की संभावनाओं से भी अवगत कराया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता का स्वागत कार्यक्रम संयोजक डॉ अवधेश कुमार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिखा तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीपक कुमार सिंह के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ रजनीश, डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ दीप नारायण, डॉ शेफालिका रॉय, डॉ नलिनी सिंह, डॉ विद्या सिंह,डॉ रीता मिश्रा, डॉ गुरु प्रसाद, डॉ अमित कुमार सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी डॉ रामानंद पुजारी धर्मेंद्र सिंह, रामकेश सोनकर, कमलेश शुक्ला, धरमचंद्र यादव उपस्थित रहे।

# जेल रसोई में बनी अरहर की दाल को चखकर डीएम व एसपी ने परखी गुणवत्ता

● जिला कारागार का किया संयुक्त निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जेल अधीक्षक अभिषेक सिंह के साथ जिला कारागार ज्ञानपुर का संयुक्त एवं आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल में निरुद्ध बंदियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा सभी सुविधाएं समय से और गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में डीएम व एसपी ने पुरुष, महिला एवं किशोर बैरकों, रसोईघर, खाद्यान्न भंडार एवं जेल परिसर में संचालित डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया। डिस्पेंसरी में उपलब्ध दवाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। रसोईघर में बनी अरहर की दाल को चखकर उसकी पौष्टिकता का परीक्षण किया गया, साथ ही गोभी-मटर-टमाटर




की सब्जी एवं सरसों तेल की गुणवत्ता की भी जांच की गई।

इसके पश्चात अधिकारियों ने महिला बैरक में जाकर बंदियों से संवाद किया और जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बुनकर बंदियों द्वारा निर्मित कालीनों की विविध वैरायटी एवं आकर्षक मॉडलों को देखकर डीएम व एसपी ने उनके कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, शौचालय, साफ-सफाई एवं मुलाकाती पंजिका का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## महाशिवरात्रि पर गोपीगंज में भव्य महोत्सव व ऐतिहासिक शिव बारात शोभायात्रा का आयोजन

**गोपीगंज।** नगर स्थित बाबा बड़े शिव धाम में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर भव्य महोत्सव एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर शनिवार को मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रबंधक रामकृष्ण खट्टू ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 फरवरी (रविवार) को सायं 3 बजे बाबा बड़े शिव धाम से ऐतिहासिक शिव बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, बग्गी, रथ, ढोल-नगाड़ों व अन्य वाद्य यंत्रों के साथ भगवान शिव, विष्णु, ब्रह्मा, गणेश, नंदी आदि की आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। शिव बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः बड़े शिव धाम पहुंचकर संपन्न होगी। समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में संरक्षक प्रहलाद दास गुप्ता, अध्यक्ष उदयभान सिंह, उपाध्यक्ष आशीष सिंह सहित समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# महर्षि आज़ाद राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रायबरेली को हराकर बाँदा फाइनल में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र स्थित महर्षि आज़ाद स्टेडियम, मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आज़ाद राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबला बाँदा और रायबरेली के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बाँदा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रायबरेली को 82 रनों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। मैच में रायबरेली के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाँदा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 238 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बाँदा की ओर से राहुल राज ने तूफानी अंदाज़ में बल्लेबाजी करते हुए 58 गेंदों पर 123 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। वहीं आशीष रत्नम ने 36 गेंदों पर 69 रनों की नाबाद तेजतर्रार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया।

रायबरेली की ओर से गेंदबाजी में उमर ने 2 विकेट झटके, जबकि अभिषेक और अमित को एक-एक सफलता मिली। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायबरेली की टीम बाँदा के घातक गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 16.3 ओवर में 156 रन पर सिमट गई। रायबरेली की ओर से उमर ने 31 गेंदों पर 65 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि सक्षम ने 15 गेंदों पर 24 रन बनाए, लेकिन दोनों ही बल्लेबाज टीम को जीत तक नहीं पहुँचा सके। बाँदा की गेंदबाजी में राहुल राज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि वैभव पाल ने 3 विकेट और पंकज विश्वकर्मा ने 2 महत्वपूर्ण विकेट लेकर रायबरेली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

82 रनों से हार के साथ रायबरेली की टीम का सफर सेमीफाइनल में ही समाप्त हो गया। रविवार को फाइनल मुकाबला सेवाश्रम इंटर कॉलेज सुरियावां और बाँदा के बीच खेला जाएगा। सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान अंपायर की अहम भूमिका में दिल्ली से मेराज खान तथा झारखंड से अविनाश यादव मौजूद रहे।दोनों अंपायरों ने पूरे मैच में निष्पक्ष, अनुशासित एवं सराहनीय निर्णय देकर खेल को सुचारु रूप से संचालित किया।




खिलाड़ियों और दर्शकों ने उनके फैसलों की सराहना की। मैच के विशिष्ट अतिथि रहे भदोही विधायक जाहिद जमाल बेग व डंगहर के पूर्व प्रधान रामबली पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, विजयशंकर राय, राजमणि पांडेय, मथुरा प्रसाद बयादव, दिनेश यादव दादा, जमींदार बिंद, रवीं सिंह, राजकुमार सरोज, जेपी सिंह, रामजीत यादव, श्याम बहादुर यादव, परमेंद्र गौतम, राकेश वर्मा, मनोज गौतम, अतुल सिंह, नितेश श्रीवास्तव, सनी सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही/** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुयी। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण आदित्य कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में 2028 तक सभी मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 01 अप्रैल, 2016 को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रीण संचालित की गयी है। योजनान्तर्गत अब तक कुल 38848 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। नये पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत 546 ग्राम पंचायतों में कुल 63595 परिवारों का सर्वे किया गया है, जिसमें सेल्फ सर्वे के 14028 एवं असिस्टेड सर्वे के 49567 सम्मिलित हैं। सर्वे में कुल 63595 परिवार हैं, जिसके सापेक्ष 23041 परिवार का जॉबकार्ड फीड हो गया है, जो 36.23 प्रतिशत है। वर्तमान में 40554 जॉबकार्ड फीड कराया जाना शेष है। समस्त खण्ड विकास अधिकारी शीघ्र फीडिंग का कार्य पूर्ण करायें। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे डिलीशन मॉड्यूल पर वेरीफाई हेतु शेष डेटा 1922 अवशेष है, जिसके प्राथमिकता के आधार पर आज ही शून्य कराया जाना सुनिश्चित करायें।

बैठक में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को मनरेगा के स्थान पर संचालित होने वाली योजना विकसित भारत जी राम जी के संबंध में जानकारी दी गयी। निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत पूर्णता हेतु शेष 8656 कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायें। जिन 813 परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया गया है, उनका पंजीकरण श्रम विभाग के पोर्टल पर करायें । 170 अमृत सरोवरों का रख-रखाव एवं उसमें पानी रहने की व्यवस्था करायें । 07 निर्माणाधीन अमृत सरोवरों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायें। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 79896 के सापेक्ष 40265 ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण किया गया है, जो 50.40 प्रतिशत है। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्राथमिकता के आधार पर शतप्रतिशत ई-केवाईसी अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करायें।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को अवगत कराया गया कि एनआरएलएम अन्तर्गत 68 बैंक सखी को 16,42,000.00 माह जुलाई से दिसम्बर तक का, 68 बैंक सखी को 14,25,248.00 माह अक्टूबर, 24 से मार्च, 25 तक, एफ. एल. सीआरपी 37 को 15,73,240.00 रूपये अप्रैल, 24 से मार्च, 25 तक मानदेय का भुगतान निर्गत कर दिया गया है। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे एनआरएलएम के कार्यो पर सर्तक दृष्टि रखें तथा सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास एवं बी.एम.एम. से समीक्षा कर योजनान्तर्गत अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करायें। 66135 जॉबकार्डधारक एवं 38848 प्रधानंत्री आवास के एवं 4502 मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को समूह में जोड़ा जाना सुनिश्चित करायें।

तीनों श्रेणी के पेंशन के समीक्षा में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, एवं निराश्रित महिला पेंशन के अन्तर्गत विकासखण्ड के पोर्टल पर लम्बित आवेदनों का परीक्षण कराते हुए पात्र व्यक्त्यिों को पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। समय-समय पर सत्यापन करते हुए अपात्र व्यक्तियों का नाम डिलीट करायें। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के समीक्षा में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को अवगत कराया गया कि दिनांक 12 फरवरी को मुख्यमंत्री सामुहिक शादी योजनान्तर्गत अवशेष लक्ष्य को पूर्ण किये जाने हेतु विवाह की तिथि निर्धारित है। निर्देशित किया गया कि प्रथम आवक प्रथम पावक के अनुसार शादी हेतु आवेदन किये जोड़ों का गहनता से परीक्षण कर विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करायें।

समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के कम में विकासखण्डों पर साफ-सफाई करायें, बेसिक लैण्डलाईन फोन को कियाशील करायें समय से जनसुनवाई हेतु विकासखण्ड पर उपलब्ध रहें।

अपने अधीनस्थ कार्मिकों की विकासखण्ड पर समय से उपस्थिति सुनिश्चित करायें। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को अवगत कराया गया कि माह फरवरी एवं मार्च में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा क्षेत्र/कार्यालय भ्रमण का रोस्टर निर्गत किया गया है। निर्देशित किया गया कि उक्त रोस्टर को संज्ञान में लेकर अपने विकासखण्ड से सम्बन्धित समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें ताकि उच्चाधिकारियों के निरीक्षण में किसी प्रकार की प्रतिकूल परिस्थिति का सामना न करना पडे। बैठक में समिति के सदस्यगण व समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मड़हे में लगी आग गृहस्थी का सामान जल कर हुआ खाक

● ग्रामीणों ने मड़हे के भीतर सो रहे दो वर्षीय बालक को बाहर निकाल बचाई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मझियार गांव में एक व्यक्ति के रिहायशी मड़हे में संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार सुबह आग लग गई।मड़हे के भीतर सो रहे दो वर्षीय बालक को ग्रामीणों ने किसी तरह से बाहर निकाल उसकी जान बचाई।आग से एक लाख रुपए नकद सहित गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। सुबह लगभग आठ बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मझियार गांव निवासी मोहन गुप्ता के रिहायशी मड़हे में आग लग गई उस समय परिजन बगल स्थित खेत में काम कर रहे थे। मड़हे में आग की लपटे देखकर दौड़कर आए हल्ला गुल्ला मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने मड़हे के भीतर सो रहे बबलू गुप्ता के दो वर्षीय पुत्र



शिवांश को किसी तरह से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। ग्रामीणों ने मोटर पंप चालू कर आग पर काबू पाना चाहा लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी।आग की चपेट में आने से एक लाख रुपए नकद गृहस्थी का सामान कपड़े चारपाई,दो साइकिल खाद्यान्न गेंहू चावल आदि जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने मोटर पंप चलकर आग पर काबू पाया। पीड़ित मोहन गुप्ता का कहना है कि धान बिक्री से मिले एक लाख रुपए सहित सम्पूर्ण गृहस्थी का सामान जल गया लगभग दो लाख रूपए की क्षति हुई है।

## प्राचीन गौरी शंकर महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में भंडारा आयोजित



**चुनार, मीरजापुर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष तहसील प्रांगण में स्थित प्राचीन गौरी शंकर महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। शुक्रवार को प्रातः 7.00 बजे से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जो शनिवार को प्रातः उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा सपत्नीक अभिषेक, आरती किया। तत्पश्चात दोपहर 1.00 बजे से प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विधायक अनुराग सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद, राकेश मिश्रा, प्रशान्त, लेखपाल संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर मिश्रा, लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अजय मिश्रा, लेखपाल संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह एडवोकेट, शिवअचल मौर्या एड0, कमलेश कुशवाहा, शौरभ श्रीवास्तव एडवोकेट, शौरभ पुजारी, धीरेन्द्र सिंह, प्रतीक राव बैद्य सहित बड़ी संख्या में तहसील कर्मी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीलू मिश्रा ने रजत जीता

● बाल विकास परियोजनाअधिकारी सीखड़ नीलू मिश्रा ने रजत पदक जीता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** त्रिवेंद्रम केरल में आयोजित 46 वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शनिवार को नीलू मिश्रा ने पचास प्लस आयु वर्ग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। वर्तमान समय में नीलू मिश्रा बाल विकास परियोजना अधिकारी सीखड़ के पद पर कार्यरत हैं। 46 वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता केरल के त्रिवेंद्रम में 27जनवरी से 1फरवरी तक आयोजित किया गया है।इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नीलू मिश्रा ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। शनिवार 31जनवरी को आयोजित ऊंची जंप प्रतियोगिता में नीलू मिश्रा ने पचास वर्ष आयु वर्ग में एक मीटर 10 सेंटीमीटर की ऊंचाई पार कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रथम स्थान पर असम की पूर्णिमा रही, जिन्होंने ने 1मीटर 25 सेंटीमीटर की ऊंचाई पार की।वही तृतीय स्थान पर केरल, दिल्ली, और कर्नाटक की खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ नीलू मिश्रा ने अगस्त 20026 में दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में क्वालीफाई कर लिया है, जहां वें भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। एक फरवरी को नीलू मिश्रा पोल वाल्ट प्रतियोगिता में भी पचास प्लस आयु वर्ग में भाग लेंगी।नीलू मिश्रा वर्तमान समय में बाल विकास परियोजना




अधिकारी सीखड़ के पद पर कार्यरत हैं।उनकी इस सफलता पर विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं पत्रकार अभय राज मिश्रा,रतन पांडेय, रूपेश पांडेय, राजन दुबे, एस पी पाठक, गोपीनाथ मिश्रा, बड़े बाबू संजीव मोटवानी, मुख्य सेविका रेनू मौर्या सहित खेल प्रेमी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# संक्षिप्त खबरें

## नैनी स्टेशन पर बैंड दल ने देशभक्ति गीतों की धुन प्रस्तुत की



**नैनी, प्रयागराज-** नैनी स्टेशन पर शनिवार को माघ मेला 2026 के तहत माघी पूर्णिमा स्नान पर्व से पहले 42वीं वाहिनी पीएसी के बैंड दल ने देशभक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत कीं। बैंड की मधुर और जोशीली प्रस्तुतियों ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का मनोरंजन करने के साथ-साथ एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर वंदे मातरम की वर्षगांठ को लेकर लोगों को जागरूक भी किया गया।नैनी स्टेशन पर पीएसी की ओर से आयोजित इस बैंड कार्यक्रम को देखने और देशभक्ति धुनों को सुनने के लिए यात्रियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। स्टेशन परिसर देशभक्ति गीतों से गूंज उठा और लोग बैंड की प्रस्तुतियों में रुचि लेते नजर आए।इस संबंध में 42वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर माघ मेले में पीएसी बैंड के माध्यम से देशभक्ति गीतों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंड की धुनों के जरिए लोगों के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ उन्हें एकता का संदेश दिया जा रहा है।

## मृत्युंजय भगवान् शिव मुक्ति एवं भुक्ति देते हैं



**नैनी, प्रयागराज-** ब्रह्मानंद सरस्वती आश्रम अरैल में महर्षि स्मारक के निकट वेदविद्यामार्तंड ब्रह्मचारी डॉ गिरीश जी के नेतृत्व में श्री शिव पुराण की कथा चल रही है। जिसमें विद्वान आचार्य डॉ निलिम्प त्रिपाठी ने बताया कि परमात्मा अंतः करण सापेक्ष हैं। वे कृपा करते हैं। प्रभु साधन से नहीं, अपितु स्वभाव से सिद्ध होते हैं। भगवान प्रभाव नहीं स्वभाव देखते हैं।शनिवार को आचार्य जी ने 12 ज्योतिर्लिंगों की कथा सुनाई तथा भगवान शिव के द्वारा विभिन्न अवतारों को सूक्ष्म रूप से विवेचित किया। भारी संख्या में भक्त आ रहे हैं। इस अवसर पर आचार्य सुनील जी आश्रम प्रभारी बसंत दास जी ने पुष्पमाला पहनाकर गुरु जी का स्वागत किया। कार्यक्रम में संदीप दुबे, ऋषि त्रिवेदी ,विमल मिश्रा, सोनू पांडे, विमल त्रिपाठी, अरिन्दम त्रिपाठी, प्रभाकराचार्य त्रिपाठी,मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नैनी स्टेशन पर पॉइंट्स मैन की सूझबूझ यात्री की बची जान



**नैनी प्रयागराज-** शनिवार को नैनी स्टेशन पर समय लगभग 4 बजे एक घटना होते-होते टल गई। प्लेटफार्म संख्या 4 से गुजर रही गाड़ी संख्या 11071 कामायनी एक्सप्रेस (प्रयागराज की ओर) में एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान यात्री का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन एवं प्लेटफार्म के बीच गिर पड़ा।उक्त समय गाड़ी को वेव करते हुए ड्यूटी पर तैनात पॉइंट्स मैन सूबे सिंह चौधरी ने अद्भुत सूझबूझ, तत्परता एवं साहस का परिचय देते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना तत्काल कार्रवाई की और गिरते हुए यात्री को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया से एक अमूल्य जीवन की रक्षा हो सकी। यह उल्लेखनीय है कि श्री सूबे सिंह चौधरी मूल रूप से बीकानेर मंडल से हैं तथा माघ मेले के दौरान विशेष ड्यूटी हेतु प्रयागराज मंडल आए हैं। वर्तमान में उन्हें नैनी स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात किया गया है। उनके इस सराहनीय एवं साहसिक कार्य से न केवल एक यात्री की जान बची, बल्कि रेल प्रशासन का गौरव भी बढ़ा है।

## यूपी के इस जिले में सड़क चौड़ीकरण के निर्देश, लगाई जाएंगी स्ट्रीट लाइटें

**हरदोई।** स्वामी विवेकानंद सभागार में हुई जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं, आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी अनुनय झा ने गंगा देवी मार्ग से शुगर मिल कॉलोनी तक स्ट्रीट लाइट व सड़क चौड़ीकरण करने के निर्देश दिये। बताया गया कि हथौड़ा से बेरूआ थानगांव की खराब सड़क की समस्या के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने पुनः अनुस्मारक पत्र भेजने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी व अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सीएसएन कॉलेज के सामने की सीसी रोड बनाने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब विद्युत पोलों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। प्रत्येक शिकायत या आवेदन का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि उद्यमियों के साथ लगातार समन्वय बनाकर उनकी व्यावहारिक समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि जिले में औद्योगिक विकास की गति को और बल मिल सके।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपियों के पैर में गोली मारने की प्रथा को लेकर यूपी पुलिस को फटकार लगाई, स्पष्टीकरण मांगा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आरोपियों के पैरों में गोली मारने और बाद में इसे मुठभेड़ बताने की बढ़ती प्रथा पर कड़ा रुख अपनाया है [राजू उर्फ राजकुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य]28 जनवरी को पारित एक आदेश के माध्यम से, न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने पुलिस महानिदेशक (डी जीपी) के साथ-साथ राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को शुक्रवार, 30 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने का आदेश दिया। डीजीपी और गृह सचिव से कोर्ट को यह बताने के लिए कहा गया है कि क्या पुलिस अधिकारियों को आरोपियों के पैरों में गोली मारने या इसे पुलिस मुठभेड़ बताकर ऐसा करने के लिए कोई मौखिक या लिखित निर्देश जारी किए गए हैं।

28 जनवरी के आदेश में, कोर्ट ने कहा कि पुलिस मुठभेड़ों की प्रथा, खासकर आरोपियों के पैरों पर गोली चलाना, अब एक आम बात हो गई है।बेंच ने टिप्पणी की कि ऐसा जाहिर तौर पर वरिष्ठ अधिकारियों को खुश करने या आरोपियों को सजा के तौर पर तथाकथित सबक सिखाने के लिए किया जाता है।' कोर्ट ने आगे कहा कि कुछ पुलिस अधिकारी उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने या घटनाओं को पुलिस मुठभेड़ के रूप में पेश करके जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहे होंगे।न्यायाधीश ने कहा, 'यह कोर्ट अक्सर ऐसे मामलों का सामना करता है जहां, चोरी जैसे छोटे अपराधों में भी, पुलिस घटना को पुलिस मुठभेड़ बताकर अंधाधुंध गोलीबारी करती है।'

ये टिप्पणियां कोर्ट ने तीन आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कीं, जो अलग-अलग पुलिस मुठभेड़ों में घायल हुए थे। इसके जवाब में, राज्य सरकार ने कहा कि इस मामले में एक FIR दर्ज की गई थी, लेकिन घायल व्यक्ति का बयान न तो मजिस्ट्रेट के सामने और न ही किसी मेडिकल ऑफिसर के सामने रिकॉर्ड किया गया। यह भी बताया गया कि पहले एक सब-इंस्पेक्टर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था, लेकिन अब यह काम एक इंस्पेक्टर को सौंपा गया है। इन बातों पर ध्यान देते हुए, कोर्ट ने कहा कि इस मामले में एनकाउंटर पर सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया है।

बेंच ने कहा, 'यह साफ है कि इस मामले में, हालांकि याचिकाकर्ता को पुलिस एनकाउंटर में गंभीर चोटें आई, लेकिन पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) और अन्य (उपरोक्त) मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं किया गया है, जैसा कि आंध्र प्रदेश पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन बनाम आंध्र प्रदेश सिविल लिबर्टीज कमेटी (एपीसीएलस) मामले में (2022) 16 एस सी सी 514 में पुष्टि की गई है। पुलिस ने न तो घायल व्यक्ति का बयान किसी मेडिकल ऑफिसर या मजिस्ट्रेट के सामने रिकॉर्ड किया है, और न ही पुलिस एनकाउंटर की जांच एनकाउंटर में शामिल पुलिस पार्टी के प्रमुख से ऊंचे रैंक के अधिकारी द्वारा की गई है।'

इसलिए, कोर्ट ने डी जीपी और गृह सचिव को निर्देश दिया कि वे बताएं कि क्या पुलिस एनकाउंटर के दौरान मौत या गंभीर चोट लगने वाले मामलों में स्नढ्ढक्र दर्ज करने, घायल व्यक्तियों के बयान रिकॉर्ड करने और पुलिस पार्टी के प्रमुख से ऊंचे रैंक के अधिकारियों द्वारा जांच करने के संबंध में पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कोई निर्देश जारी किए गए हैं।

## खेल-खेल में गुब्बारे का टुकड़ा निगलने से सिपाही के बेटे की मौत, काम में व्यस्त थी मां

**पाली (हरदोई)।** खेल-खेल में एक बच्चे की जान चली गई। पाली थाने में तैनात बदायूं जिले के सिपाही के बेटे ने शुक्रवार की सुबह ममेरी बहन के साथ खेलते समय गुब्बारे का टुकड़ा निगल लिया। सांस नली में गुब्बारे का टुकड़ा फंसने से बच्चे की मौत हो गई। रोते-बिलखते स्वजन बच्चे का शव लेकर बदायूं चले गए।

बदायूं के बिसौली थाने के ग्राम फिरोजपुर जशरथपुर के टूटी सिंह पाली थाने में पैरोकार हैं। वह परिवार के साथ थाना परिसर में बने आवास में रहते हैं। शुक्रवार की सुबह टीटू सिंह की पत्नी घर के काम में व्यस्त थी। उनका आठ वर्षीय पुत्र सूर्यांश ममेरी बहन के साथ गुब्बारे से खेल रहा था। ममेरी बहन ने फूटे गुब्बारे के टुकड़े को फुलाकर सूर्यांश को दिया। सूर्यांश ने गुब्बारे के गोले को दांतों से दबाकर फोड़ा तो गुब्बारे का टुकड़ा मुंह के अंदर जाकर सांस नली में फंस गया। कुछ ही देर में सूर्यांश को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। ममेरी बहन सूर्यांश को लेकर बच्चे की मां के पास गई। अचेतावस्था में स्वजन आनन-फानन में उसे पीएचसी लेकर गए। चिकित्सक ने किसी तरह गुब्बारे के टुकड़े को निकाला। इससे पहले सूर्यांश की मौत हो चुकी थी। स्वजन शव लेकर बदायूं चले गए। थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार ने बताया कि खेलते समय गुब्बारे का टुकड़ा निगलने से बच्चे की मौत होने की बात सामने आई है।

# भारतीय कृषि में नैनो उर्वरक बहुत ही उपयोगी है-यतेन्द्र कुमार तेवतिया



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
दया शंकर त्रिपाठी

**ब्यूरो प्रयागराज।** ग्राम सभा सेफखानपुर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए इफको राज्य विपणन प्रबंधक , उत्तर प्रदेश , यतेंद्र कुमार तेवतिया ने स्मार्ट नैनो उर्वरकों के प्रयोग के बारे में किसान से विस्तार पूर्वक चर्चा की, उन्होंने सभी कृषकों से मृदा परीक्षण के आधार पर ही खेतों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग करने का सुझाव दिया। इसी क्रम में उपस्थित महिला कृषकों को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पादों को तैयार करने और उसे आय का स्रोत बनाने के लिए भी प्रेरित किया। इसी क्रम में कारडेट के प्रधानाचार्य डॉ0 डी के सिंह विस्तार पूर्वक जैव उर्वरक, जव अपघटक के विषय में जानकारी दी एवं किसानो के खेती संबंधित समस्याओं का समाधान बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे की क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक बी डी सिंह ने आए हुए मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बताया कि गांव के किसान कारडेट द्वारा दिए गए सुझाव से खेती कर रहे हैं और उन्हें इसका लाभ भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने भविष्य में किसानों को और प्रशिक्षण कराए जाने के लिए निवेदन भी किया

की और राज्य विपणन प्रबंधक को धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को ठंडी से बचाव हेतु निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम सेफखानपुर ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार पटेल, कारडेट के सुमित तेवतिया, वीरेंद्र सिंह , इफको किसान सेवा केंद्र प्रभारी अमन सिंह सहित अनारा देवी , शांति देवी, चंद्रकली, राम सजीवन, प्रेमचंद भारतीया सहित भारी संख्या में कृषक मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# डंपर की चपेट में आने से दो बाइक सवार की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



फाइल फोटो

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर के समीप डंपर की चपेट में आने से दो बाइक सवार मेडिकल स्टोर संचालक समेत दो युवकों की स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे के बाद दोनों मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया । दोनों मृतकों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । घटना शुक्रवार रात की है।कौंधियारा के बड़गोहाना निवासी दीपक पटेल 25 पुत्र ब्रह्मानंद पटेल और नौगवा सलैया गांव के रहने वाले इंद्रपाल 35 पुत्र सूर्यदीप पाल शुक्रवार की रात बाइक से प्रयागराज जा रहे थे। रामपुर पुलिस चौकी के पास पहुंचे तभी हॉट मिक्स प्लांट के समीप तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची औद्योगिक पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद वहां से दोनों को स्वरूप रानी अस्पताल रेफर किया गया।जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दीपक पटेल मेडिकल स्टोर चलाता था, जबकि इंद्रपाल एक प्राइवेट कंपनी में कलेक्शन का कार्य करता था। इंद्रपाल के दो बच्चे हैं जबकि दीपक पटेल अविवाहित था। घटना के बाद दोनों परिवार में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।मृतक दीपक पटेल सेहरा बाजार में मेडिकल स्टोर चलाते थे। वे सिविल लाइन स्थित बालसन चौराहा से दवाइयां लेकर वापस घर लौट रहे थे। दीपक चार भाइयों में सबसे छोटे थे और अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रहे थे।वहीं इंद्रपाल एक निजी कंपनी में फाइनेंसर के रूप में कार्यरत थे। वे अपने पिता की इकलौती संतान थे। इंद्रपाल की मृत्यु से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन बदहवास हैं और घर में मातम पसरा हुआ है।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी, प्रयागराज।** सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन शनिवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप महाविद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्राचार्य महोदय प्रोफेसर ओम प्रकाश के संरक्षण व कुशल मार्गदर्शन में तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के संयोजक डॉ रामकुमार सिंह विभाग प्रभारी दर्शनशास्त्र और सहसंयोजक डॉ अवधेश कुमार आर्य प्राध्यापक दर्शनशास्त्र एवं डॉ अर्चना राय प्राध्यापक हिंदी विभाग रहे जिनमें से प्रथम प्रतियोगिता 'सुरक्षित वाहन चालन में युवाओं की भूमिका' विषयक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मानसी कुमारी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर,द्वितीय स्थान पर शाश्वत पांडे बी ए चतुर्थ सेमेस्टर और तृतीय स्थान पर नीलू यादव बी एस सी सेकंड सेमेस्टर रहे। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद, डॉ मंजरी मिश्रा और डॉ निरुपमा यादव रहे। दूसरी प्रतियोगिता सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित रील बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई और तीसरी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। रील प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर भास्कर शुक्ल, डॉ अंजना और डॉ रफत अनीस रहे एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ हेमलता, डॉ अर्चना सिंह और डॉ नीति सिंह उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक में शिवानी,दीपांजलि बी ए चतुर्थ सेमेस्टर और अन्य छात्र छात्राएं रहे। कार्यक्रम में प्रोफेसर मंजू लता प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव प्रोफेसर नीतू सिंह डॉ राजेश कुमार यादव डॉ ऋषि प्रताप सिंह डॉक्टर सुचित्रा कृष्णमूर्ति समेत अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के अगले चरण में दिनांक 3 फरवरी 2026 को महाविद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें अन्य महाविद्यालयों के विजेता प्रतिभागी भी प्रतिभाग करेंगे।

# माघी पूर्णिमा स्नान पर्व एवं कल्पवासियों की सकुशल वापसी के दृष्टिगत पुलिस ने व्यवस्था की चाक चौबंद

## ● कही पर यातायात बाधित न होने का दिया निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा स्नान पर्व एवं कल्पवासियों की सकुशल वापसी के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में ब्रीफिंग माघ मेला-2026 के प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा (दिनांक 01.02.2026) के अवसर पर मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा कल्पवासियों की सकुशल वापसी सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 30.01.2026 को पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज श्री जोगिंदर कुमार की अध्यक्षता में रिज़र्व पुलिस लाइन्स, माघ मेला स्थित तीर्थराज सभागार में ब्रीफिंग आयोजित की गई।

ब्रीफिंग के दौरान *पुलिस अधीक्षक, माघ मेला श्री नीरज कुमार पाण्डेय* द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 31.01.2026 को कथावाचक श्री प्रदीप मिश्रा जी की कथा का अंतिम दिन होने, शनिवार होने के कारण लेटे हनुमान मंदिर पर संभावित भीड़, कथा समापन के उपरान्त श्रद्धालुओं की आवाजाही तथा कल्पवासियों को लेने हेतु वाहनों के प्रवेश के कारण भीड़ एवं यातायात दबाव बढ़ने की संभावना है। उन्होंने निर्देशित किया कि वाहनों का अनुशासित संचालन, पार्किंग का निर्धारित उपयोग, पॉन्टून पुलों पर विशेष सतर्कता, पैदल आवागमन को बाधित न होने देने तथा स्नान घाटों को समय-समय पर खाली कराते रहने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। घाटों पर सीटी के प्रयोग, बैठने अथवा सोने से रोकने एवं स्नान के उपरान्त शीघ्र निकासी पर विशेष बल दिया गया।

मेलाधिकारी श्री ऋषि राज द्वारा बताया गया कि प्रत्येक मुख्य स्नान पर्व पर अनुमान से अधिक भीड़ देखने को मिलती है तथा माघी पूर्णिमा के अवसर पर कल्पवासियों को लेने हेतु परिजनों द्वारा वाहनों के साथ आगमन से दबाव बढ़ेगा। गाटा मार्गों पर विशेष सतर्कता, कथा आयोजन के कारण सेक्टर-04 एवं 05 की संवेदनशीलता तथा पूर्व पर्वों के अनुभवों के आधार पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) विजय ढुल द्वारा कहा गया कि कथा कार्यक्रम के दौरान तथा उसके समापन पर श्रद्धालुओं द्वारा कथावाचक को प्रणाम करने के प्रयास से भीड़ अचानक बढ़ सकती है। मार्गों पर लोगों को बैठने न देने, रास्तों को अवरुद्ध न होने देने तथा कथा ड्यूटी में लगे कर्मियों को संबंधित राजपत्रित अधिकारियों द्वारा समुचित रूप से ब्रीफ किए जाने के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि कथा कार्यक्रम एवं माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के दौरान यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। गलत स्थानों पर खड़े वाहनों को क्रेन से तत्काल हटाने, ट्रैफिक ड्यूटी को अलग से ब्रीफ करने, फोर्स के प्रभावी उपयोग तथा यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि फोर्स स्वयं भीड़ का हिस्सा न बने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ड्यूटी समय में परिवर्तन की सूचना अधीनस्थों को समय से दी जाए, सभी कर्मी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहें तथा आईसीसीसी में तैनात अधिकारी सतत सक्रिय रहकर रियल टाइम मॉनिटरिंग एवं समन्वय बनाए रखें।

उन्होंने यह भी अवगत कराया कि माघी पूर्णिमा के दिन रविवार होने तथा पुष्य नक्षत्र के संयोग से रवि-पुष्य योग बनने के कारण भीड़ अत्यधिक रहने की प्रबल संभावना है। कल्पवासियों का मूवमेंट भारी रहेगा, अतः नामित पर्यवेक्षण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में ब्रीफिंग सुनिश्चित करें, गाटा मार्गों पर विशेष सतर्कता रखें, गंगामूर्ति तिराहा के संबंध में डीसीपी सिटी द्वारा पृथक ब्रीफिंग कराई जाए तथा स्नान वर्जित क्षेत्रों में स्नान किसी भी दशा में न होने पाए।

पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज श्री जोगिंदर कुमार द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि माघी पूर्णिमा स्नान पर्व माघ मेला-2026 का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील चरण है, जिसमें श्रद्धालुओं की संख्या, कल्पवासियों की वापसी तथा वाहनों की आवाजाही एक साथ संचालित होगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अवधि को रूटीन ड्यूटी न मानते हुए पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ड्यूटी पर तैनात समस्त बल से प्रत्येक ड्यूटी अवधि में दो बार अटेंडेंस शीट पर हस्ताक्षर कराए जाएं तथा किसी भी स्तर पर अनुपस्थिति या शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। दिनांक 31.01.2026 को प्रातः 05:00 बजे पुलिस आयुक्त द्वारा वायरलेस सेट के माध्यम से पुनः ब्रीफिंग की जाएगी, जिसमें संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराएंगे। यातायात डायवर्जन को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने, पैदल श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति में त्वरित समन्वय से समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अंत में पुलिस आयुक्त द्वारा समग्र निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठा, संयम एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। किसी भी परिस्थिति में कानून-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा से समझौता न किया जाए। सभी इकाइयाँ आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें, ताकि माघी पूर्णिमा स्नान पर्व एवं कल्पवासियों की वापसी पूर्णतः सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराई जा सके।

# पूर्वोत्तर को राजनीतिक रूप से अनाथ बना दिया गया', असम को लेकर कांग्रेस ने अमित शाह से पूछे तीखे सवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह के असम दौरे के बीच शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी पर प्रदेश के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें यह बताना चाहिए कि पूर्वोत्तर के लोगों को ''राजनीतिक रूप से अनाथ'' क्यों कर दिया गया है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह आरोप भी लगाया कि 'जाति, माटी, भेटी' के नारे के साथ सत्ता में आने के बाद भाजपा ने असम की जनता के साथ विश्वासघात किया।

खेड़ा ने कहा, ''सत्ता में 12 साल हो चुके हैं, फिर भी कोच-राजबोंगशी, ताई-अहोम, मोरान, मटक, चुटिया और चाय बागान से जुड़े जनजाति/आदिवासी समुदाय को अभी तक अनुसूचित जनजाति का दर्जा क्यों नहीं मिला? आपकी सरकार ने असम के मूल निवासियों की 1.5 लाख बीघा ज़मीन अपने चहेतों को बेचने की अनुमति क्यों दी? 'भूमि-बिक्रेता' हिमंत विश्व शर्मा को खुली छूट क्यों दी गई है?'' उन्होंने यह सवाल भी किया कि असम के युवाओं को बाहर जाकर भेदभाव झेलने के लिए मजबूर क्यों होना पड़ता है, असमिया पहचान क्यों कमजोर हो रही है तथा मतदाता सूची से लाखों मूल निवासी मतदाताओं के नाम क्यों गायब हो गए हैं? कांग्रेस नेता ने कहा, ''असम के चाय उत्पादकों के लिए अब तक एमएसपी क्यों नहीं है? क्या आप बड़ी चाय कंपनियों की जेब में हैं? सत्ता में भाजपा के एक दशक बाद भी असम स्वास्थ्य सेवाओं में पीछे क्यों है? क्या आपकी सरकार असम के लोगों की भलाई की परवाह नहीं करती?''

खेड़ा ने सवाल किया कि असम के पानी में ज़हर कैसे घुल गया तथा जल की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार ने क्या ठोस कदम उठाए हैं? उन्होंने कहा, ''आप 'जाति, माटी, भेटी' के नारे के साथ आए थे, फिर जाति को कमजोर किया, माटी को बेच दिया और भेटी से विश्वासघात क्यों किया? असम और पूरे पूर्वोत्तर के लोग राजनीतिक रूप से अनाथ क्यों हो गए हैं?''असम में 'भेटी' शब्द का उपयोग घर या मातृभूमि के लिए किया जाता है।

कांग्रेस ने यह भी कहा, ''आपकी विदेश नीति की विफलताओं ने बांग्लादेश को चीन के और करीब कर दिया है, जिससे असम के लिए नए सुरक्षा और मानवीय संकट पैदा हो रहे हैं। क्यों?'' अधिकारी ने धोखाधड़ी छिपाने के लिए अपराध की कमाई को कई लेयर्स में बांटाः ईडी चार्जशीट

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक सस्पेंड बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) अधिकारी से जुड़ी मनी-लॉन्ड्रिंग जांच में पाया गया कि उसने कथित तौर पर बैंकिंग सिस्टम की कमियों का गलत इस्तेमाल किया और अपने सहयोगियों के यूजर आईडी का बेईमानी से इस्तेमाल करके उनके भरोसे को तोड़ा। अधिकारी, हरीश सिंगला पर 127 कस्टमर अकाउंट से ?16.10 करोड़ निकालने और गलत तरीके से हासिल किए गए ज़्यादातर फंड को बर्बाद करने का आरोप है।

ईडी और बैंक की शुरुआती आंतरिक जांच में पाया गया कि आरोपी ने बिना किसी अनुमति के टर्म डिपॉजिट, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम और सेविंग और करंट डिपॉजिट से जुड़े कई अकाउंट बंद कर दिए थे और उनमें मौजूद रकम को टर्नर रोड, बांद्रा ब्रांच में अपने ऑफिस के दो अकाउंट में जमा कर दिया था। इसके बाद फंड को दूसरे पब्लिक-सेक्टर बैंक में रखे अपने पर्सनल अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया। यह धोखाधड़ी मई 2023 से जुलाई 2025 तक चली। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर गलत तरीके से हासिल किए गए फंड में से ?12.7 करोड़ स्टॉक मार्केट में, ?8.07 करोड़ रियल मनी गेमिंग ऐप में और ?3.94 करोड़ क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्ट किए, और फंड के लेन-देन के निशान को छिपाने के लिए अपने मुनाफे को भी इन्वेस्ट किया। हालांकि, ईडी की जांच के अनुसार, उसे आखिरकार भारी नुकसान हुआ और उसने ज़्यादातर फंड बर्बाद कर दिया।

### अधिकारी ने धोखाधड़ी छिपाने के लिए अपराध की कमाई को कई लेयर्स में बांटाः ईडी चार्जशीट

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) की एक सस्पेंड बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) अधिकारी से जुड़ी मनी-लॉन्ड्रिंग जांच में पाया गया कि उसने कथित तौर पर बैंकिंग सिस्टम की कमियों का गलत इस्तेमाल किया और अपने सहयोगियों के यूजर आईडी का बेईमानी से इस्तेमाल करके उनके भरोसे को तोड़ा। अधिकारी, हरीश सिंगला पर 127 कस्टमर अकाउंट से ?16.10 करोड़ निकालने और गलत तरीके से हासिल किए गए ज़्यादातर फंड को बर्बाद करने का आरोप है।

ईडी और बैंक की शुरुआती आंतरिक जांच में पाया गया कि आरोपी ने बिना किसी अनुमति के टर्म डिपॉजिट, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम और सेविंग और करंट डिपॉजिट से जुड़े कई अकाउंट बंद कर दिए थे और उनमें मौजूद रकम को टर्नर रोड, बांद्रा ब्रांच में अपने ऑफिस के दो अकाउंट में जमा कर दिया था। इसके बाद फंड को दूसरे पब्लिक-सेक्टर बैंक में रखे अपने पर्सनल अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया। यह धोखाधड़ी मई 2023 से जुलाई 2025 तक चली।

इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर गलत तरीके से हासिल किए गए फंड में से ?12.7 करोड़ स्टॉक मार्केट में, ?8.07 करोड़ रियल मनी गेमिंग ऐप में और ?3.94 करोड़ क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्ट किए, और फंड के लेन-देन के निशान को छिपाने के लिए अपने मुनाफे को भी इन्वेस्ट किया। हालांकि, ईडी की जांच के अनुसार, उसे आखिरकार भारी नुकसान हुआ और उसने ज़्यादातर फंड बर्बाद कर दिया।

ईडी के एक अधिकारी ने चार्जशीट का ज़िक्र करते हुए कहा, 'आरोपी अपराध से मिले पैसे को छिपाने, लेयरिंग करने और इस्तेमाल करने और उसे बेदाग प्रॉपर्टी के तौर पर दिखाने में एक्टिव रूप से शामिल रहा है।' स्पेशल कोर्ट ने 21 जनवरी को ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करते हुए कहा, 'अभियोजन शिकायत, गवाहों और आरोपी के बयानों और केस के रिकॉर्ड को देखते हुए... आरोपी के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत प्रथम दृष्टया मामला बनता है।' ईडी की जांच 6 अगस्त, 2025 के सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) के आरोपी बैंक अधिकारी के खिलाफ एक मामले पर आधारित है। सीबीआई ने बीओआई, मुंबई नॉर्थ ज़ोन की शिकायत के आधार पर अपना मामला दर्ज किया था, जिसमें सिंगला पर बैंक के ग्राहकों के अलग-अलग डिपॉज़िट खातों में पड़ी रकम का गलत इस्तेमाल और आपराधिक दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था।

बीओआई को आरोपी की गतिविधियों के बारे में तब पता चला जब बैंक के एक ग्राहक का कानूनी वारिस, जिसके कथित तौर पर धोखाधड़ी वाले दो खाते थे, 1 अगस्त, 2025 को बैंक में उन दो खातों की स्थिति के बारे में पूछताछ करने आया। बैंक की जांच में पता चला कि दोनों खाते बंद हो चुके थे और उनमें पड़ी रकम आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई थी। ईडी ने सितंबर 2025 में कई राज्यों में पीछा करने के बाद आरोपी को अहमदाबाद, गुजरात में गिरफ्तार किया।

# संक्षिप्त खबरें

## सरस्वती विद्यापीठ कोचिंग संस्थान में चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के कोनरा स्थित सरस्वती विद्यापीठ कोचिंग संस्थान में आज विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संस्थान के कई छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को दो ग्रुप में विभाजित किया गया था। प्रथम ग्रुप में रौशन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रिया कुमारी को द्वितीय एवं सूरज कुमार को तृतीय स्थान मिला। वहीं दूसरे ग्रुप में पवन कुमार यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया, पवन आर्य द्वितीय तथा प्रियुष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर कोचिंग संस्थान के शिक्षक आलोक कुमार वर्णवाल, गौरव कुमार एवं दामोदर कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। शिक्षकों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को सामने लाने में सहायक होती हैं और उनका सर्वांगीण विकास करती हैं। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी इस तरह के शैक्षणिक व रचनात्मक आयोजनों को निरंतर कराने की बात कही गई।

## बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में मीलाद शरीफ का आयोजन....

**बस्ती।** बस्ती शहर के बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में मीलाद शरीफ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में औरतों और बच्चों ने शिरकत की। मीलाद शरीफ के दौरान नबी-ए-करीम हज़रत मुहम्मद (सल्ल.) की शान में नात और सलाम पेश किए गए, जिससे माहौल पूरी तरह पाक और रूहानी हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्रा मिसबाह ने कलाम पाक की तिलावत की, तत्पश्चात विद्यालय की छात्रा मुस्कान , सलमा , गुलनार,मुबहसरा , जोया फातिमा , मुस्कान , नाजिया , नूर फातिमा, गुलक्शा, फातमा, उकज, इरम एवं लाड़ो ने खूबसूरत अंदाज में नात शरीक पेश की। इसके बाद आये हुए लोगों को खिताब करते हुए मेहमान रुकैया खातून, रकीबा सहर, हादिया सईद एवं विद्यालय की पूर्व अध्याधिका नसीम अख्तर आदि ने बहुत ही खूबसूरत अंदाज में प्यारे नबी हुजूर स0 अ0 वसतलम की जिन्दगी पर रोशनी डाली। और फरमाया कि हमे हुजूर पाक के बताय हुए रास्ते पर चलने की कोशिश करनी चाहिए। आपके बताये हुए रास्ते पर चलकर ही दुनिया और आखरत दोनों जगह में कामयाबी हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मुस्लिमा खातून ने आये हुए लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मीलाद शरीफ हमें अच्छे अख़लाक़ अपनाने और समाज में इंसानियत को मजबूत करने की सीख देता है। सभी को शीरनी तकसीम देकर रुखसत किया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय की प्रवक्ता अंजुम परवीन , श्रीमती अलका पांडेय , शबाना अंजुम , नुसरत फातिमा , नासिमा खातून, आरिफा खातून, रीता देवी, खालिदा परवीन प्रेमलता, नाजिया खातून, नजराना बतूल , मलिक सबा अफजल , नूरैन, इरम फातिमा , हेमलता यादव आदि का विशेष योगदान रहा।

## पशु चिकित्सालय रामनगर में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**बस्ती।** बस्ती जिले में रामनगर के पशु चिकित्सालय मे जीवन का हर क्षण हमें यादगार पल बनाते हुए जीने का प्रयास करना चाहिए। यह बात डिप्टी सीवीओ भानपुर डॉ बलराम चौरसिया ने पशु औषधिक रामनिवास के सेवानिवृत्त के शुभावसर पर पशु चिकित्सालय रामनगर में आयोजित विदाई समारोह में कहा। स्वस्थ एवं दीर्घजीवी होने की शुभकामना देते हुए डॉ चौरसिया ने कहा कि इंसान दैनिक जीवन में जहां भी रहे और जिससे जो भी काम अपेक्षित हो पूरे मनोयोग से करते रहना चाहिए। डॉ विजय श्रीवास्तव ने कहा कि कर्म से ही इंसान को मानव समाज में पहिचान मिलती है। ऐसा माना जाता है कि नेचर किसी से खुश होती है तो उसे सेवा का अवसर मिलता है पर अवसर मिलने पर मनोयोग से सेवा न करने पर नेचर दुखी भी होती है। पशुचिकित्साधिकारी पिरैला डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रामनिवास जी चार पशु चिकित्सालय का प्रभार होने के बावजूद पद से संबंधित सभी राजकीय कार्य जिम्मेदारी पूर्वक निर्वाहन किए हैं। 31/1/26 को इनके रिटायर होने के पश्चात राजकीय पशु चिकित्सालय रामनगर का अतिररिक्त प्रभार श्रीकृष्ण पांडेय पशुधन प्रसार अधिकारी सगरा व दिनेश चंद्र पशुधन प्रसार अधिकारी पिपरा को राजकीय पशु चिकित्सालय पिरैला नरहरिया का दिया गया है।

# टाटीझरीया थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 60 पेटी विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले के टाटीझरीया थाना क्षेत्र अंतर्गत बौधा जंगल में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 60 पेटी विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 30/31 जनवरी 2026 की रात्रि लगभग 12:35 बजे गुप्त सूचना के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि टाटीझरीया थाना क्षेत्र के बौधा जंगल से एक पिकअप वाहन के माध्यम से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए पुलिस निरीक्षक जगलाल मुण्डा, पुलिस निरीक्षक, दारू अंचल, हजारीबाग के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल जैसे ही बौधा जंगल के पास पहुंचा, वहां एक बिना नंबर की पिकअप गाड़ी खड़ी देखी गई। पुलिस टीम को देखते ही पिकअप का चालक वाहन छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन छापामारी दल ने तत्परता दिखाते हुए उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 60 पेटी विदेशी शराब लदी हुई पाई गई। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रामचन्द्र साव बताया। पूछताछ के क्रम में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह उक्त शराब को टाटीझरीया से बिहार ले जाने की योजना में था। इस संबंध में टाटीझरीया थाना कांड संख्या 11/26, दिनांक 31.01.2026 को धारा 274/275/292 बीएनएस एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। बरामद सामग्री में विदेशी शराब 60 पेटी, पिकअप वाहन बोलोरों 01 शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्त में रामचन्द्र साव, पिता स्व. त्रिभुवन सिंह निवासी बौधा थाना टाटीझरीया, जिला हजारीबाग हैं। छापामारी दल में पुनि जगलाल मुण्डा पुलिस निरीक्षक दारू अंचल हजारीबाग, पुअनि इन्द्रजीत कुमार थाना प्रभारी, टाटीझरीया, पुअनि पवन कुमार टाटीझरीया थाना, टाटीझरीया थाना का सशस्त्र बल शामिल रहें। पुलिस प्रशासन ने इस कार्रवाई को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## ट्रेन में महिला की बिगड़ी हालत, अस्पताल पहुंचते ही हुई मौत

**साबरमती एक्सप्रेस में सफर के दौरान बिगड़ा स्वास्थ्य**

**दो मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया**

**तालबेहट।** साबरमती एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला की अचानक तबीयत बिगड़ने से दर्दनाक मौत हो गई। परिजन महिला को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद जनपद के अयोध्या क्षेत्र की रहने वाली संगीता (30)पत्नी इंद्रजीत अपने पति के साथ सूरत से अयोध्या जा रही थी। ट्रेन जब ललितपुर-तालबेहट के बीच पहुंची, तभी संगीता की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा तत्काल मदद की गुहार लगाई गई और ट्रेन से उतारकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतका के दो मासूम बच्चे हैं। पति इंद्रजीत सूरत में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। पत्नी की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार करते हुए बिना पोस्टमार्टम कराए निजी वाहन से शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने पैतृक गांव ले गए। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सेवा कार्यों से समाज में समरसता की वृद्धि होती है : त्रिवेणी साव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, भेदभाव और अगड़ा-पिछड़ा जैसी मानसिकता एक सामाजिक कलंक है, जिसे मिटाने के लिए सेवा कार्य अत्यंत आवश्यक हैं। सेवा प्रकल्प बाल संस्कार केन्द्र इस दिशा में एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। उक्त विचार क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने बाल संस्कार केन्द्रों से जुड़ी मातृशक्ति की मासिक कार्यशाला के दौरान व्यक्त किए। कार्यशाला में त्रिवेणी साव ने विगत माह में संपन्न सेवा गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी माह के सेवा सप्ताह योजना की विस्तृत जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य केवल जरूरतमंदों की सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में समरसता, समानता और संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम भी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बरही प्रखंड अंतर्गत संघ के स्वयंसेवकों के माध्यम से डॉ. बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित पांचों बाल संस्कार केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन्हीं केन्द्रों को संचालित करने वाली मातृशक्ति की यह कार्यशाला 31 जनवरी 2026, शनिवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होटल आकाश पैलेस, गया रोड, बरही में आयोजित की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से शिवाजी व्यावसायी शाखा के सेवा कार्यकर्ता डॉ. विनोद साव उपस्थित रहे। उन्होंने बेंदगी संस्कार केन्द्र में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की जानकारी साझा की। डॉ. साव ने बताया कि झंडोत्तोलन के पश्चात बच्चों के बीच 'देश के लिए जीना सीखें' विषय पर प्रेरक संदेश दिया गया तथा बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यशाला में उपस्थित मातृशक्ति एवं स्वयंसेवकों ने सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में सेवा कार्यों की भूमिका को और सुदृढ़ करने के संदेश के साथ किया गया।

# हजारीबाग नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा की जाँच को लेकर जारी हुई सूचना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड-** राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड, रांची द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार हजारीबाग नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के महापौर तथा वार्ड संख्या 01 से 06, 07 से 12 एवं 25 से 30 के सभी अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय का विस्तृत परीक्षण निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। निर्वाचन व्यय के अनुवीक्षण हेतु हस्तपुस्तिका के अध्याय-15 की कंडिका 15.2 के प्रावधानों के आलोक में इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थियों के दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा (विहित प्रपत्र) की पहली जाँच 11 फरवरी 2026, दूसरी जाँच 16 फरवरी 2026 तथा तीसरी जाँच 20 फरवरी 2026 को की जाएगी। सभी तिथियों में जाँच पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक की जाएगी। जाँच कार्य भू-तल, नया समाहरणालय भवन, हजारीबाग में सम्पन्न होगा। निर्देश दिया गया है कि सभी अभ्यर्थी जाँच की निर्धारित तिथि तक अपने-अपने दैनिक व्यय पंजी में एक दिन पूर्व तक का पूरा तिथिवार व्यय अंकित करें तथा उससे संबंधित सभी मूल बिल/अभिश्रव एवं उनकी छायाप्रतियों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दैनिक व्यय पंजी की गहन एवं व्यवस्थित जाँच की जाएगी। जाँच उपरांत संबंधित प्रतिवेदन उसी दिन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को सौंपा जाएगा। समेकित प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग तथा व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी क्रम में निर्वाचन व्यय से जुड़े विधिक प्रावधानों, दिशानिर्देशों एवं अनुपालन संबंधित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 7 फरवरी 2026 को अपराह्न 5:00 बजे, नया समाहरणालय सभागार, हजारीबाग में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में सभी अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि व्यय लेखा से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को गंभीरता से लिया जाएगा तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर लोजपा (रामविलास) झारखंड प्रदेश के बदले प्रमंडल प्रभारी, पुराने मनोनयन रद्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने नगर निकाय चुनाव-2026 को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बड़ा संगठनात्मक फैसला लिया है। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र प्रधान ने पूर्व में मनोनित सभी जिला एवं प्रमंडल प्रभारियों के मनोनयन को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए नए प्रमंडल प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी आवश्यक सूचना में बताया गया कि कुछ पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों द्वारा प्रदेश समिति की बैठकों की अनदेखी, सदस्यता अभियान में रुचि नहीं लेना, आम जनता को पार्टी से नहीं जोड़ना, जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित नहीं करना तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज नहीं उठाना यह दर्शाता है कि वे संगठन को



मजबूत करने में रुचि नहीं रखते। ऐसे में संगठन को सक्रिय और सशक्त बनाने के लिए प्रमंडल स्तर पर नए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। नवनियुक्त प्रमंडल प्रभारी में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में आशा राय प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ को धनबाद व बोकारो का प्रभारी बनाया गया है। राम किशोर सावंत प्रदेश महासचिव को हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा की जिम्मेदारी दी गई है। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल में ज्योति होरो प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ को रांची, खूँटी और सिमडेगा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। दिपिका होरो प्रदेश महासचिव, महिला प्रकोष्ठ को लोहरदगा और गुमला की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोल्हान प्रमंडल में उमेश तिवारी प्रदेश प्रवक्ता को पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर, पश्चिम सिंहभूम चाईबासा और सरायकेला-खरसावां का प्रभारी बनाया गया है। पलामू प्रमंडल में रामजी पासवान प्रदेश उपाध्यक्ष को पलामू, गढ़वा, डालटेनगंज और लातेहार का प्रभारी नियुक्त किया गया है। दुमका प्रमंडल में हेमंत श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव को गोड्डा, दुमका, साहेबगंज, जामताड़ा और पाकुड़ का प्रभारी बनाया गया है। आशुतोष मिश्रा प्रदेश महासचिव को देवघर और गिरिडीह की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि ये सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी और नए प्रभारी संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# उच्च विद्यालय विजैया में सहायक अध्यापक मेघलाल महतो के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** उच्च विद्यालय विजैया में सहायक अध्यापक मेघलाल महतो के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर भावुक माहौल से भर गया। मेघलाल महतो ने लगभग 10 वर्षो तक इसी विद्यालय में अपनी सेवाएं दीं और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विदाई कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कैयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कांति देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य फारूक आलम, आर्यन जी, कुलदीप सर, मंसूर



आलम, अर्जुन पासवान, मो. लियाकत, सुलेमान साहब, लालमन जी, रविभूषण यादव, प्रकाश यादव एवं राजेन्द्र यादव सहित कई गणमान्य लोग, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मेघलाल महतो के सरल स्वभाव, अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व और छात्रों के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने न केवल एक शिक्षक के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत के रूप में विद्यार्थियों के जीवन को दिशा दी। इस अवसर पर मेघलाल महतो को बुके, माला, शॉल एवं उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। जैसे ही विदाई के क्षण आए, शिक्षक और विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं। कई छात्र भावुक होकर अपने प्रिय शिक्षक से लिपट पड़े। अपने संबोधन में श्री महतो ने विद्यालय परिवार, सहकर्मियों एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस विद्यालय से उनका आत्मीय जुड़ाव हमेशा बना रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता व गुरुओं का सम्मान करने की अपील की। विद्यालय परिवार ने मेघलाल महतो के उज्ज्वल एवं सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

# रोटरी क्लब ऑफ़ हज़ारीबाग जागृति द्वारा 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर का विधायक ने किया शुभारंभ

**●हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने आम नागरिकों के लिए निःशुल्क उपचार सुविधा का किया विधिवत उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** रोटरी क्लब ऑफ़ हज़ारीबाग जागृति द्वारा आयोजित 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य कार्यक्रम का शनिवार को हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने झिनझरिया पुल के पास स्थित विधायक जनसेवा कार्यालय परिसर में शुभारंभ किया। यह स्वास्थ्य शिविर 31 जनवरी 2026 से 05 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा , जिसमें प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 1 बजे तक एवं शाम 3 बजे से 6 बजे तक आम नागरिकों के लिए उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस



अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में आम लोगों को सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं की अत्यंत आवश्यकता है। एक्यूप्रेशर जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति बिना दवा के कई रोगों में लाभकारी सिद्ध होती है, और इस तरह के शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. एम.ए. चायनन एवं डॉ. पी.के. पहाड़िया अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन तथा मैग्नेट थेरेपी के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार कर रहे हैं। शिविर में कमर दर्द, घुटने का दर्द, माइग्रेन, सर्वाइकल, मधुमेह, रक्तचाप एवं अन्य सामान्य रोगों से पीड़ित लोगों को परामर्श एवं उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनस्वास्थ्य उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ़ हज़ारीबाग जागृति की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास शासन और समाज के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। विधायक ने हजारीबाग के नागरिकों से अपील की कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ेगी और आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# कोर्रा थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई, 7 ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार

**●166.5 ग्राम ब्राउन शुगर और 3.51 लाख नकद बरामद, हजारीबाग पुलिस का नशे के खिलाफ बड़ा अभियान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट की है। एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने 7 अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 166.5 ग्राम ब्राउन शुगर, 3 लाख 51 हजार 700 रुपये नकद, 2 मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस को 30 जनवरी 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि नगवां हवाई अड्डा के पास कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना मिलते ही सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम बनाई गई। टीम ने नगवां हवाई अड्डा और काठी नेशन होटल के पीछे स्थित एक खंडहरनुमा मकान के पास छापा मारा, जहां कुछ युवक जमा थे। छापेमारी के दौरान सभी युवकों को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी में उनके पास से बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर और नकद रुपये बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि ये



सभी आरोपी चतरा जिले से ब्राउन शुगर लाकर हजारीबाग के अलग-अलग इलाकों में बेचते थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में संतोष कुमार साव मुख्य तस्कर है, जो चतरा जिले के पितिज गांव का रहने वाला है। सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्रा थाना कांड संख्या 17/26 दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त : सावन कुमार उम्र 19 वर्ष पिता धनेश्वर राम निवासी प्रेमनगर सिन्दुर थाना कोर्रा। संतोष कुमार उम्र 33 वर्ष पिता रघुनंदन मेहता निवासी जमुआरी थाना ईचाक। प्रशांत कुमार उम्र-28 वर्ष पिता बंधु साव निवासी खिरगावं थाना बड़ा बजार (सदर)। अनिल कुमार उम्र 34 वर्ष पिता स्व0 अशोक प्रसाद निवासी नगवा थाना कोर्रा सभी जिला हजारीबाग के निवासी है। संतोष कुमार साव उम्र 36 वर्ष पिता स्व0 जगलाल साव। योगेश प्रसाद उम्र 33 वर्ष पिता परमेश्वर साव दोनो निवासी पितिज थाना ईटखोरी, जिला-चतरा। धर्मेन्द्र कुमार सिंह उम्र 27 वर्ष पिता सुरेश सिंह निवासी दुल्हा थाना राजपुर तीनो जिला चतरा के निवासी है।

**छापामारी दल में शामिल अधिकारी व कर्मी**

इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर), हजारीबाग अमित आनंद (भा.पु.से.) के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम में कोर्रा थाना प्रभारी पु.अ.नि. अजीत कुमार, पु.अ.नि. बिड्डु रजक, पु.अ.नि. रमेश यादव और पु.अ.नि. रोशन कुमार शामिल थे। इसके अलावा तकनीकी शाखा और नक्सल शाखा के अधिकारी व कर्मी भी छापामारी में मौजूद थे। कार्रवाई के दौरान आ. 1629 जितेंद्र कुमार राणा सहित कोर्रा थाना का सशस्त्र बल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनवरी 2026 महीने में हजारीबाग जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया गया है। इस दौरान लोहसिंघना थाना क्षेत्र से 20.5 किलो अफीम, दारू थाना क्षेत्र से 48 किलो गांजा, और ईचाक व कोर्रा थाना क्षेत्र से कुल 212.7 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। साथ ही सैकड़ों एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को भी नष्ट किया गया है। हजारीबाग पुलिस ने साफ कहा है कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नुकीले, जर्जर पथ पर जोखिम भरा हुआ ग्रामीणों का आवागमन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखण्ड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित बीच पहाड़ी पंचायत के चाकलाडांगा ग्रामीण सड़क की बदहाली ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़े इस नुकीले स्टोन मेटल पथ पर चलना ग्रामीणों के लिए खतरे से खाली नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। इस ध्वस्त पथ का निर्माण वर्षों पहले कराया गया था, लेकिन पिछले कई सालों से इसकी मरम्मत न होने के कारण स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। चाकलाडांगा विद्यालय से लेकर पीसीसी रोड होते हुए पाथरादाहा ग्रामीण पथ तक सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। गांव की महिलाओं ने बताया कि खराब सड़क के कारण साइकिल, बाइक, ऑटो-टोटो से चलना मुश्किल हो गया है, विशेषकर वर्षा के दिनों में आवागमन लगभग ठप पड़ जाता है। महिलाओं ने बताया कि नंगे पांव इस पथ पर चलना बेहद जोखिम भरा है और गांव के कटने का डर हमेशा बना रहता है। ग्रामीण महिलाओं ने स्थानीय विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी से शीघ्र हस्तक्षेप कर सड़क मरम्मत की मांग की है, ताकि लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाया गया, तो किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रह सकती है।

## सीडीओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखपालनगर का किया औचक निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखपालनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं पैथोलॉजी व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। सीडीओ ने निरीक्षण के समय उपस्थिति रजिस्टर पर मनोज कुमार पांडे फार्मासिस्ट की उपस्थिति दर्ज न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की, जिस पर डा0 सुरेश कुमार एमओ द्वारा बताया गया कि वर्कलोड अधिक होने के कारण इनको सीएचसी पिरथीगंज पर गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार को ड्यूटी लगाई गई है। दवा कक्ष वार्ड में साफ सफाई तथा गंदगी पाये जाने पर फार्मासिस्ट को कड़ी फटकार लगाई और चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अतिशीघ्र साफ सफाई एवं खिड़कियों को कवर कराने एवं स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश भी दिये गये। पैथालाजी कक्ष में अनिल कुमार एलटी से सभी प्रकार की जाँच की जानकारी मांगी जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि कुल 35 प्रकार की जाँच होती है मरीजों के जॉच की रिर्पोट मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से देने के निर्देश देते हुये सीडीओ ने पैथोलॉजी व्यवस्था पर सन्तोष व्यक्त किया। जन औषधि केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उपस्थित मो0सुहेल द्वारा दवा की उपलब्धता आदि की जानकारी मांगने पर संतोष जनक जबाब न दे पाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

# कुष्ठ रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**●भेदभाव नहीं, उपचार और सम्मान जरूरी : एएसएमसी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल) में कुष्ठ रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला की मौजूदगी में किया गया। मुख्य वक्ता त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. मुकेश सेठ रहे, जिन्होंने कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग पूर्णतः उपचार योग्य है तथा प्रारंभिक अवस्था में उपचार से विकलांगता को रोका जा सकता है। इस दौरान डा. डी.वी. सिंह, डा.सुरेश सोनी, डा. रजनी, डा.मनीष माथुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। इस दौरान जागरूकता शपथ, पोस्टर प्रदर्शनी एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से छात्रों, स्टाफ एवं आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने यह संदेश दिया कि कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करते हुए उन्हें सम्मान और सहयोग दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के शिक्षकगण, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य डा. मयंक शुक्ला द्वारा इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# संक्षिप्त खबरें

## सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में जुटी महिलाएं




**कोंच(जालौन)**- संघ शताब्दी वर्ष के तहत सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर हाटा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमारी स्वर्णकार ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में निधि सिंघल उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में आभा तिवारी, डॉ. विनोद कुमारी आदि रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विविध श्रीवास्तव ने कहा कि सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ शक्ति को जाग्रत कर उन्हें सशक्त, समृद्ध एवं सुसंस्कृत बनाना है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं जागरूक और आत्मनिर्भर होंगी तभी समाज में समरसता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को मजबूती मिलेगी। निधि सिंघल ने महिलाओं से सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और परिवार के साथ-साथ समाज के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने नारी शक्ति को राष्ट्र की आधारशिला बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, संस्कार, सामाजिक एकता और राष्ट्रीय चेतना पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर प्रेमलता, सोनिया, मेघा, हेमलता, राजकुमार, राघवेंद्र सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर एडीओ पंचायत को दी गई विदाई



**कोंच(जालौन)**- विकास खंड कार्यालय कोंच में एडीओ पंचायत के पद पर पदस्थ नरेशचंद्र द्विवेदी के सेवानिवृत्त हो जाने पर शनिवार को कार्यालय में संयोजित किए गए कार्यक्रम में स्टॉफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित स्टॉफ के लोगों सहित ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत मित्र आदि ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि नरेशचन्द्र दुबे ने अपने कार्यकाल के दौरान पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया जिससे विभाग को नई दिशा मिली। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार शीलू पड़री ने उनके व्यवहार और कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सदैव सहयोगी रहे और कर्मचारियों को मार्गदर्शन देते रहे। वहीं श्री दुबे ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवाकाल के दौरान कोंच में उन्हें हमेशा अधिकारियों का स्नेह और अधीनस्थों का सहयोग प्राप्त हुआ जिसे वह कभी नहीं भुला सकते हैं। उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत्त हुए एडीओ का तिलक और माल्यार्पण कर उनको अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आगे की पारी के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन इं. राजीव रेजा ने किया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद बड़ोनिया के निधन पर शोक

**विभिन्न संगठनों ने जताई संवेदना, आत्मशांति के लिए की प्रार्थना**

**तालबेहट।** जिले की राजनीति में बेबाक और स्पष्ट विचारों के लिए पहचाने जाने वाले, पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती के करीबी तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद बड़ोनिया के आकस्मिक निधन पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर उद्योग व्यापार मंडल, युवा जागृति मंच, नगर व्यापार मंडल सहित विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त किया। शोक सभा में वक्ताओं ने दिवंगत प्रमोद बड़ोनिया को एक कर्मठ, सरल एवं जनप्रिय नेता बताते हुए कहा कि उनके निधन से जिले की राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय किशोर सोनी, नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, सराफा अध्यक्ष शरद सोनी सहित अनेक गणमान्य लोग एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विशेष बूथ दिवस पर डीएम ने मतदेय स्थलों का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

**●एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर फार्म 6 भरवाने के आरओ को दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष बूथ अभियान का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएन इण्टर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुरा और कम्पोजिट विद्यालय चौबयाना पहुंचकर बीएलओ व सुपरवाईजरों से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। पोलिंग बूथों पर पहुंचे और यहां उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजरो के द्वारा मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आज 31 जनवरी को मतदेय स्थलों पर विशेष बूथ अभियान आयोजित किया गया है, जिसमें बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 भरवाए जा रहे हैं। साथ ही मतदाता सूची भी दिखाई जा रही है। जिलाधिकारी अपनी प्रशासनिक टीम के साथ सर्वप्रथम पीएन इण्टर कॉलेज पहुंचे, यहां पर बीएलओ व सुपरवाईजरों द्वारा बूथ सं0-462, 463 व 469 के मतदाताओं की मैपिंग का कार्य किया जा रहा था, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुरा में बूथ सं0-430, 431 व 432 के मतदाताओं की मैपिंग की जा रही थी। इसके अलावा कम्पोजिट विद्यालय चौबयाना में बूथ सं0-426, 427 व 428 का कार्य चल रहा था, यहां पर फार्म 6 की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने सुपरवाईजर सुरेन्द्र पटैरिया को कड़ी हिदायत देते हुए निर्देश दिये कि प्रत्येक दशा में छूटे हुए मतदाताओं के फार्म 6 भरवाकर प्रगति सुधारें। डीएम ने समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बीएलओ व सुपरवाईजरों को निर्देश दिए कि एएसडी मतदाताओं में छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग कर उनके फार्म 6 फरवाए जाएं। इसके लिए निरंतर बूथों का निरीक्षण करते रहें और एएसडी की मैपिंग हेतु निर्धारित किये गए 13 आईडी प्रपत्रों की जानकारी देते हुए उनसे फार्म भरवाएं। उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट करते हुए कहा है कि जनपद में किसी भी पात्र व सही मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अपील की कि वह छूटे हुए सभी पात्र मतदाताओं के फार्म 6, 7 व 8 भरवाएं। डीएम ने निर्वाचन क्षेत्रों में भ्रमण कर एएसडी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम देख लें और यदि किसी पात्र मतदाता का नाम छूट गया हो तो वे अपने बूथ पर बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 भरवाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, डीआईओ व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 22 फरवरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में लगेगा मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

**●प्रेस वार्ता में नोडल अधिकारी ने दी विस्तृत जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उरई(जालौन)**- आम नागरिकों को न्यायिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की तैयारियों एवं उद्देश्यों को लेकर शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अपर जिला जज प्रथम/नोडल अधिकारी सतीशचन्द्र द्विवेदी ने विस्तृत जानकारी दी। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस मेगा शिविर के माध्यम से गरीब, वंचित, महिला, वृद्ध, दिव्यांग एवं अन्य जरूरतमंद वर्गों को निःशुल्क विधिक परामर्श, विवादों का समाधान, लोक अदालत से संबंधित जानकारी के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति केवल जानकारी के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। इसके लिए जनपद के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, जहां योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी योजनाओं की अद्यतन सूची समयबद्ध रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं जिससे शिविर को व्यवस्थित, सुचारु एवं जनोपयोगी बनाया जा सके। इस अवसर पर सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी प्रथम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अकेली महिला के घर में घुसकर बुरी नीयत से पकड़ा

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 19 जनवरी को वह अपने घर में बंधी भैंस को चारा दे रही थी। सुबह करीब 11 बजे उसके पति मजदूरी पर गये थे और बेटी स्कूल गयी थी। इसी बीच जब वह घर में अकेली थी तो गांव के विक्रम पुत्र भगवत सिंह जबरन घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। आरोप है कि विक्रम ने उसे घर के अंदर की ओर खींचने लगा और चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता ने बताया कि शर्म के कारण उसने यह बात किसी को नहीं बतायी। जब उसकी मां को उसने यह बात बतायी तो मां ने पूरा घटनाक्रम उसके पति को बताया। अब वह अपने पति के साथ थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंची है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर विक्रम के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 333, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## 16 मार्च तक बार संघ कोंच की चुनावी प्रक्रिया होगी पूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- बार संघ की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर आमसभा की बैठक में चुनाव को लेकर हुई चर्चा के बाद तय हुआ कि आगामी 16 मार्च तक हर हाल में पूरी चुनावी प्रक्रिया निपटा ली जाएगी। ऐल्डर्स कमेटी जल्द ही विस्तृत चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगी। बार संघ महामंत्री ने आय-व्यय का आधा-अधूरा यानी कुल उतना ही ब्यौरा पेश किया जितना उनके पास था, बाकी का उन्होंने अध्यक्ष पर छोड़ दिया। ऐल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश कुमार मिश्रा और सदस्य वीरेंद्र कुमार लिटौरिया की देखरेख में शनिवार को तहसील परिसर स्थित विजय बारहदरी में बार संघ कोंच की आमसभा की बैठक हुई। बार संघ अध्यक्ष रामशरण कुशवाहा की गैरमौजूदगी में बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामहरि कुशवाहा ने की। बार संघ महामंत्री दीपक मिश्रा ने साल 2025-26 के आय-व्यय का उतना ही जितना उनके पास था, आधा-अधूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसके बाद नवीन कार्यकारिणी के गठन के प्रस्ताव पर गहन चर्चा के बाद तय हुआ कि चूंकि फरवरी के अंतिम सप्ताह में जिला बार का निर्वाचन प्रस्तावित है इसलिए कोंच बार के चुनाव 16 मार्च तक हर हाल में संपन्न करा दिए जाएंगे। ऐल्डर्स कमेटी जल्द ही विस्तृत चुनाव कार्यक्रम घोषित करेगी। इस दौरान केके श्रीवास्तव, केबी निरंजन, विनोद अग्निहोत्री, ओमप्रकाश कौशिक, श्रीराम गुप्ता, नवल किशोर जाटव, अवधेश नगाइच, पीडी रिछारिया, रामनरेश त्रिपाठी, राकेश तिवारी, संजीव तिवारी, राजेंद्र निरंजन, अरुण वाजपेयी, विनय गुप्ता, अभिनीत, इंद्रजीत राठौर, विजय अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, राघवेंद्र आनंद विदुआ, सतीश चौबे, योगेंद्र अरूसिया, विजय द्विवेदी, सिद्धांत सीरौठिया, मनोज दूरवार, जितेंद्र परिहार, राहुल अवस्थी, प्रधव मिश्रा, अनिल पटेरिया, अजय शुक्ला, हरीबाबू श्रीवास्तव, पुष्कर राज शर्मा, एनुल आरफीन सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जलकुंभी में सिसक रही ऐतिहासिक मानसरोवर झील

**●प्रगति रक्षक के युवाओं का सफाई अभियान भी नहीं हो रहा कारगर,**

**13 लाख खर्च के बाद भी हाल जस का तस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**तालबेहट।** क्षेत्र की जीवनरेखा और मोक्षदायिनी मानी जाने वाली ऐतिहासिक मानसरोवर झील इन दिनों जलकुंभी की चादर में दम तोड़ती नजर आ रही है। बीते कई वर्षों से झील में फैली गंदगी और जलकुंभी ने इसके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। हालात इतने बदतर हैं कि लगातार महीनों से सफाई में जुटे प्रगति रक्षक दल के युवाओं की मेहनत भी नाकाम साबित हो रही है। जिला पंचायत मद से झील की सफाई के नाम पर करीब 13 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं, बावजूद इसके मानसरोवर की सूरत नहीं बदल सकी। जलकुंभी इतनी तेजी से फैल रही है कि साफ किए गए हिस्से कुछ ही दिनों में दोबारा पट जाते हैं।भारतगढ़ दुर्ग की तलहटी में स्थित यह विशाल मानसरोवर झील अपने व्यापक क्षेत्रफल के लिए जानी जाती है। झील का एक किनारा तालबेहट नगर से जुड़ा है, जबकि दूसरे छोर पर बम्होरीसर और खांदी गांव बसे हैं। इसी झील से नगर का भू-जल स्तर भी समृद्ध बना रहता है, लेकिन जलकुंभी के कारण जलस्रोत की उपयोगिता लगातार घटती जा रही है।मानसरोवर झील का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी अत्यंत खास है। इसके तट पर भीतरकोट हजारिया महादेव, रानी महादेव मंदिर, हनुमान मंदिर सहित कई आस्था के प्रमुख केंद्र स्थित हैं, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। इसके अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी सुबह-शाम सैर और योग के लिए भी झील के किनारे पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस और स्थायी योजना के तहत जलकुंभी हटाने का कार्य नहीं हुआ, तो यह ऐतिहासिक धरोहर केवल कागज़ों में सिमट कर रह जाएगी। अब सवाल यह है कि लाखों की लागत और स्वयंसेवकों की मेहनत के बावजूद आखिर मानसरोवर झील को बचाने की जिम्मेदारी कौन निभाएगा?

## सचखण्ड एक्सप्रेस के जनरल कोच से यात्री का मोबाइल फोन चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** राजस्थान राज्य के जिला अलवर अंतर्गत सदर के ग्राम ककराली में रहने वाले साहिद पुत्र सरजीत खान ने जीआरपी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 8 जनवरी को वह ट्रेन संख्या 12716 सचखण्ड एक्सप्रेस के इंजन की ओर जनरल कोच में मथुरा से नांदेड़ की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह जनरल कोच की ऊपरी सीट पर सो रहा था। उसने अपना मोबाइल फोन कीमत 36 हजार रुपये जेब में रखा था। उसकी सुबह करीब 6.15 बजे नींद खुली तो ललितपुर रेलवे स्टेशन निकल रहा था। इसी बीच कोई अज्ञात बदमाश उसकी नींद का फायदा उठाकर पेंट की जेब से मोबाइल फोन निकाल कर चोरी कर ले गया। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# विधायक ने एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विधायक ने नगर के विभिन्न मतदान बूथों का दौरा कर मतदाता सूची के अद्यतन कार्य की स्थिति का जायजा लिया और बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र मतदाता वोट देने से वंचित न रहे, इसके लिए पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए। विधायक ने बूथों पर मौजूद बीएलओ से फार्म-6 सहित अन्य प्रपत्रों से संबंधित आंकड़ेवार जानकारी ली। साथ ही मतदाता सूची को पढ़कर सुनाने और छूटे हुए पात्र मतदाताओं की पहचान कर उनका फार्म-6 शीघ्र भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना अनिवार्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को फार्म-6 भरवाने के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक पात्र नए मतदाता सूची में जुड़ सकें। उन्होंने तहसील परिसर स्थित मतदान बूथ के अलावा नगर के अन्य कई बूथों का भी निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को अभियान को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार उर्फ शीलू, बाबूराम पाल आदि उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में धुत होकर ट्रक मकान में दे मारा

**लाखों का सामान, गेहूं व जेवरात हुए नष्ट, एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम तेरई के मंगलपुरा में रहने वाली जशोदा पत्नी रामेश्वर कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 जनवरी की शाम करीब 5 बजे वह अपने परिजनों के साथ खेत पर गयी हुयी थी। तभी ट्रक संख्या सी.जी. 04 क्यू.बी. 3802 के चालक गांव के ही आदित्य यादव पुत्र स्व.राजेन्द्र यादव ने शराब के नशे में धुत्त होकर ट्रक को तेज रफ्तार से चलाते हुये उसके मकान में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका मकान के तीन कमरे चकनाचूर हो गये और ट्रक वहीं पलट गया, जिसमें उसके दोनों पुत्रों की 3 मोटर साइकिलें, कूलर, पंखा, अलमीरा, सिलाई मशीन, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, टेलीविजन और दोनों पुत्रों की शादी में मिला पूरा दान दहेज के अलावा 20 कुन्तल गेंहू, जेबरात नष्ट हो गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 324 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची का हुआ वाचन

**● जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई(जालौन)**- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में 31 जनवरी को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को अपने नाम, विवरण एवं संभावित त्रुटियों के सुधार के प्रति जागरूक करना रहा। मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, इस मौके पर मतदातागण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। मौके पर ही मतदाताओं की सुविधा हेतु फॉर्म-6 (नया पंजीकरण), फॉर्म-7 (नाम विलोपन) एवं फॉर्म-8 (संशोधन) उपलब्ध कराए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने टाउन हॉल उरई, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नया पटेल नगर उरई, नगर पालिका परिषद उरई, शालिग्राम पाठक इंटर कॉलेज कोंच तथा कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज कोंच सहित विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमला नेहरू बूथ पर बीएलओ द्वारा फार्म संख्या 6 की अनुपलब्धता की बात कही गई, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने तत्काल ही फॉर्म उपलब्ध कराए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं अद्यतनता सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने नाम की जांच अवश्य करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से समय रहते सुधार कराएं, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रहे। इस दौरान एसडीएम, न्यायिक मजिस्ट्रेट, नायब तहसीलदार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# परक्यूटीनियस फिक्सेशन से बिना टांके के जोड़ दी टूटी कलाई

**●डा.आकाश खैरा ने किया स्कॉफाइड बोन का सफल जटिल ऑपरेशन**

**तत्काल ऑपरेशन ने दिलाई लम्बे प्लास्टर या टांकों से निजात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिले के चिकित्सा इतिहास में अब अत्यंत जटिल टांका रहित सर्जरी भी होने लगी है। एक ऐसा सफल ऑपरेशन किया गया है जिसकी कल्पना भी ललितपुर में किया जाना संभव नहीं था। यह कमाल कर दिखाया है वरिष्ठ आर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा ने। उन्होंने इसे अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। ललितपुर मुख्यालय के रहने वाले नीरज सिरोठिया उम्र 47 वर्ष पुत्र केशवदास के बाएं हाथ की कलाई की स्कॉफाइड बोन टूट गयी थी। मरीज को कलाई चलाने में भारी तकलीफ हो रही थी। मरीज ने कई जगह पड़ताल की, तो उसे बताया गया कि कम से कम तीन माह का प्लास्टर लगाना होगा और उसके बाद एक माह की फिजियोथेरेपी के बाद ही कुछ सामान्य स्थिति आ सकेगी। बाद में मरीज ने आकर वरिष्ठ अस्थि एवं जोड़ रोग सर्जन डा.आकाश खैरा से नवजीवन क्लीनिक पर आकर परीक्षण कराया। मरीज की मंशा थी कि उसे तत्काल ठीक कर दिया जाये। आखिर डॉ.खैरा ने उसके लिये जटिल ऑपरेशन परक्यूटीनियस फिक्सेशन करने का निर्णय लिया। यह ऑपरेशन ललितपुर में अब तक नहीं किया जा सका था। उन्होंने मरीज को ऋषिराज अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी और अपनी चिकित्सा टीम के साथ उसका बिना टांका लगाये सफल ऑपरेशन कर दिया। कुछ ही घंटे में मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। इस ऑपरेशन के दौरान सहयोग करने में निश्चेतना विशेषज्ञ डा.खेमचन्द्र वर्मा, अस्पताल मैनेजर ओमकरन सिंह गौर, रोहित राजपूत, विशाल कुशवाहा, सौरभ, वैशाली राजा आदि का सहयोग रहा।

**भविष्य की समस्याओं से दिलाई निजात**

डा.आकाश खैरा ने बताया कि समय पर सही इलाज न होने से भविष्य में इस मरीज को कलाई में जकडन, दर्द, गठिया और हाथ की पकड़ कमजोर होने का खतरा था। जो ऑपरेशन किया गया है, उसमें बड़ा चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं होती। दर्द न के बराबर होता है। कोई रक्तस्राव नहीं होता। संक्रमण का खतरा न्यूनतम होता है। मरीज जल्द ठीक हो जाता है और बहुत जल्द सामान्य कामकाज कर सकता है। इस मरीज को इस ऑपरेशन में टाँका या प्लास्टर लगाने भी जरूरत नहीं पड़ी है।

**इनका कहना है**- मेरे पति की कलाई की हड्डी टूटने से बहुत चिन्ता हो गयी थी। अब उनका ऐसा सफल ऑपरेशन हो गया है कि उन्हें लम्बे प्लास्टर और दर्द से तत्काल निजात मिल गयी है। वे रोजमर्रा के सारे काम सामान्य रूप से करने लगे है। डा.आकाश खैरा का बहुत बहुत साधुवाद करती हूँ। नीतू सिरौठिया, धर्मपत्नी नीरज सीरौठिया।

# श्रीसत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ का ललितपुर जनपद में हुआ भव्य आगमन

**●ऐतिहासिक नगरी तालबेहट में गूंजे भजन, वातावरण हुआ भक्तिमय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** श्री सत्य साई बाबा के सार्वभौमिक संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने वाली श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का शनिवार सायं ललितपुर नगर में भव्य एवं दिव्य आगमन हुआ। रथ के नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा भजन-कीर्तन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा समिति ललितपुर जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि श्री सत्य साई बाबा ने अपने जीवन के माध्यम से प्रेम, करुणा, निःस्वार्थ सेवा और मानवता की एकता का संदेश दिया। प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा बाबा के इसी सार्वभौमिक दर्शन को लेकर देशभर में भ्रमण कर रही है और समाज को सेवा व सद्भाव के मार्ग पर अग्रसर कर रही है। रथ आगमन के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा भजन, नाम स्मरण एवं सत्संग का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कड़ेसरा कला में राजपाल सिंह बुन्देला के घर पर यात्रा का स्वागत हुआ। तालबेहट में महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज में बाबा का स्वागत एवं पूजन हुआ। तालबेहट में श्रीमति मुक्त सोनी, विजय किशोर सोनी प्रवेश श्रीवास्तव आदि ने स्वागत एवं आरती की। परमार्थ समाज सेवी संस्थान ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बम्हौरी सर, तेरई फाटक पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं साई भक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समिति द्वारा जानकारी दी गई कि रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री सत्य साई सेवा समिति, जनपद ललितपुर द्वारा किया गया। समिति ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में सहभागिता कर प्रेम, शांति और सेवा के संदेश को आत्मसात करें। रथ यात्रा के आगमन अवसर पर संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, शरद खैरा, हाकिम सिंह, स्वामी अनुराग अमर, डॉ. जगवीर सिंह, रमन शर्मा लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, वसीम खजुरिया, राघवेंद्र सिंह खोखरा, वृषभान सिंह रमन शर्मा रमेश श्रीवास्तव, सुरेश त्रिपाठी, मुकुल शर्मा, रामखेलावन यादव, सुरेश यादव, मोहन यादव, हरि सिंह यादव, नारायण सिंह यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 28 जनवरी को रात करीब 10 बजे उसकी पुत्री घर में नहीं थी। उसने पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। ग्रामीणों से जानकारी करने पर भी जानकारी नहीं मिली। पीड़ित ने बताया कि मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना पिछोर के ग्राम देव खेड़ा निवासी गोलू पुत्र खुमान अहिरवार का उसके घर आना जाना रहता था और वह ही उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखे जेवरात भी साथ में ले गयी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गोलू अहिरवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# संक्षिप्त खबरें

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक बढ़ी

**प्रतापगढ़।** सहायक श्रम आयुक्त सुविज्ञ सिंह ने बताया है कि अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरांव प्रयागराज की प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की पूर्व में अन्तिम तिथि 31जनवरी 2026 निर्धारित की गयी थी, जिसे संशोधित करते हुये आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों (जो 30 नवंबर 2025 को कम से कम 03 वर्ष की सदस्यता पूर्ण कर चुके है) के बच्चे, कोरोना काल में निराश्रित हुये बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के बच्चे प्रवेश हेतु पात्र है। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्रों का वितरण जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उपायुक्त मनरेगा कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय एवं तहसील स्तरीय श्रम कार्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है। अटल आवासीय विद्यालय सीबीएसई से सम्बद्ध सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त सह-शैक्षिक आवासीय विद्यालय है जिसमें गुणवत्तापूरक शिक्षा, डिजिटल बोर्ड/स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, स्टेशनरी, स्कूल, ड्रेस, भोजन तथा बालक एवं बालिकाओं के लिये पृथक-पृथक छात्रावास की निःशुल्क व्यवस्था है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन

**रुद्रपुर, देवरिया।** स्थानीय इंदिरा पब्लिक स्कूल नारायणपुर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बच्चों में कला के प्रति रुचि जगाने और उनके रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी अद्वितीय कलाकृतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार एवम प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया और उनकी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस पहल के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया और उन्हें कला के क्षेत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर से आये राजभाषा प्रबंधक मोहम्मद शकील अहमद ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से न केवल बच्चों की कला कौशल में सुधार होता है, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और समाज के प्रति जागरूकता भी मिलती है। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर से राजभाषा प्रबंधक मोहम्मद शकील अहमद, मधुरेंद्र कुमार पाण्डेय शाखा प्रबंधक रुद्रपुर, प्रबंधक शिवानंद विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य रामेश्वर विश्वकर्मा, कार्यालय प्रभारी दिनेश प्रकाश विश्वकर्मा मोनू, मानवेंद्र, मिथिलेश साहनी, निशा सिंह, समीक्षा पांडे, रागिनी राव, निशा यादव, नंदिनी गिरी, कृतिका सिंह, वंदना सिंह, उत्तम राव, सत्यम यादव, शिवम् यादव आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन




**सिद्धार्थनगर-** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, गोरक्ष प्रान्त के तत्वावधान में आदर्श लघु माद्यमिक विद्यालय बर्डपुर में पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रान्त पर्यावरण प्रमुख वीरेंद्र रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा वर्तमान समय मे पर्यावरण जागरूकता के सन्दर्भ में जल संरक्षण , पेड़ पौधो के महत्व एवं वर्तमान में पालीथीन से होने वाली हानि को बताया गया । उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। हवा, पानी, पेड़-पौधे, नदियाँ, पहाड़ और जीव-जंतु—ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। यदि पर्यावरण सुरक्षित है, तो हमारा भविष्य सुरक्षित है।विद्यालय के प्रबंधक नितेश पांडेय ने पर्यावरण विषय पर अपने विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन अभिषेक पाण्डेय ने किया । इस अवसर पर सौरभ त्रिपाठी , अभिषेक पाण्डेय एवं अनेक छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# अलंकार अग्निहोत्री के कानपुर आगमन पर सामाजिक संगठनों ने किया जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** हिन्दू रक्षा दल के कानपुर नगर प्रभारी नकुल अवस्थी व अन्य सामाजिक संगठनों के नेतृत्व में मंगलवार को यूजीसी मुद्दे पर नौकरी से इस्तीफा देने वाले अलंकार अग्निहोत्री के घर पहुँचकर उन्हें भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अग्निहोत्री के समर्थन में उन्होंने हौसला बढ़ाया तथा उनके परिवार को आश्वासन दिया कि वे हर परिस्थिति में उनके साथ हैं। कार्यक्रम में हिन्दू रक्षा दल, नारी जागृति मंच, अखिल भारतीय ब्राह्मण संगठन सहित अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अग्निहोत्री की व उनकी मां की सत्कारपूर्वक स्वागत किया। सभी ने यह भी दृढ़ संदेश दिया कि स्वर्ण समाज के प्रत्येक व्यक्ति और शुभचिंतक अग्निहोत्री के संघर्ष में उनके साथ खड़े हैं। पनकी मंदिर परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं एडवोकेट पूजा दुबे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी एक्ट पर दिए गए रोक (स्टे) के मद्देनजर संगठन ने सर्वोच्च न्यायालय के सम्मान और गरिमा के प्रति पूर्ण संवेदना रखते हुए सभी आंदोलन को सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी न्यायिक आदेश का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। सभा में सीमा त्रिपाठी (अध्यक्ष, नारी जागृति मंच), हरी त्रिपाठी (अध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण संगठन), मनीषा मिश्रा (महामंत्री, नारी जागृति मंच) और संजय द्विवेदी (कानपुर नगर प्रभारी, हिंदू रक्षा दल) सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं ने मिलकर यह विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी हर सही कदम के लिए वे अग्निहोत्री के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।

## दूधिया की सड़क हादसे में मौत,दूध बेच कर घर वापस आ रहे थे



**घाटमपुर।** घाटमपुर सर्किल क्षेत्र के रेउना थाना क्षेत्र में बीतीं रात एक सड़क हादसे में दूधिया नरेश यादव 32 वर्ष की मौत हो गई है,,वह लालकी पुरवा गढोला मऊ गांव के निवासी थे, पुलिस के अनुसार नरेश यादव अपनी बाइक से दूध बेच कर घर लौट रहे थे,तभी शाखा जनवारा, गांव के पास एक तेज़ रफ़्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नरेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़ कर मौके से भाग निकला, स्थानीय लोगों की सूचना पर पीआरवी 112 टीम मौके पर पहुंची,, और घायल को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद नरेश यादव को म्रत घोषित कर दिया, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पुलिस ने बताया कि फरार डंपर चालक की तलाश जारी है।

# यातायात सुरक्षा जागरूकता को लेकर जुहारी देवी की छात्राओं ने निकाली रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दिनांक 31.01.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार की उपस्थिति में जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में डीसीपी ट्रैफिक द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व , यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सुरक्षित गति से वाहन चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गयी। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें । कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसके माध्यम से यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाले दुष्परिणामों को दर्शाया गया तथा आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया । कार्यक्रम के अंत में पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया गया । रैली के माध्यम से छात्राओं एवं पुलिस कर्मियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नारों के जरिए आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया । कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा युवाओं में जिम्मेदार यातायात व्यवहार विकसित करना रहा, जिसमें सभी उपस्थितजनों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ । कार्यक्रम के दौरान कॉलेज का समस्त स्टाफ, छात्राएँ तथा टीआई लाइन उपस्थित रहे ।

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि विज्ञान केंद्र सोहना का किया दौरा, किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने की दी सलाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को जिले के कृषि विज्ञान केंद्र सोहना का निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि मंत्री ने केंद्र में संचालित विभिन्न योजनाओं, शोध कार्यो एवं किसानों के लिए चल रही प्रमुख गतिविधियों का बारीकी से जायजा लिया और किसानों व अधिकारियों से संवाद किया। निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन कृषि तकनीक, उन्नत बीज एवं आधुनिक खेती की जानकारी किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए, ताकि किसान वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने कहा कि कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वास्तविक उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है। मंत्री शाही ने कहा कि केंद्र द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्रों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा किसानों को इन सेवाओं की पूरी जानकारी दी जाए, जिससे वे अपने खेतों में वैज्ञानिक पद्धतियों का अधिकतम उपयोग कर सकें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शोध परिणामों का सीधा लाभ स्थानीय किसानों तक पहुंचे।

निरीक्षण के क्रम में कृषि मंत्री ने सबसे पहले खरैला स्थित कृषि प्रक्षेत्र का अवलोकन किया, जहां उन्होंने गेहूं की फसल, मछली पालन एवं मखाना उत्पादन से संबंधित चल रही परियोजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने जनपद में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सिद्धार्थनगर जिला मछली उत्पादन में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है, ऐसे में किसानों को प्रक्षेत्र पर नियमित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इसके बाद मंत्री केंद्र परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रयोगशाला, प्रशिक्षण कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों को भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डॉ. के.एम. सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के प्रभारी अधिकारी इं. अशोक कुमार पांडे, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. शेषनारायण सिंह, डॉ. सर्वजीत, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा, डॉ. मारकंडेय सिंह, नीलम सिंह, जयप्रकाश द्विवेदी, विजय यादव सहित अन्य वैज्ञानिक एवं कर्मचारी एवं प्रगतिशील किसान सेतु राम मौर्य, राजकुमार द्विवेदी, जनक चौधरी, अशोक कुमार त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत बूथों पर आलेख्य मतदाता सूची पढ़ी गयी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत आलेख्य मतदाता सूची प्रकाशन सभी बूथों पर किया गया। नायब तहसीलदार दिनेश चंद्र तिवारी की उपस्थिति में 248 प्रतापगढ़ के बूथ सगरा, चकबनतोड़, सराय खांडेराय आदि बूथों पर स्थानीय लोगों की उपस्थिति में आलेख्य मतदाता सूची पढ़ी गई। नायब तहसीलदार ने सभी स्थानीय लोगों से अपील करते हुये कहा कि जो भी नागरिक 18 साल के हो गए हैं वे सभी लोग फार्म 6 एवं घोषणा पत्र भरकर अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराए, यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार का संशोधन है तो उसे आवश्यक करवा लें। सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा ने कहा की सभी बीएलओ यह सुनिश्चित कर लें कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए, सभी मतदाता अपना नाम सूची में अवश्य सम्मिलित कराए। इस अवसर पर बीआरसी अरविंद, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, बीएलओ आशीष, मधु मिश्रा एवं हरिशंकर आदि उपस्थित रहे।

# राम नाम के स्मरण से मन की शांति और जीवन में सकारात्मक आती है: कनकेश्वरी देवी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर क्षेत्र के बुढऊ चौराहे पर चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के पहले दिन शुक्रवार शाम को मंगलाचरण के साथ शुभारंभ हुआ। कथा व्यास कनकेश्वरी देवी ने रामचरित मानस की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन मर्यादा, करुणा और सत्य के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके मधुर कंठ से निकले चौपाइयों और भजनों ने पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथाव्यास कनकेश्वरी देवी ने कहा कि रामचरित मानस केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। मंगलाचरण के माध्यम से उन्होंने गुरु, गणेश और सरस्वती का वंदन कर कथा का सूत्रपात किया। इसके पश्चात बालकांड की भूमिका रखते हुए भगवान श्रीराम के अवतार की कथा का सरल और प्रभावी वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि श्रीराम का चरित्र समाज को प्रेम, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। राम नाम के स्मरण से मन की शांति और जीवन में सकारात्मकता आती है। कथा स्थल पर 'जय श्रीराम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान आयोजक इंद्रजीत उपाध्याय, यजमान अमित श्रीवास्तव,विजय उपाध्याय, प्रधान मस्तराम वर्मा,अन्नू त्रिपाठी, अखिलेश श्रीवास्तव एवं यज्ञ पदाधिकारियों ने कथावाचक का स्वागत-सम्मान किया गया।

## यज्ञ की सफलता के लिए हुई बैठक

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार के प्राचीन शिव मंदिर पर शुक्रवार की देर शाम आगामी 10 फरवरी से18 फरवरी तक होने वाले श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिवमहापुराण कथा को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजक आचार्य संतोष शुक्ल ने कहा की आप सभी सनातनी बंधुओं की एकजुटता से यज्ञ की सुचारू रूपरेखा निर्धारित किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान की सफलता के लिए सभी सामर्थ्यवान नागरिक खुले मन से सहयोग करने की अपील की।

## सिद्धार्थनगर महोत्सव से ड्यूटी कर घर लौट रहे सफाई कर्मी की मार्ग दुर्घटना में मौत

**सिद्धार्थनगर ।** सिद्धार्थनगर महोत्सव से ड्यूटी कर घर लौट रहे सफाई कर्मी की शुक्रवार रात मार्ग दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग नौगढ़-बांसी मार्ग पर जोगिया के समीप पहुंच ही था कि सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवबली( 52) पुत्र लोचन ग्राम गंगवल थाना कोतवाली जोगिया क्षेत्र निवासी के रूप में हुई है। वह वर्तमान में ग्राम नादेपार में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। शिवबली शुक्रवार देर रात बजे सिद्धार्थनगर महोत्सव में ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर गंगवल जा रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष मीरा चौहान का कहना है पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कानपुर में मिली वैशाली बिहार के साबिर की रक्त रंजित लाश : हत्या की आशंका, जांच शुरू

● - बिहार से आकर टेनरी में मजदूरी कर परिवार का पेट पाल रहा था साबिर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यहां आज शनिवार की सुबह जाजमऊ गंगापुल पर मिली टेनरीकर्मी की रक्तरंजित लाश ने हड़कंप मचा दिया। उसकी हत्या किए जाने की भी प्रबल आशंका व्यक्त की गई है, जिस पर सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शाबिर का शव गंगापुल के पैदल ट्रैक पर मिला। उनके सिर में गहरे घाव के निशान थे। घटनास्थल से लगभग 4 मीटर दूर रेलिंग और डिवाइडर पर खून के छींटे भी मिले हैं, जिससे पुलिस को हत्या कर शव को यहां फेंके जाने की आशंका है। पुलिस के अनुसार मृतक मोहम्मद शाबिर (38) मूल रूप से वैशाली, बिहार के रहने वाले थे वह वर्तमान में उन्नाव के थाना गंगाघाट स्थित अखलाक नगर में किराए के मकान में अपनी पत्नी मुन्नी (32) और चार बच्चों- सुहैल (14), आलिया (9), यास्मीन (7) और अफसाना (3) के साथ रहते थे और जाजमऊ स्थित एक जूता फैक्ट्री में मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पाल रहे थे। उनके बड़े भाई मोहम्मद आबिद ने बताया कि बीती रात करीब 8 बजे उनकी शाबिर से बात हुई थी। आज शनिवार सुबह उनके एक मित्र ने उन्हें सूचना दी कि शाबिर गंगापुल पर लहूलुहान अवस्था में पड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

# खेल अनुशासन एवं नेतृत्व कौशल के विकास के लिए आवश्यक - डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर कानपुर ।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव 'स्पोर्ट्स फिएस्टा 3.0' का आयोजन हर्षोल्लास, ऊर्जा एवं अनुशासित खेल भावना के साथ किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कौशिक भर, डीजीएम (एचआर), एनयूपीपीएल एवं डॉ. के. पी. बीनू, एसीएम (एचआर), एनयूपीपीएल उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल प्रज्वलन, ध्वजारोहण एवं मार्च-पास्ट के साथ हुआ।खेल प्रतियोगिताओं से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत योगा परफॉर्मेंस एवं ड्रिल प्रदर्शन ने दर्शकों की भरपूर सराहना बटोरी ।विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं खेल भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

डीजीएम (एचआर), एनयूपीपीएल ने अपने संबोधन में कहा– 'खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण सिखाते हैं। ' एसीएम (एचआर), एनयूपीपीएल ने कहा– 'खेल विद्यार्थियों में आत्मअनुशासन, सहयोग और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। ' खेल महोत्सव के दौरान रोलिंग द बॉल, हुला-हूप रेस, 50 मीटर स्प्रिंट, जिग-जैग हर्डल रेस, थ्री-लेग रेस, 100 मीटर दौड़, कैटरपिलर वॉक, हूप्स पासिंग एवं 4म100 मीटर रिले सहित लगभग 60 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 200 से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा 'खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं।' उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं स्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ।

## साईबर पुलिस ने अंतर्जनपदीय साईबर ठग को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** साईबर अपराध के नये नये तरीकों का इजात कर ठगों द्वारा तरह-तरह के हथकंडों को सहारा लेकर ऑन लाइन डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।साईबर थाना प्रतापगढ़ प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सिंह व इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद यादव समेत उनकी टीम कांस्टेबल सत्येंद्र यादव हर्षदीप सिंह चालक आरक्षी ज्वाला सिंह को बढ़ी कामयाबी मिली है। अंतर्जनपदीय साईबर ठग पंकज कुमार अग्रहरि पुत्र स्व. कमल अग्रहरि निवासी मंगल बाजार कस्बा व थाना बासी जनपद सिद्धार्थनगर हालिया पता प्लाट नम्बर 68,69 सीतापुर रोड निकट त्रिकाल फैक्ट्री प्रभात पुरम निराला नगर लखनऊ को मुखबिर खास की सूचना व तकनीकी सहायता से साईबर ठग की ससुराल जनपद जौनपुर के कोतवाली नगर क्षेत्र वाजिदपुर के पास से गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से एक मोबाइल फोन दो सिम कार्ड चार डेबिट कार्ड दो पैन कार्ड बरामद किया गया है।इसके पहले भी साईबर सेल पुलिस ने शिवम तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश तिवारी निवासी सगरा पूरे ओझा कोतवाली नगर प्रतापगढ़ व अनुराग शुक्ला पुत्र राजेन्द्र शुक्ला निवासी शुकुलपुर दहिलामऊ कोतवाली नगर और अंकित पाल पुत्र प्रभाकर पाल निवासी भंगवा चुंगी कोतवाली नगर प्रतापगढ़ को जिला कारागार भेज चुकी है।जबकि अभी इस साईबर गिरोह के अन्य ठग अन्य प्रदेश व शहर में मटरगश्ती कर रहे हैं।आरोपी पंकज कुमार अग्रहरि ने गिरोह में शामिल आलम बाग लखनऊ के आशीष श्रीवास्तव,बिहार पटना निवासी राजेश कुमार, शकील उर्फ रॉकी निवासी गुवाहाटी असम,सूरज यादव पुत्र रामफेर यादव निवासी खम्हरिया गंगाराम पोस्ट मझौवा बाबू हरैया जनपद बस्ती आदि शामिल हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

## शिक्षामित्रों को जनगणना में प्रगणक में लगाए ड्यूटी

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र बेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित एसडीएम भूपेंद्र यादव को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जिले के अधिकांश शिक्षामित्र बीएलओ की ड्यूटी में विगत 20 वर्षो से काम करते आ रहे हैं। विगत 2011 की जनगणना में कुछ ही शिक्षामित्रों की ड्यूटी लगाई गई थी। शिक्षामित्र सरकारी अन्य जैसे पोलियो ड्यूटी बाल गणना ड्यूटी एवं स्वस्थ विभाग साक्षरता आदि सभी कार्यो में अल्प मानदेय में ड्यूटी करता है, लेकिन जहां पर सम्मानजनक मानदेय मिलता है। वहां अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी जाती हैं। अतएव जिला प्रशासन से आह्वान किया है कि जिले के सभी तहसील ललितपुर, महरौनी, मड़ावरा, पाली में कार्यरत शिक्षामित्रों की ड्यूटी भारत की जनगणना 2026 की प्रगणक के पद पर ड्यूटी लगवाने हेतु आदेशित करने की मांग उठायी।

# सारथी भवन में शपथ के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.01.2021 तक जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 31.01.2026 को सम्भागीय परिवहन कार्यालय, कानपुर के सारथी भवन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का समापन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि सरोज कुरील, विधायिका, घाटमपुर, कानपुर नगर द्वारा उक्त कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम में राहुल श्रीवास्तव, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कानपुर, पुलिस विभाग से आई.पी. सिंह, ए.सी.पी., कानपुर नगर, कहकशां खातून, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कानपुर नगर, प्रीती शर्मा, जिला होमगार्ड कमान्डेंट, कानपुर नगर, सुभाष यादव, सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, कानपुर नगर, दिनेश कुमार, यात्री /मालकर अधिकारी, दीपक सिंह, यात्री /मालकर अधिकारी, कानपुर नगर एवं परिवहन विभाग के समस्त अधिकारियों /कर्मचारियों के साथ-साथ नोड्ल सड़क सुरक्षा, उच्च शिक्षा कानपुर, नोडल माध्यमिक शिक्षा एवं नोडल, बेसिक शिक्षा, कानपुर नगर उपस्थित रहे । इसके अतिरिक्त बस / ट्रक / ऑटो एवं ई-रिक्शा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे । उक्त के सन्दर्भ में आज सभी वक्ताओं ने सड़क दुर्घटनाओं से सम्बन्धित छोटे-छोटे प्रयासों से आमजन नागरिकों को जागरूक करने के संदेश दिये एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक होने का संदेश देते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य रूप से पहनने के लिए कहा गया । आज के कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से संबंधित भाषण, पोस्टर, रील एवं क्विज प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के छात्र छात्राओं को प्रमाण-पत्र, शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।

# कैंट व महराजपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ डे पर डीएम का औचक निरीक्षण पात्र मतदाता न छूटने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए शनिवार 31 जनवरी को जनपद के सभी 3770 बूथों पर बूथ डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कैंट एवं महराजपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के श्री नागर जी विद्यालय इंटर कॉलेज, कृष्णा नगर में स्थित बूथ संख्या 87 से 90 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ और उपस्थित नागरिकों से संवाद किया। केंद्र पर सभी चार बीएलओ उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्राप्त सभी आवेदनों को सावधानीपूर्वक, पूर्ण और त्रुटिरहित भरा जाए। साथ ही अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय को निर्देशित किया कि केंद्र पर फॉर्म-6 की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी सुपरवाइजर और बीएलओ प्राप्त होने वाले प्रत्येक फॉर्म की नियमित समीक्षा करें और हर आवेदन की व्यक्तिगत निगरानी के साथ प्रक्रिया पूरी कराएं।

इसके बाद जिलाधिकारी ने महराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सेंट मैरी ऑर्थोडॉक्स स्कूल में स्थित बूथ संख्या 34, 35 एवं 36 का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी नया पात्र मतदाता छूटने न पाए और प्रत्येक फॉर्म का सत्यापन स्वयं करने के बाद ही उसे पोर्टल पर दर्ज किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम समय रहते अवश्य जांच लें। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम सूची में नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर 6 फरवरी तक नए मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 280 हितग्राहियों को चेक वितरित किए और मुख्यमंत्री जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं



**श्रीभूमिः** रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष से वित्तीय सहायता के रूप में रामकृष्ण नगर में अपने आवास पर 280 मरीजों और छात्रों को चेक



सौंपे। चेक वितरण समारोह में शनिवार 31 जनवरी को एक संक्षिप्त समारोह के माध्यम से भाजपा अधिकारियों और क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। चेक प्राप्त करने वाले मरीजों ने असहाय परिवार के सदस्यों के बीच वर्तमान मुख्यमंत्री के सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। विधायक बिजय मालाकार ने कहा कि राज्य में एकमात्र भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के राज्य के विकास कार्यों सहित असहाय लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भविष्य में असहाय लोगों की मदद बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा सभा स्थल से कल मुख्यमंत्री के जन्मदिन की बधाई भी दि। मरीजों सहित स्थानीय लोग इस पहल के लिए लोकप्रिय मुख्यमंत्री और विधायक की सराहना किया।

### संत रविदास जयन्ती 01 फरवरी को नहीं होगा मतदाता अभियान

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि जनपद में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत एक फरवरी को आयोजित होने वाला विशेष मतदाता अभियान नहीं चलेगा। संत रविदास जयन्ती पड़ने के कारण अब इस दिन अभियान को निरस्त कर दिया गया है।

### मजार के पास दो किलो गांजा के साथ एक आरोपी हुआ गिरफ्तार



**हमीरपुरः-** कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर और कुरारा गांव के बीच बनी सैय्यद बाबा मजार के पास पुलिस ने दो किलो सौ ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर कुरारा थाना में तैनात उपनिरीक्षक शिव बहादुर अपने दलबल के साथ घेराबंदी कर पवन कुमार निवासी झलोखर थाना कुरारा को गिरफ्तार किया ,जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास दो किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ।बताया कि आरोपी संदिग्ध हालत में किसे वाहन के इंतजार में खड़ा था।आरोपी के खिलाफ सम्बन्धित धारा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया।

### नमामि गंगे योजना हवाहवाई, टोंटियां गायब, पानी हो रहा बर्बाद



**हमीरपुरः-** नमामि गंगे योजना का पूरे सुमेरपुर ब्लॉक में बुरा हाल है। ज्यादातर घरों के अंदर पानी नहीं पहुंच रहा है। टोटियां नदारत होने से लाखों लीटर पानी रास्तों में बह रहा है। लीकेज ग्रामीणों के लिए सर दर्द बनकर रह गए हैं। शिकायतों के बाद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। नमामि गंगे परियोजना का ब्लॉक की पंचायतों में बुरा हाल है। किसी भी पंचायत में आज तक सौ फीसदी जलापूर्ति नहीं हो सकी है। ज्यादातर गलियां खुदी पड़ी है। लीकेज ठीक करने के लिए खोदे गए गड्ढों को नहीं भरा गया। घरों को दिए गए कनेक्शन में टोटियां नहीं लगाई गई है। किसी भी घर में अंदर तक पानी नहीं जा रहा है।टोटियां गायब होने से लाखों लीटर पानी रास्तों में बह रहा है। इससे रास्ता खराब हो रहे हैं। शनिवार को ब्लॉक की ग्राम पंचायत विदोखर मेदनी, विदोखर पुरई, इंगोहटा, चंदपुरवा बुजुर्ग, पंधरी, अतरैया डंडा, पौथिया आदि गांवों में की गई। पड़ताल में यह सच सामने आया। नमामि गंगे के कार्य से ब्लॉक का कोई प्रधान संतुष्ट नहीं मिला। बातचीत का सिलसिला शुरू होते ही प्रधानों ने शिकायतों की पोटली खोल दी।कहा कि शिकायतों के बाद इस योजना से जुड़े अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं।

## संयुक्त बोड़ो गण मंच का 12वां वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन BTC चीफ हग्रामा मोहिलरी और मंत्री जयंतमल्ला बरुआ हुए शामिल

### ● बोड़ो कल्याण वेलफेयर ऑटोनॉमस काउंसिल के पूर्णता देने कि मांग। क्क्जक्रके बाहर तीन विधानसभा चुनावी क्षेत्र में टिकट की मांग।






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी।** असम के भूमिपुत्र बोरो लोगों के एक ताकतवर संगठन, संयुक्त बड़ो गण मंच का 12वां वार्षिक अधिवेशन धेमाजी जिले की सिमेन छापरी एस बी बोडो विद्यालय के खेल मैदान पर तीन दिवसीय विशाल कार्यक्रमो का साथ आयोजन किया गया है। गत काल असम विधान सभा के अध्यक्ष बिस्वजीत दोईमारी ने भाग लेकर अधिवेशन का प्रतिनिधि सभा का शुभारंभ किया और बोडो समाज के समस्याओं पर महत्व देकर अपनी भाषण दी।

आज दूसरे दिन संगठन का झंडा फहराने के बाद बोडो समुदाय के लोकसंगीत, नृत्य प्रदर्शन के साथ दोपहर के आम सभा का शुरुआत किया गया। बोडो गण मंच के अध्यक्ष मनोरंजन बसुमातरी के अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख अथिति के रूप में बि टी सी चीफ हाग्रामा महिलारी एवं असम सरकार के कैबिनेट मंत्री जयंत मल्ल बरुआ ने भाग लिया। अनुष्ठान में बोडो भाषा के एक ग्रंथ मंत्री के करकमलों में विमोचन किया गया। उन्होंने अपनी भाषण में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने की जिक्र किया एवं बागरम्भा दोहों नृत्य को विश्व में प्रतिष्ठा के लिए सरकार ने प्रयास किया।सरकार बोडो लोगों की समस्या समाधान के लिए कार्य कर रही है।

BTC चीफ हग्रामा मोहिलरी में अपनी अंदाज में लोगों के बीच जाकर बोडो भाषा में अपनी भाषण दी। उन्होंने BTC से बाहर रहने वाले बोडो लोगों की कमी के लिए प्रमोद बोडो को दोषी ठहराया।ABSU और NDFB बोरो समझौते पर साइन करने वाले थे। उन्होंने कहा कि बोरो कछारी वेलफेयर ऑटोनॉमस काउंसिल को भी ज़रूरी फंड देकर चालू किया जाना चाहिए। सभा में संयुक्त बोडो गण मंच के अध्यक्ष मनोरंजन बसुमतारी, ने कहा कि आने वाले 2026 के विधान सभा सुनवा में BTR के बहार 18 चुनावी क्षेत्र में बोडो लोगों ने चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं इसीलिए हमें तीन बोरो- बहुल चुनाव क्षेत्रों में उम्मीदवार खड़े करने की मांग के साथ राज्य सभा में भी एक प्रतिनिधि देने कि मांग की भाजपा सरकार से। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आने वाले चुनावों से पहले BKWAC की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करना होगा।

## बलिया में 227 जोड़ों का सामूहिक विवाह, परिवहन मंत्री बोले- अब ये बेटियां सरकार की जिम्मेदारी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जनपद के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कुल 227 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इनमें 225 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज से सात फेरे लिए, जबकि दो मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह रहे। उन्होंने भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान माना गया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के कमजोर वर्ग की बेटियों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान कर रही है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि पहले इस योजना के अंतर्गत 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती थी, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है, ताकि बेटियों के विवाह में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि अब ये बेटियां केवल अपने माता-पिता की नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी बेटियां हैं।

मंत्री दयाशंकर सिंह ने वर पक्ष से अपील की कि वे बेटियों को लक्ष्मी मानकर उनका सम्मान करें, क्योंकि जहां लक्ष्मी का वास होता है, वहां सुख-समृद्धि स्वतः आती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज गरीबों के घरों में शौचालय, बिजली, राशन और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

उन्होंने प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था और प्रत्येक जिले को उसकी विशिष्ट पहचान दिलाने के सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। मंत्री ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सरकार द्वारा नवविवाहित जोड़ों को दी जा रही धनराशि और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मंत्री ने जिला प्रशासन और पूरी आयोजक टीम को बधाई दी। अंत में सभी नवदंपतियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

## सुमेरपुर काण्ड के आरोपी का व्यवसायिक भवन जमींदोज

**हमीरपुरः-** बीते दिनों सुमेरपुर में लवजिहाद, गैंगरेप व धर्मांतरण के दबाव के मामले में प्रशासन ने कार्यवाही करना शुरू कर दिया है।शनिवार को आरोपी भूमाफिया के गल्ला मंडी के बगल में बने व्यवसायिक भवन के नाले पर बुलडोजर चलाया गया। इससे जल भराव की समस्या से जूझ रही गल्ला मंडी को निजात मिलने की उम्मीद हो गई है। कस्बे हुए लवजिहाद आरोपी मौलाना ने गल्ला मंडी के बगल में स्थित व्यवसायिक भवन में गल्ला मंडी के नाले से ऊंचा नाला बना दिया था। जिससे गल्ला मंडी में बारिश का पानी भर जाता था।जिससे गल्ला व्यापारियों सहित किसानों का अच्छा नुकसान होता था। इसके लिए मंडी सचिव लगातार प्रशासन को पत्राचार करते रहे है। लेकिन आरोपी मौलाना खान के रसूख के चलते इस नाले को गिराने की किसी ने हिम्मत नहीं जुटाई थी। लेकिन लवजिहाद,गैंगरेप एवं धर्मांतरण के आरोपी बनाएं जाने पर प्रशासन की अब नींद टूटी है।शनिवार को प्रशासन ने दिनभर रणनीति बनाने के बाद शाम करीब पांच बजे नगर पंचायत का बुलडोजर मंगवा कर आरोपी के भवन के आगे बनाए गए नाले को तोड़ा। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा आगे क्या कार्यवाही की जाएगी इसकी भी नगर में चर्चा होती रही। कार्यवाही के दौरान कस्बे की गल्ला मंडी में एसडीएम सदर केडी शर्मा, सीओ सदर राजेश कमल, अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य, राजस्व लेखपाल अशोक कुमार सहित पंचायत नगर पंचायत के कर्मी फावड़ा,गैंती आदि लेकर डटे रहे।

## चुनावी ड्यूटी में लापरवाही पर गिरी गाजः बूथ से नदारद बीएलओ पर एसडीएम के कड़े तेवर, कार्यवाही के निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। शनिवार को सरीला कस्बे के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित मतदाता पुनरीक्षण कैंप से गायब वार्ड नंबर 4 के बीएलओ (BLO) शीलेंद्र कुमार के विरुद्ध एसडीएम ने कड़ी कार्यवाही के आदेश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार, शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज में एसआईआर (SIR) सर्वेक्षण और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया था। इस दौरान वार्ड नंबर 04 (हटवारा) के दर्जनों मतदाता अपने नाम दर्ज कराने पहुंचे, लेकिन संबंधित बूथ पर बीएलओ मौजूद नहीं थे।

मतदाता हेमंत कुमार गुप्ता ने जब बीएलओ को फोन किया, तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे आक्रोशित मतदाताओं ने तत्काल इसकी सूचना जिलाधिकारी घनश्याम मीना और एसडीएम सरीला बलराम गुप्ता को दी। शिकायत मिलते ही एसडीएम बलराम गुप्ता, नायब तहसीलदार और सदर लेखपाल के साथ तत्काल मतदान केंद्र पहुंचे। एसडीएम ने वहां मौजूद मतदाताओं को समझाया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर ही बीएलओ सुपरवाइजर हरिराम को आदेश दिया कि ड्यूटी से अनुपस्थित बीएलओ शीलेंद्र कुमार की लापरवाही की विस्तृत रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजी जाए।

एसडीएम के निर्देश पर तहसील सदर लेखपाल जयराम कुशवाहा ने मतदाताओं के बयान दर्ज किए। एसडीएम बलराम गुप्ता ने दो टूक शब्दों में कहा किः 'निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य है। अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। 'एसडीएम ने बीएलओ सुपरवाइजर को खुद मोर्चा संभालते हुए मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म जमा करने और उनकी समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

## 46वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ

### ● ललितपुर के निहाल सिंह बुंदेला ने बढ़ाया जिले का मान

**महरौनी।** मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एमएएफ) के तत्वावधान में 46वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शुभारंभ 28 जनवरी 2026 को केरल की राजधानी त्रवंतपुरम स्थित ऐतिहासिक चंद्रशेखर नैय्यर स्टेडियम में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से विभिन्न आयु वर्गों के अनुभवी खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। चैंपियनशिप के 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले की महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम खिरिया लटकनजू निवासी निहाल सिंह बुंदेला (76 वर्ष) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया।

निहाल सिंह बुंदेला ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हाई जंप, लॉन्ग जंप एवं डिस्कस थ्रो जैसी कठिन एथलेटिक्स स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर अपनी फिटनेस, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का प्रभावशाली परिचय दिया। उनकी सहभागिता ने यह संदेश दिया कि उम्र केवल एक सं या है, हौसला और ज'बा हो तो हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा प्रोत्साहन प्रमाण पत्र भेंट कर स मानित किया गया। निहाल सिंह बुंदेला की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा खेल प्रेमियों और ग्रामीण जनों ने उन्हें बधाइयां दी हैं। यह चैंपियनशिप न केवल वरिष्ठ खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रही।

## जानवरों के लिए पत्तियां तोड़ रहे चरवाहे की नाले में गिरकर मौत

दुर्घटना/हादसा

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर क्षेत्र में बकरियों के लिए पत्तियां तोड़ रहे चरवाहे का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह पास के नाले में गिर गया और उसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। बांकी मार्ग की काशीराम कॉलोनी का निवासी जावेद 19 वर्ष पुत्र लतीफ खान शनिवार को करीब 11:00 बजे मां सजनियां को बताकर बकरियों को पत्तियां लाने घर से निकला था, जो कॉलोनी के सामने बहने वाले कडोरन नाले के किनारे पहुंचा और नाले के किनारे खड़े पेड़ से लग्घा से पत्तियां काटने लगा। संतुलंन बिगड़ जाने से यह नाले में गिरकर डूबने लगा नाले किनारे शौच करने गए युवक ने उसे डूबता देखकर दौड़ते हुए कॉलोनी आए और सूचना दी। सूचना पाकर मृतक की मां सजनियां बड़े बेटे साबिर के साथ मौके पर पहुंची लेकिन जब तक उसकी डूबने से मौत हो गई थी और शव पानी में उतरा रहा था।नाला की गहराई अधिक होने तथा तैरने में असमर्थ युवक नाले में डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक दो भाई एक बहन में दूसरे नंबर का था। मृतक का पिता फैक्ट्री एरिया में किसी फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। पड़ोसियों ने घटना की सूचना डायल 112 एवं थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## साउथ दिल्ली पत्रकार संघ के रजिस्टर्ड होने पर पत्रकारों का मुंह मीठा कराकर कई अहम विषयों पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर



**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली पत्रकार संघ की पांचवीं बैठक विश्वकर्मा कॉलोनी में हर्षोल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ। जिसमें भारी संख्या में पहुंच कर पत्रकार बंधुओं ने अपनी एकता का परिचय दिया। आपको बता दे रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट साउथ दिल्ली पत्रकार संघ को मिल गया है। उसकी भी खुशी थी और इस खुशी के अवसर पर लड्डू खिलाकर सभी पत्रकारों को बधाई दी गई।रजिस्ट्रेशन के बाद यह पहली बैठक थी जिसमें भारी संख्या में पत्रकार बंधु मौजूद रहे। अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षा में बैठक की शुरुवात की गई।बैठक में सभी साथियों ने अपने अपने विचार रखे, साथ ही उनके विचारों पर चर्चाएं भी हुई, और अब संगठन को और मजबूत करने के साथ साथ साउथ दिल्ली के सभी पत्रकार साथी जो अभी ग्रुप से नहीं जुड़े है उनको जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा। संगठन सभी के लिए है सभी के साथ है इसलिए जो भी साथी पत्रकार साउथ दिल्ली पत्रकार संगठन के ग्रुप से जुड़ना चाहता है वह संगठन के साथियों से मिल सकता है और अपने डॉक्यूमेंट जमा कर के संगठन का सदस्य बन सकता है।दरवाजा सभी के लिए खुला हुआ है और संगठन चाहता है कि दक्षिणी दिल्ली का हर पत्रकार इस संगठन से जुड़े। जिससे संगठन की अहमियत बढ़ेगी ओर पत्रकार का मान सम्मान भी मजबूती के साथ दक्षिणी दिल्ली में बरकरार रहेगा। साथ ही सालाना मेंबरशिप शुल्क पर भी विचार विमर्श किया गया ओर पत्रकार साथियो की हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी पर भी चर्चा की गई।आज की बैठक सार्थक रही ओर सभी के विचार विमर्श के बाद अध्यक्ष जी ने ग्रुप में चल रही खबरों के साथ उन पर भी प्रकाश डाला ओर सभी के सम्मुख कहा कि जो संगठन की कार्यकारणी 19 अगस्त को चुनी गई थी वहीं रखेगी उसमें कोई भी बदलाव नहीं होगा हा यह जरूर है कि जो संगठन की 3 बैठकों में नहीं आता ओर वह कार्यकारणी का सदस्य है फिर उसपर संगठन विचार विमर्श के बाद करवाई कर सकता है।एक सुझाव यह भी रखा गया कि कार्यकारणी में जो सदस्य समय नहीं दे पा रहे है या बैठकों में नहीं आ पा रहे है और संगठन को सूचित कर के अपना पद छोड़ सकता है और वह सिर्फ सदस्य बन के जुड़ा रहे जिससे उसका पद किसी ओर जिम्मेदार साथी को संगठन में दिया जा सके।

कई मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ ओर चर्चाओं के साथ ही दिल की बात भी निकलती है जो संगठन को मजबूती की ओर अग्रसर भी करती है।आइए ओर साउथ दिल्ली पत्रकार संगठन को दक्षिणी दिल्ली के साथ ही साथ दिल्ली का सबसे मजबूत संगठन बनाने में अपनी अपनी भागेदारी को निभाए।

## शहडोलः बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित किए जाने से आक्रोश, आजाद समाज पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल से जयसिंह नगर-** शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम सरवारी (मराठा टोला) में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से स्थानीय नागरिकों और अंबेडकरवादी संगठनों में भारी रोष व्याप्त है।

20 साल पुरानी प्रतिमा को पहुंचाया गया नुकसान आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने इस संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी (स्ष्ठरू) जयसिंहनगर को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि यह प्रतिमा पिछले लगभग 20 वर्षों से स्थापित थी और यह शहडोल जिले की प्रथम डॉ. अंबेडकर प्रतिमा होने के कारण गहरा सामाजिक और ऐतिहासिक महत्व रखती है।

आजाद समाज पार्टी ने प्रशासन से निम्नलिखित माँगें की हैंः

» घटना की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

» खंडित प्रतिमा के स्थान पर जल्द से जल्द नई प्रतिमा स्थापित कराई जाए।

» अंबेडकर स्थल से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

चेतावनीः पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा इस गंभीर विषय पर शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो अंबेडकरवादी संगठन और नागरिक धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**सुरक्षा की मांग**






मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसकी प्रतिलिपि थाना प्रभारी जयसिंहनगर को भी भेजी गई है, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार के सांप्रदायिक या सामाजिक तनाव को रोका जा सके।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कोतवाती का किया औचक निरीक्षक







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** शनिवार दोपहर पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मण्डल ने मौदहा कस्बे की कोतवाली का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, दस्तावेज और रखरखाव सहित शस्त्र जांच किए,साथ ही पुलिस कर्मियों ने सलामी दी,इस दौरान पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

शनिवार दोपहर चित्रकूट धाम मण्डल बांदा पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. ने मौदहा कोतवाली का औचक निरीक्षक किया जिसमें सबसे पहले पुलिस कर्मियों ने उन्हें सलामी दी।इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा और मिशन शक्ति तथा महिलाओ से जुडे मामलों को प्रमुखता से निपटाने की बात कही। इतना ही नहीं पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. ने महिला हेल्प डेस्क और जनसुनवाई के दौरान आने वाले फरियादियों और आगंतुकों के बैठने की जगह और व्यवस्था भी देखी। जबकि पुलिस उपमहानिरीक्षक ने रिकॉर्ड रूम, शस्त्र रूम और अभिलेखों तथा शस्त्रों के रखरखाव को भी देखा एवं कम्प्यूटर कक्ष और विवेचना कक्ष का भी गहनता से निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय, कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. ने कहा कि, कोतवाली आने वाले फरियादियों से अच्छा व्यवहार किया जाए और मिशन शक्ति या महिलाओ से जुडे मामले गंभीरता से देखे और सुने जाएं।

### एमएलए कप 2026ः राज एलेवन, ललितपुर एलेवन ने जीते अपने मैच

**ललितपुर।** तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में शनिवार को हुये मैचों तीन टीमों ने जीत हासिल की है। जिसमें पहले मैच में राज एलेवन व मिर्चवारा क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये राज एलेवन ने 12 ओवर खेलते हुये 6 विकेट खोकर 1×8 रन का लक्ष्य रखा। मिर्चवारा क्लब ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 109 रन ही बना पायी और मैच राज एलेवन के खाते में चला गया। दूसरा मैच गायधाम एलेवन व ललितपुर एलेवन के बीच खेला गया। बल्लेवाजी करते हुये गायधाम एलेवन ने 12 ओवर 6 विकेट खोकर 1×8 रन बनाये, जिसमें रोहित प्यासा के शानदार लगातार 6 छक्के शामिल रहे। ललितपुर एलेवन ने 11.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 14× रन बनाकर जीत हासिल की। हार की मु य वजह क्षेत्ररक्षण में कमजोरी रही। म य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा उपस्थित रहे। अतिथियों शकुंतला कुशवाहा, नगर अध्यक्ष भाजपा भगत राठौर, बार मंडल अध्यक्ष हरपाल सिसौदिया, बालकिशन राजपूत रहे। गेंदबाजी/ बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विक्रांत और आकिब रजा को आयोजक श्रीकांत कुशवाहा द्वारा शील्ड व नगद पुरस्कार देकर खिलाडियों को पुरूस्कार देकर स मानित किया। इस दौरान पुरूषोत्तम कुशवाहा, अनुराग कंचन, सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही हैः कृषि मंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थनगर महोत्सव 2026 के चौथे दिन शनिवार को रबी किसान मेला का आयोजन किया गया। रबी किसान मेला के अवसर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि महात्मा गौतम बुद्ध की धरती से शान्ति, अहिंसा व करूणा का संदेश देश विदेश में पहुंचा है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृतव में हमारा देश निरन्तर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था पहले 11वें पायदान पर थी आज दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। हमारा उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से बाहर निकला है। कोरोना महामारी के दौरान सभी देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई लेकिन भारत में किसानों द्वारा खेती के माध्यम से उसको बनाये रखा। सिद्धार्थनगर जनपद के किसान उन्नत तकनीकों का प्रयोग करते हुये वैज्ञानिक विधि से खेती करना चालू कर दें, तब प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प सिद्ध होगा। जनपद के कालानमक चावल को ओडीओपी में शामिल होने पर कालानमक की खेती 24000 हे0 हो गयी है। जनपद में 19 एफ0पी0ओ0 कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी को जनपद में दूसरी कामन फैसिलिटेशन सेन्टर की स्थापना के लिए शोहरतगढ़/बर्डपुर में जमीन चिन्हित कराने के लिए निर्देश दिया। जिससे यहां के किसानों को प्रोसेसिंग से लेकर पैकेजिंग तक का लाभ मिल सके।

रबी सीजन में 9.5 लाख कु0 गेंहू का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया। उसका परिणाम रहा कि उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक गेंहू उत्पादन करने वाला राज्य बन गया। मत्स्य उत्पादन में भी जनपद की हिस्सेदारी अधिक है। डबल इंजन की सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। किसानों को प्रमाणित बीज व उर्वरक समय से उपलब्ध हो सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होने किसानों से अपील किया कि केवल



धान गेंहू की खेती न करें इसके साथ ही दलहनी व तिलहनी फसलों का भी उत्पादन करें। तभी हमारा देश दलहन व तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा। रासायनिक उर्वरकों का कम प्रयोग करें जैविक उर्वरक का प्रयोग करें। 260000 किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया गया है। सभी किसानों से अपील किया कि फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें जिससे सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। जब हमारा गांव विकसित होगा तभी हमारा प्रदेश व देश विकसित होगा।